सूर्योदय 6:16 सूर्यास्त 6:03

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12 न्यू | 22.6 अधि |
| धर्मशाला | 16.6 न्यू | 28.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,207.17 |
| निफ्टी | 24,894.25 |

सोना 1,16,866 चांदी 1,42,500

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 5 अक्तूबर 2025 | 20 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 278, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### फरहान का कार्ड स्वाइप कर ड्राइवर ने की धोखाधड़ी

एजेंसी, मुंबई। बॉलीवुड एक्टर फरहान अख्तर और उनकी मां हनी ईरानी के साथ धोखाधड़ी हुई है। उन्हीं के घर में काम कर रहे ड्राइवर ने बिना जानकारी के एक्टर के कार्ड का इस्तेमाल किया है और पैसों की घपलेबाजी की। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी ड्राइवर से पूछताछ कर रही है। बांद्रा पुलिस ने बताया कि एक्टर की मां की मैनेजर दीया भाटिया ने शिकायत दर्ज कराई। मैनेजर ने आरोप लगाया कि ड्राइवर और पंप कर्मचारी ने मिलकर पैसों की घपलेबाजी की है और अब तक 12 लाख की धोखाधड़ी कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### जुबिन की पत्नी ने पुलिस को लौटाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मशहूर गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। उनकी पत्नी गरिमा ने शनिवार को पुलिस अधिकारियों को अपने पति की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट लौटा दी। उनका कहना है कि यह उनका निजी दस्तावेज नहीं है। सीआईडी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोरमी दास जब रिपोर्ट सौंपने उनके घर पहुंचे थे, तब गरिमा ने रिपोर्ट स्वीकार कर ली, लेकिन अधिकारियों के वहां से जाने के तुरंत बाद उन्होंने इसे वापस लौटा दिया। गरिमा ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि इस मामले में चल रही सीआईडी की जांच सच्चाई को सामने लाएगी। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली में अब जरूरतमंदों को ही मिलेगी आर्थिक सहायता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में अब उन जरूरतमंदों को ही आर्थिक सहायता मिलेगी, जो वाकई में उसके हकदार हैं। सूबे की रेखा सरकार ने इसके लिए एक प्रभावी और विशेष निर्णय लिया है। सरकार ने विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता पाने वाले लाभार्थियों के वार्षिक सत्यापन को मंजूरी दी है। इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में करीब 6 लाख लाभार्थियों को दी जा रही सामाजिक कल्याण योजनाओं की आर्थिक सहायता में पारदर्शिता और दक्षता को और मजबूत करना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सरकारी सहायता वास्तविक और पात्र व्यक्तियों तक ही पहुंचे। दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने पिछले दिनों इसे मंजूरी प्रदान की थी। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि समाज कल्याण की विभिन्न योजनाओं के तहत लाखों जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सदियों पुरानी 'नौण' जलाशय का होगा पुनरुद्धार पेज 2
- दिवाली पर एचआरटीसी की स्पेशल बसें चलाने की तैयारी -पेज 5
- लाव-लश्कर के साथ निकली भगवान नृसिंह की जलेब -पेज 9
- अब कालका-शिमला स्टेशनों पर मिलेगी पार्किंग सुविधा -पेज 12
- बिहार में भाजपा ने एक या दो चरणों में चुनाव करवाने की रखी मांग -पेज 13


### हिमाचल में कांग्रेस ने शुरू किया राज्यव्यापी 'वोट चोर-गद्दी छोड़' अभियान

# वोट की चोरी लोकतंत्र के साथ सबसे बड़ा अन्याय : सीएम सुक्खू

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला** हिमाचल कांग्रेस ने शनिवार को पूरे जोश के साथ 'वोट चोर-गद्दी छोड़' अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन से स्वयं हस्ताक्षर कर इस राज्यव्यापी अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का वोट है और अगर वोट की चोरी होती है तो यह जनता की आवाज दबाने जैसा है भाजपा ने देश में वोट चोरी की नई संस्कृति शुरू कर दी है और अब कांग्रेस जनता को इस सच्चाई से अवगत करवाएगी।

सुक्खू ने कहा कि यह अभियान हर गांव और हर घर तक पहुंचेगा ताकि जनता समझ सके कि किस तरह जनादेश को खरीद-फरोख्त और तकनीकी चालों से बदला जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य किसी पर आरोप लगाना नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा करना है। कांग्रेस ने दावा किया है कि राहुल गांधी द्वारा शुरू किए गए इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत हिमाचल में एक लाख हस्ताक्षर करवाए जाएंगे। इससे पहले दिल्ली से वर्चुअल रूप से जुड़ी प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने कांग्रेस नेताओं को दिशा-निर्देश दिए और अभियान की सफलता के लिए जरूरी सुझाव दिए। डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री, कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, स्वास्थ्य मंत्री धनराम शांडिल आदि नेता भी मौजूद रहे। वहीं, प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने की तैयारी कर ली है।



राजीव भवन शिमला में वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान की हस्ताक्षर कर लॉन्चिंग करते सीएम सुक्खू।

### हिमाचल में एक लाख हस्ताक्षर का लक्ष्य

### अर्की में लगेगा मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अर्की में मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की घोषणा की, जिससे पशुपालकों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने दाड़लाघाट में खंड विकास कार्यालय खोलने और ट्रक ऑपरेटरों को डीजल ट्रकों को ई-ट्रक में बदलने पर 40 प्रतिशत सब्सिडी देने की योजना का भी ऐलान किया। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने दो वर्षों में दूध खरीद मूल्य में 21 रुपए की बढ़ोतरी की है और अब तीन रुपए प्रति किलो की दर से गोबर भी खरीदा जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि के क्षेत्रों में सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल शुरुआत है, आने वाले समय में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए और भी योजनाएं लागू की जाएंगी।

# हिमाचल से मध्य प्रदेश गए सिरप उत्पादों पर रोक, नेक्सा डीएस घेरे में

अनंत ज्ञान, बद्दी

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में 10 बच्चों की किडनी फेल से हुई मौत मामले के बाद में राज्य दवा नियंत्रक बद्दी ने बीते दिनों हिमाचल से मध्य प्रदेश गई बच्चों के सिरप की सप्लाई व प्रोडक्शन पर रोक लगा दी है।



वहीं, हिमाचल से मध्य प्रदेश गए उद्योगों के मार्केट में गए उत्पादों को भी क्लीन चिट मिलने तक रोक दिया गया है, जबकि ड्रग विभाग बद्दी ने संदेह के घेरे में आई लोदीमाजरा स्थित एक्विनोवा फार्मास्युटिकल के सिरप नेक्सा डीएस के सैंपल जांच के लिए भेजे हैं जिसकी रिपोर्ट नहीं आई है। वहीं, ड्रग विभाग ने नेक्सा डीएस से मिलते जुलते प्रोडक्ट के अलावा बीते दिनों हिमाचल से मध्य प्रदेश गए बच्चों के सिरप बनाने वाली कंपनियों को चिन्हित कर उनकी भी प्रोडक्शन रोककर सैंपलिंग व जांच शुरू कर दी गई। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत के मामले में कोल्ड्रिफ व नेक्सा डीएस नमक सिरप संदेह के घेरे में आए हैं। हालांकि, जांच में यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि इन्हीं सिरप की वजह से या किस दवाई के सेवन से बच्चों की किडनी फेल हुई हैं।

मध्य प्रदेश सरकार व वहां का ड्रग विभाग जांच में जुटा है, लेकिन सूत्रों से जानकारी मिली है के कोल्ड्रिफ के सैंपल फेल हो गए हैं। वहीं, केरल व तमिलनाडु में भी यह उत्पाद बैन कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### सिरप में जहरीला कैमिकल

**मध्य** प्रदेश सरकार की अब तक की जांच में सामने आया है कि बच्चों के बीमार पड़ने पर जो खांसी की सिरप दी गई, उसमें व्हीकल इंडस्ट्री में इस्तेमाल होने वाला कैमिकल एथिलीन ग्लाइकॉल और डाइएथिलीन ग्लाइकॉल मिला हुआ था। यह जहरीला केमिकल है, जिसे गाड़ियों के कूलेंट और एंटी फ्रीज प्रोसेस में इस्तेमाल किया जाता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इसकी थोड़ी-सी मात्रा भी किडनी और दिमाग को बुरी तरह नुकसान पहुंचा देती है।

### नेक्सा डीएस के भरे गए हैं सैंपल : मनीष कपूर

**स्टेट** ड्रग कंट्रोलर मनीष कपूर ने बताया कि लोदीमाजरा स्थित एक्विनोवा फार्मास्युटिकल के उत्पाद नेक्सा डीएस के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं, जिसकी रिपोर्ट अभी नहीं आई है। नेक्सा डीएस की प्रोडक्शन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। इस उद्योग के बच्चों से जुड़े अन्य उत्पादों की जांच ओर सैंपिंग भी की जा रही है। मध्य प्रदेश से पत्र मिलने के बाद हिमाचल से जिन दवाओं की सप्लाई मध्य प्रदेश को हुई है, उन कंपनियों की पहचान कर ली गई है। राज्य का ड्रग डिपार्टमेंट ने सेंट्रल ड्रग स्टेंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर रिस्क बेस इंस्पेक्शन शुरू कर दी है। बीते दिनों हिमाचल से मध्य प्रदेश गए अन्य उद्योगों के बच्चों के सिरप उत्पादों की सैंपलिंग ओर जांच जारी है और मार्केट में गए सभी उत्पादों को क्लीनचिट मिलने तक रोक दिया गया है।

# भारत खरीदेगा 6 नए एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम

एजेंसी, नई दिल्ली

- एक मिनट में 3000 राउंड फायर करेगा, पाकिस्तान बॉर्डर पर होगी तैनाती

भारत, पाकिस्तान बॉर्डर से सटे इलाकों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने जा रहा है। इसके लिए आर्मी ने 6 नए एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम खरीदने के लिए सरकारी कंपनी एडवांस्ड वेपन एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड को टेंडर जारी किया है।



सेना के अधिकारियों के मुताबिक, इन गन सिस्टम की जरूरत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महसूस हुई, जब पाकिस्तान सेना ने जम्मू-कश्मीर और पंजाब में आबादी वाले इलाकों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया था। अब इनकी तैनाती से इन इलाकों में हवाई खतरों से बेहतर सुरक्षा मिलेगी। ये गन सिस्टम 'मिशन सुदर्शन चक्र' का हिस्सा है। पीएम मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए अपने भाषण में सुदर्शन चक्र मिशन की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य 2035 तक एक स्वदेशी, मल्टी-लेयर सुरक्षा कवच तैयार करना है, जिसमें निगरानी, साइबर सुरक्षा और एयर डिफेंस सिस्टम शामिल होंगे। किसी भी मौसम में लक्ष्य की पहचान करेगा

एके-630 एक 30 मिमी मल्टी-बैरल मोबाइल गन सिस्टम है, जो प्रति मिनट करीब 3,000 राउंड फायर कर सकता है और इसकी मारक क्षमता 4 किलोमीटर तक है। इसे एक ट्रेलर पर लगाया जाएगा, जिसे हाई-मोबिलिटी वाहन से खींचा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# अगले साल मार्च तक नक्सलवाद की विदाई तय : अमित शाह

**एजेंसी, बस्तर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में एक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोगों से अपील की है कि वे युवाओं को हथियार डालने के लिए समझाएं। अमित शाह ने कहा कि मैं सभी आदिवासी भाइयों और बहनों से कहना चाहता हूं कि आप अपने गांव के युवाओं को हथियार डालने के लिए समझाइए। वे हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हों और बस्तर के विकास में सहभागी बनें।

गृह मंत्री ने कहा कि कुछ लोग वार्ता करने की बात करते हैं. मैं फिर से एक बार स्पष्ट कर देता हूं, छत्तीसगढ़ और केंद्र की हमारी सरकार बस्तर और समस्त नक्सल क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित है. किस चीज़ के लिए वार्ता करनी है। उन्होंने कहा कि हथियार लेकर बस्तर की शांति को छिन्न-विछिन्न करने का अगर आपने काम किया तो हमारी सशस्त्र फौजें, सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस मिलकर इसका जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 यह तिथि तय है, नक्सलवाद को इस देश की भूमि से विदाई देने के लिए। (अनंत ज्ञान)

# पीएम मोदी ने 62,000 करोड़ की परियोजनाएं की लॉन्च

एजेंसी, नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को बड़ी सौगात दी है। 62,000 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली युवा केंद्रित पहलों का पीएम मोदी ने आज शुभारंभ किया है। पीएम सेतु का भी आज शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन के माध्यम से युवाओं को लाभ दिया जाएगा।

इसके अंतर्गत 1000 से ज्यादा आईटीआई को और उन्नत करने के लिए उन्हें हब एंड स्पोक मॉडल में बदला जाएगा। इसके लिए 800 स्पोक आईटीआई और 200 हब आईटीआई का चुनाव हुआ है। इसके अंतर्गत डिजिटल प्रशिक्षण प्रणालियों के साथ ही आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ इनक्यूबेशन सर्विसेज भी तैयार की जाएगी। बिहार में आज युवाओं को बड़ी सौगात मिली है। प्रधानमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना की शुरुआत की गई है, जिसके अंतर्गत युवाओं को 2 साल तक 1000 रुपए का मासिक भत्ता दिया जाएगा। यह लाभ 5 लाख स्नातकों को 2 साल के लिए दिया जाएगा। बिहार में जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का भी प्रधानमंत्री ने उद्घाटन किया। (अनंत ज्ञान)

- प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन से युवाओं को मिलेगा लाभ

# हमास गाजा पर छोड़ेगा कब्जा, बंधक होंगे रिहा

एजेंसी, वॉशिंगटन



**ट्रंप की धमकी के बाद हमास गाजा में सीजफायर पर राजी**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की धमकी के 6 घंटे बाद हमास गाजा में सीजफायर को तैयार हो गया है। हमास ने शुक्रवार रात ऐलान किया कि वह ट्रंप के प्लान में बताए गए फॉर्मूले के मुताबिक सभी जिंदा और मुर्दा बंदियों को रिहा करने को तैयार है। साथ ही गाजा का प्रशासन छोड़ने को भी तैयार है। हमास ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की इस हफ्ते पेश की गई 20 प्वॉइंट की पीस डील के कुछ हिस्सों पर बातचीत जरूरी है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक हमास की तरफ से जो जवाब आया है, उसमें हथियार छोड़ने का जिक्र नहीं किया गया है। हमास के ऐलान के बाद ट्रंप ने इसराइल को तुरंत गाजा में हमले बंद करने को कहा है। वहीं, इसराइल ने कहा कि वह ट्रंप के गाजा प्लान पर काम करने के लिए तैयार है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ट्रंप के गाजा सीजफायर प्लान की तारीफ की है। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि यह प्लान गाजा में चल रहे युद्ध को रोकने की दिशा में एक बड़ा कदम है। (अनंत ज्ञान)

### पीएम मोदी ने गाजा में शांति प्रयासों में ट्रंप की भूमिका का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाजा में शांति प्रयासों में निर्णायक प्रगति को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व की सराहना की है। उन्होंने कहा कि बंधकों की संभावित रिहाई चल रहे मानवीय व कूटनीतिक प्रयासों का अहम हिस्सा है। पीएमओ द्वारा जारी बयान में कहा गया कि भारत क्षेत्र में स्थायी और न्यायपूर्ण शांति का समर्थन करता रहेगा। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि हम राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व का स्वागत करते हैं। इस बीच, हमास ने भी ट्रंप के शांति प्रस्ताव पर बातचीत की इच्छा जताई है, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सकारात्मक कदम बताया।

# हिमाचल में कार्यवाहक चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी को लेकर छिड़ी बहस

अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला

- रिटायर आईएएस ने बताया हैरान करने वाला फैसला
- भाजपा बोली-अधिकारियों से गलत काम करवाने को एडिशनल चार्ज

हिमाचल प्रदेश में कार्यवाहक चीफ सेक्रटरी (सीएस) और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) लेकर को नई बहस छिड़ गई है। रिटायर ब्यूरोक्रेट इस फैसले को हैरान करने वाला बता रहे हैं। वहीं, भाजपा ने भी व्यवस्था परिवर्तन वाली कांग्रेस सरकार के इस फैसले को अधिकारियों पर गलत काम के लिए दबाव डालने वाला बताया।

सीएम सुक्खू ने जीडीपी के बाद चीफ सेक्रेटरी भी कार्यवाहक लगाया है। प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब ब्यूरोक्रेसी और पुलिस के मुखिया की रेगुलर नियुक्ति नहीं की गई। सीएस का अतिरिक्त कार्यभार पूर्व में चीफ सेक्रेटरी रैंक अधिकारी एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) टाउन एंड कंट्री प्लानिंग संजय गुप्ता को दिया है।

इससे पहले, कभी भी किसी मुख्य सचिव और डीजीपी के रिटायर होने पर नए एडिशनल चार्ज नहीं दिया गया। इस वजह से सरकार का यह फैसला चर्चा का कारण बन गया है।

## उपलब्धि

### जेपी नड्डा का सपना साकार, न्यूक्लियर मेडिसिन और कैंसर के इलाज में मिली बड़ी कामयाबी

# एम्स बिलासपुर तीन वर्षों में चिकित्सा उत्कृष्टता का प्रतीक


अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो



**बिलासपुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का बिलासपुर से जुड़ाव केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतीक है। जिस एम्स बिलासपुर का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3 अक्तूबर 2017 को किया था और जिसे 5 अक्तूबर 2022 को राष्ट्र को समर्पित किया गया, वह आज केवल तीन वर्षों में देश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों में अपनी पहचान बना चुका है।

एम्स बिलासपुर की प्रगति के हर चरण में नड्डा का सक्रिय मार्गदर्शन और योगदान रहा है, चाहे वह भूमिपूजन का समय रहा हो, सुविधाओं के उद्घाटन का या अब जब संस्थान ने अपने तीसरे स्थापना दिवस पर न्यूक्लियर मेडिसिन, कैंसर देखभाल और गुर्दा प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक चिकित्सा सेवाओं में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर ली हैं। पहले लोगों को पीजीआई चंडीगढ़ तक जाना पड़ता था, आज बिलासपुर एम्स प्रदेश और पड़ोसी राज्यों के लोगों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा दे रहा है।

एम्स बिलासपुर में अब उन्नत एमआरआई, सीटी स्कैनर, पीईटी-सीटी, एंडोस्कोपी और ब्रोंकोस्कोपी सूट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा 500 बिस्तरों वाले विश्राम सदन, 165 करोड़ रुपए की लागत से क्वार्टर और छात्रावास निर्माण, और 5 करोड़ रुपए की लागत से इंडोर स्टेडियम की मंजूरी भी मिली है।




### एम्स बिलासपुर की विकास यात्रा- एक नजर

| वर्ष | प्रमुख घटना और उपलब्धि |
|---|---|
| 2017 (3 अक्तूबर) | पीएम नरेंद्र मोदी ने एम्स बिलासपुर की आधारशिला रखी। |
| 2018-2021 | निर्माण कार्य व आधारभूत संरचना विकसित हुई; सुपर स्पेशियलिटी विभागों की रूपरेखा तय हुई। |
| 2022 (5 अक्तूबर) | प्रधानमंत्री ने एम्स बिलासपुर को राष्ट्र को समर्पित किया। |
| 2023 | एम्स में आधुनिक लैब, एमआरआई और डायलिसिस यूनिट शुरू हुई। |
| 2024 | एम्स ने कैंसर व गुर्दा प्रत्यारोपण सेवाओं की शुरुआत की। |
| 2025 (3 अक्तूबर) | तीसरा स्थापना दिवस, 123 करोड़ की नई योजनाओं का ऐलान, 127 पदों की स्वीकृति, और 500-बिस्तर विश्राम सदन की घोषणा। |

### राजनीतिक परिपक्वता और सौहार्द का प्रतीक बना मंच


**कार्यक्रम** की सबसे सराहनीय झलक तब दिखी जब मंच पर उपस्थित हिमाचल के स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल (कांग्रेस) ने भी नड्डा के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर, जो कार्य नड्डा ने स्वास्थ्य क्षेत्र में किए हैं, वे हिमाचल के लिए गर्व का विषय हैं। एम्स बिलासपुर आज न केवल हिमाचल बल्कि पड़ोसी राज्यों के लोगों के लिए भी उम्मीद का केंद्र बन गया है। मोदी सरकार के नेतृत्व में स्वास्थ्य क्षेत्र में इतनी अधिक प्रगति हुई है कि देश में अब 808 मेडिकल कॉलेज हैं और आने वाले पांच वर्षों में 75,000 नई मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी, जिससे स्वास्थ्य शिक्षा में नया अध्याय खुलेगा।

### शिक्षा व मानव संसाधन में बढ़ोतरी

**नड्डा** ने इस बार एम्स बिलासपुर में 127 नए पदों (29 फैकल्टी व 98 नॉन-फैकल्टी) को मंजूरी दी, जिनकी भर्ती प्रक्रिया एक वर्ष तक जारी रहेगी। उन्होंने देशभर के एम्स संस्थानों के बीच शॉर्ट-टर्म एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू करने और नीति आयोग व भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के सहयोग से भविष्य की चिकित्सा नीति तय करने की बात भी कही।

### हिमाचल के लिए 123 करोड़ रुपए की अलग योजना

**हिमाचल** प्रदेश के लिए कार्यान्वयन योजना 2025-26 के अंतर्गत 123 करोड़ रूपए की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई है। एम्स में भी 5 करोड़ की लागत से स्टेडियम बनाया जाएगा। इसी तरह जगह मिलने पर केंद्रीय विद्यालय, डाक्टरों के लिए आवास जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बड़ू में 7 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले औद्योगिक क्षेत्र के फीडर की मरम्मत और पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते 7 अक्तूबर को बड़ू, बहुतकनीकी कॉलेज, बरोहा, मोहीं, कथाल, जमली धाम और आस-पास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। डीएवी भड़ोली में अंतःहाउस प्रतियोगिता का रंगारंग आयोजन

### सुभाष सदन फर्स्ट, पटेल सदन रहा सेकेंड

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के डीएवी स्कूल भड़ोली में कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिए शनिवार को अंतर्सदनीय अंताक्षरी प्रतियोगिता बड़ी उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुई। आठ रोमांचक चरणों में चारों सदनों के प्रतिभागियों ने गीत-संगीत से सजाकर अपनी प्रस्तुति दी। सुभाष सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पटेल सदन ने दूसरे स्थान पर कब्जा किया। नेहरू और गांधी सदनों के प्रतिभागियों ने भी बेहतरीन मुकाबला दिखाया। प्रतियोगिता के अंत में विशेष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने सभी प्रतिभागियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मनीष का राज्यस्तरीय स्पर्धा के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महल के छात्र मनीष कुमार ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन प्राप्त किया है। यह जिला स्तरीय प्रतियोगिता 1 से 3 अक्टूबर, 2025 तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोरंज में आयोजित की गई थी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 26 से 30 अक्टूबर, 2025 तक सोलन में होगी। विद्यालय की प्रिंसिपल सीमा डोगरा ने शारीरिक शिक्षक विनोद कुमार और मनीष कुमार को बधाई दी और कहा कि खेलकूद पढ़ाई का अभिन्न हिस्सा है, जिसमें सभी विद्यार्थियों को भाग लेना चाहिए। विद्यालय परिवार ने मनीष कुमार का भव्य स्वागत किया और आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डीपीई विनोद कुमार भी उपस्थित रहे।

### क्रॉस कंट्री स्पर्धा में जीती उपविजेता ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय संगड़ाह, सिरमौर में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अंतर-महाविद्यालय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में प्रदेश के 50 महाविद्यालयों की टीमें भाग लीं। इस प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की महिला टीम ने उपविजेता ट्रॉफी जीतकर महाविद्यालय का नाम रौशन किया। महाविद्यालय पहुंचने पर उपविजेता टीम की धाविकाओं ऋचा शर्मा, राशि, शिवाली, अंकिता और विंकल का जोरदार स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रमोद पटियाल ने विजेताओं को मिठाई खिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्रॉस कंट्री टीम के इंचार्ज प्रो. हर्ष, प्रो. हेमसुमन, शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. पवन कुमार वर्मा और डॉ. मंजुला शर्मा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी गई।

### विद्यार्थियों को बताईं एआई की बारीकियां

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान बड़ू में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में गॉड स्पीड सिस्टम के सीईओ आयुष घई ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बारीकियों से अवगत करवाया। आईआईटी कानपुर से स्नातक आयुष घई ने 19 वर्षों के अनुभव के साथ एआई के सही उपयोग व करियर के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। कार्यशाला के दो सत्रों में कुल 500 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। संस्थान के प्राचार्य इं. चंद्रशेखर ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख डॉ. पंकज ठाकुर, कंप्यूटर विभागाध्यक्ष समीर भारती सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

### सुभाष धीमान को मिली प्रधान की कमान

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** राजकीय महाविद्यालय बड़सर में अध्यापक अभिभावक संघ के गठन के लिए प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में अभिभावकों और प्राध्यापकों की बैठक आयोजित हुई। सर्वसम्मति से सुभाष धीमान को संघ का प्रधान चुना गया। प्रवीण कुमार उप प्रधान, डॉ. अनिल कुमार सचिव, रोशन लाल सह सचिव, देवदत्त कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए। वरिष्ठ सलाहकार अजीत दीवान व प्रकाश चंद भी मनोनीत हुए। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मनोज डोगरा के साथ बैठक कर आगामी विकास कार्यों पर चर्चा की। प्राचार्य ने सभी को बधाई देते हुए सहयोग का आह्वान किया। डॉ. विजय ठाकुर ने कार्यकारिणी का धन्यवाद किया। बैठक में अधीक्षक सुरेश कुमार व सहायक मीना शर्मा भी मौजूद थे।

### बी फार्मेसी पुनर्मूल्यांकन का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बी फार्मेसी (एलोपैथी, आयुर्वेद) के पहले से आठवें सेमेस्टर के पुनर्मूल्यांकन (लॉट वन) का परिणाम घोषित किया है। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि बी फार्मेसी के पहले से आठवें सेमेस्टर तक के 1762 अभ्यर्थियों के पुनर्मूल्यांकन का परिणाम घोषित किया है। अभ्यर्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर पुनर्मूल्यांकन का परिणाम देख सकते हैं।

### नए एमबीबीएस छात्रों का व्हाइट कोट समारोह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में नए एमबीबीएस बैच 2025 के लिए शनिवार को व्हाइट कोट समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रमेश भारती एवं संकाय सदस्यों ने छात्रों के कंधों पर व्हाइट कोट पहनाकर उनका औपचारिक स्वागत किया। प्राचार्य ने बताया कि व्हाइट कोट चिकित्सा पेशे की जिम्मेदारियों, विश्वास और करुणा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह केवल वर्दी नहीं, बल्कि डॉक्टरों को सम्मान और आत्मविश्वास प्रदान करती है। साथ ही उन्होंने छात्रों को मरीजों के प्रति दयालु और सम्मानित व्यवहार करने की सलाह दी। व्हाइट कोट समारोह मेडिकल करियर की शुरुआत का महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें समर्पण और सतत सीखने की आवश्यकता होती है। भगवती स्कूल में सारांशित मूल्यांकन पर अभिभावकों से बच्चों की रिपोर्ट के बारे सभा में की चर्चा

### अभिभावकों से आग्रह, बच्चों को न दें मोबाइल

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में अध्यापक अभिभावक सभा करवाई गई । जिसमें कक्षा बाल वाटिका-1, बाल वाटिका-2 और बाल वाटिका-3, पहली, दूसरी, तीसरी, चैथी ,पांचवी , छठी , सातवीं व आठवीं कक्षा के बच्चों की अध्यापक अभिभावक मंत्रणा हुई जिसमें बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई । अध्यापकों ने सारांशित मूल्यांकन पर अभिभावकों को बच्चों की रिपोर्ट के बारे में अवगत करवाया सभी अभिभावकों ने अपने-अपने बच्चों की समस्त विषयों की रिपोर्ट के बारे में जानकारी ली। अध्यापकों ने बच्चों की कमियों के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया तथा बच्चों को भविष्य में बेहतर परिणाम के लिए प्रेरित किया। स्कूल की प्रिंसीपल आरती कटोच ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों की ओर अधिक से अधिक ध्यान दें और बच्चों को मोबाइल फोन न देने की अपील की और इसके दुष्परिणामों के बारे में अवगत करवाया और आने वाली परीक्षाओं के लिए अधिक मेहनत करने का आहवान किया और शुभकामनाएं दी ।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएम साइंस शिक्षण महाविद्यालय कल्लर जलाड़ी में सत्य साई सेवा संस्था के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। सेमिनार का मुख्य विषय 'शैक्षणिक और मानवीय उत्कर्ष के लिए मानवीय मूल्य' रहा। इस अवसर पर देशभर से शिक्षा विशेषज्ञों, विद्वानों और विद्यार्थियों ने भाग लेकर विचार साझा किए। सेमिनार के मुख्य अतिथि डॉ. योगेंद्र वर्मा (सेवानिवृत्त उप-कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश) रहे, जिन्हें कॉलेज के चेयरमैन सीनियर एडवोकेट भुवनेश ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। विद्वानों द्वारा प्रस्तुत विचार निश्चित रूप से विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणादायक सिद्ध होंगे।

### प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला 13 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आईटीआई हमीरपुर में 13 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य युवाओं को अप्रेंटिसशिप के माध्यम से उद्योग जगत से जोड़ना और स्किल इंडिया मिशन को प्रोत्साहित करना है। इस मेले में जूपिटर इंटरनेशनल लिमिटेड, वर्धमान कंपनी, सौभाग्य प्राइवेट लिमिटेड, जेडीएस गोदरेज कंपनी सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल होंगी। ये कंपनियां युवाओं को अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकृत करेंगी और न्यूनतम मासिक मानदेय के साथ रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करेंगी। आईटीआई के प्रधानाचार्य सुभाष चंद शर्मा ने सभी युवाओं से अपील की है कि वे अपने बायोडाटा, फोटो और प्रमाण पत्र लेकर इस मेले में भाग लें ।

# क्लस्टर प्रणाली का फिर जोरदार विरोध

## राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा 23 सितंबर को नई क्लस्टर प्रणाली को लेकर अधिसूचना जारी की गई थी। इस अधिसूचना से पूर्व भी शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा 29 नवंबर 2023 को नए क्लस्टर निर्माण पर एक अधिसूचना जारी की गई थी। इस अधिसूचना का प्राथमिक शिक्षक संघ ने उस समय विरोध किया था व वार्ता उपरांत प्राथमिक शिक्षा व प्राथमिक शिक्षकों के हितों को सुरक्षित रखते हुए 13 फरवरी, 2024 को संशोधित अधिसूचना जारी की थी।

इस अधिसूचना में बनाए गए क्लस्टर सिस्टम को रिसोर्स शेयरिंग तक सीमित रखने पर सहमति बनी थी। यह भी निर्णय हुआ था कि नर्सरी से पांचवी कक्षा तक प्राथमिक शिक्षा का प्रशासनिक नियंत्रण व संचालन पूर्व की तरह मुख्य शिक्षकों, केंद्रीय मुख्य शिक्षकों व खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के पास ही रहेगा। जबकि छठी से 12वीं कक्षा तक स्कूलों का

**नई अधिसूचना से प्रिंसिपल को मिला पूर्ण नियंत्रण, शिक्षक संघ ने जताई नाराजगी**

**प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता को खतरा, प्रशासनिक ढांचे में बदलाव पर आपत्ति**

प्रशासनिक नियंत्रण व संचालन पूर्व की तरह प्रिंसिपल के अधीन चलता रहेगा। 23 सितंबर, 2025 को जारी अधिसूचना के दिशा निर्देशों में प्राथमिक शिक्षा का पूर्ण नियंत्रण व संचालन प्रिंसिपल को दे दिया गया है, जोकि प्राथमिक शिक्षकों के हितों के साथ कुठाराघात है।

वर्ष 1984 से प्राथमिक शिक्षा का अलग ढांचा कार्य कर रहा है और प्राथमिक शिक्षा के प्रशासनिक नियंत्रण व संचालन के लिए अलग कलस्टर कार्य कर रहे हैं। पिछले वर्ष असार की रिपोर्ट में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और इसी वर्ष राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) में भी हिमाचल प्रदेश ने तीसरी कक्षा के सर्वेक्षण में राष्ट्र स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यह सब प्राथमिक शिक्षा के अलग ढांचे तथा प्राथमिक शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इसमें प्रिंसिपल का कोई योगदान नहीं है। पूरी प्रणाली को प्रिंसिपल के अधीन करने से समस्त कार्य केंद्रीयकृत हो जाएंगे और एक ही स्थान पर सारा बोझ पड़ जाएगा, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट आएगी।

इस अधिसूचना के उपरांत प्राथमिक शिक्षकों से पदोन्नत होने वाले मुख्य शिक्षकों, केंद्रीय मुख्य शिक्षकों और खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के प्रशासनिक शक्तियां व कार्य क्षेत्र सीमित रह जाएगा और भविष्य में यह पद निरर्थक हो जाएंगे। इसलिए इस अधिसूचना के जारी दिशा निर्देशों में विरोधाभास की स्थिति है और प्राथमिक शिक्षकों को दो-दो प्रशासनिक इकाइयों के अधीन किया जा रहा है। इससे प्राथमिक शिक्षा को भविष्य में बहुत नुकसान होने वाला है। यह जारी अधिसूचना एक निदेशालय गठन के बाद राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश के साथ 43 दिन के लंबे संघर्ष के उपरांत शिक्षा मंत्री हिमाचल प्रदेश द्वारा किए गए वादों के भी खिलाफ है जहां वार्ता उपरांत उन्होंने माना था कि एक निदेशालय के गठन के उपरांत भी प्राथमिक शिक्षा के ढांचे से कोई छेड़ छाड़ भविष्य में नहीं की जाएगी। परंतु 23 सितंबर को वार्ता में किए गए वादों से बाहर जाकर यह अधिसूचना के दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नरेश शर्मा व महासचिव विरेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि आप पहले से ही प्राथमिक शिक्षकों व कर्मचारियों के हितेषी रहे हैं। इसलिए प्राथमिक शिक्षकों के हितों के खिलाफ जारी इस अधिसूचना को वापस लें।

# हिमुडा डायरेक्टर बन्याल ने आईटीआई बणी में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



मेधावी छात्रों को सम्मानित करते बन्याल।

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

बणी आईटीआई में आयोजित कन्वोकेशन कार्यक्रम उत्साहपूर्ण और सफल रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिमुडा के डायरेक्टर इंजीनियर राजेश बन्याल ने भाग लिया और मेधावी छात्रों को सर्टिफिकेट वितरित किए। उन्होंने कौशल प्रशिक्षण के महत्व पर विशेष जोर देते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में कौशल बढ़ाना और ईमानदारी से काम करना जरूरी है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई और छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बणी पंचायत प्रधान शैलजा बन्याल ने भी छात्रों को मेहनत से कौशल बढ़ाने की प्रेरणा दी। अन्य प्रमुख अतिथि मनोज कुमार और कपिल बन्याल भी मौजूद रहे।

**तकनीकी शिक्षा में बदलाव और स्थानीय प्रशासन की सक्रिय भागीदारी**

कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे बदलावों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर संस्था के प्रिंसिपल शर्मा, बणी पंचायत प्रधान शैलजा बन्याल, धबडियाणा और गरली पंचायत के उप प्रधान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर मैहरे बाजार में राकेश फिलिंग स्टेशन से लेकर गैस एजेंसी तक नो पार्किंग जोन घोषित

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**उपमंडल** बड़सर के मैहरे बाजार में रोजाना जाम की समस्या बढ़ती जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है। इसी को लेकर शनिवार को उपमंडल अधिकारी के कार्यालय में समस्त विभागों के अधिकारियों और बाजार कमेटी के प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम राजिंद्र कुमार गौतम ने की। डीएसपी लालमन शर्मा, एसएचओ गुरबक्श सिंह, तहसीलदार राव, बाजार कमेटी महासचिव सहित अन्य अधिकारी और सदस्य भी मौजूद थे।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राकेश फिलिंग स्टेशन से लेकर गैस एजेंसी तक के क्षेत्र को नो पार्किंग जोन घोषित किया जाएगा। बाजार में शाम 8 बजे से सुबह 8 बजे तक सामान लोड और अनलोड करने की अनुमति दी जाएगी। रविवार के दिन भी बाजार समान रखने, उठाने और अन्य गतिविधियों के लिए खुला रहेगा। बिजली बसों के लिए बाजार में स्टॉप की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि बसें वहीं पर रुक सकें और यात्री चढ़ने-उतरने में सुविधा प्राप्त कर सकें। इसके लिए सर्वेक्षण भी कर लिया गया है। मिनी सचिवालय के परिसर में पार्किंग सुविधा भी शुरू की गई है।

पार्किंग शुल्क के संबंध में निर्णय लिया गया कि फोर व्हीलर वाहनों के लिए एक से छह घंटे तक 30 रुपए, 6-12 घंटे तक 50 रुपए, 12-24 घंटे तक 100 रुपए तथा मासिक 1500 रुपए शुल्क लिया जाएगा। वहीं, दो पहिया वाहनों के लिए क्रमशः 20, 30, 50 रुपए

**सीएम के दौरे को लेकर मैहरे बाजार में पार्किंग व्यवस्थाओं का जायजा**

और मासिक 500 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। सरकारी वाहनों को इस शुल्क से मुक्त रखा गया है। बैठक की प्रोसीडिंग जिलाधीश की मंजूरी के लिए भेजी जा रही है। अप्रूवल मिलने के बाद मैहरे बाजार के चयनित क्षेत्रों को आधिकारिक तौर पर नो पार्किंग एरिया घोषित कर दिया जाएगा। इससे बाजार में जाम की समस्या कम करने में मदद मिलेगी।

# हीरानगर में 'रन फॉर रेजिलिएंस' दौड़ प्रतियोगिता 14 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के तहत डीडीएमए हमीरपुर 14 अक्तूबर को सुबह 6:30 बजे हीरानगर के चिल्ड्रन पार्क में 'रन फॉर रेजिलिएंस' दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करेगा। इसमें चार अलग-अलग आयु वर्गों के लिए दौड़ें होंगी — 7 से 10 वर्ष के लिए 800 मीटर, 11 से 16 वर्ष के लिए 3 किलोमीटर, 17 से 40 वर्ष और 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए 6 किलोमीटर। प्रतियोगिता में पहले तीन स्थान हासिल करने वाले धावकों को ट्रॉफी दी जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी 11 अक्टूबर आधी रात तक गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए डीडीएमए के टोल फ्री नंबर 1077 या व्हाट्सऐप 94594-72382 पर संपर्क करें। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने सभी विशेषकर युवाओं से सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

# घर में घुसकर महिला को दी धमकी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस थाना हमीरपुर में अनिल कुमार पुत्र रूप लाल निवासी भोटा ने शिकायत दर्ज करवाई है कि वीरवार को जब वह घर पर नहीं था तो दो अज्ञात लोग घर में घुस आए व मेरी माता को डराया व धमकाया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन दोनों ने मेरी माता से बात मानने की बात कही है यही उनकी बात नहीं मानी तो उसे गायब कर दें। शिकायतकर्ता की माता ने कहा कि उनका बेटा घर पर नहीं है तो दोनों में से एक व्यक्ति ने कहा कि अपने बेटे को बता देना कि संजौली वाली जमीन के केस में समझौता कर ले नहीं तो बचेगा नहीं। एएसपी राजेश सिंह ने बताया मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# सड़क पक्की करने के लिए जताया आभार

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** पिछले 6 माह से सडक की असुविधा झेल रहे ग्रामीणों को आज लोक निर्माण विभाग ने राहत पहुंचाई है। सरेड़ी वार्ड न 1 के वाशिंदों के लिए पंचायत ने कच्ची सडक का निर्माण करवाया है और यह सडक 6 माह से भारी बारिश की वजह से बंद हो गई थी। लोग बार बार पंचायत के समक्ष इस मुद्दे को उठा रहे थे पंचायत प्रधान और अन्य लोगों ने इस मामले को लोक निर्माण के अधिकारियों के समक्ष रखा कुछ लोग इस सडक के मुद्दे को मुख्यमंत्री के संज्ञान में भी लेकर आये थे। साथ ही सरकार ने इस सडक को पका करने के लिए विभाग को भी पत्राचार कर दिया है अब जैसे ही लोग अपनी जमीन की एनओसी विभाग को देंगे विभाग इसे पक्का कर देगा। लोगों ने लोकनिर्माण विभाग सहित पंचायत प्रधान राजेश कुमार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार ब्यक्त किया है अब लोगों को रोजमर्रा के कार्यों में कुछ राहत मिलेगी।

# आईटीआई रैल में नवाजे होनहार प्रशिक्षु

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रैल में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बलजीत संधु वरिष्ठ सलाहकार जायका प्रोजेक्ट एवं मेंबर आईएमसी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम में 300 प्रशिक्षणार्थियों ने भागलिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा सत्र 2024-25 के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र वितरित किए तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया। सत् '2024-25 के 17 प्रशिक्षणार्थी जिनका हाजिरी प्रतिशत 95 प्रतिशत या इससे अधिक रहा तथा प्रत्येक विषय में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु सम्मान से सम्मानित किया गया तथा प्रत्येक प्रशिक्षु को नियम अनुशार 5100 रुपए की प्रोत्साहन राशी प्रदान की गई। प्रधानाचार्य कपिल ठाकुर ने मुख्य अतिथि को शॉल व टोपी द्वारा सम्मानित किया गया तथा समृत्ति चिन्ह भेंट किया गया।

# एनसीसी एनरोलमेंट में 75 छात्रों ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर में एनसीसी एनरोलमेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने की, जबकि उप-प्राचार्य प्रो. जितेन्द्र ने विद्यार्थियों को एनसीसी के माध्यम से राष्ट्र सेवा हेतु प्रेरित किया। एनरोलमेंट प्रक्रिया ए.एन.ओ. प्रो. राजेश कुमार, प्रो. साहिल शर्मा, प्रो. मितुल तथा पैटी ऑफिसर देवेश शर्मा, विक्रांत और धीरज राठौर की देखरेख में संपन्न हुई। चयन प्रक्रिया में दौड़, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार शामिल थे। विद्यार्थियों ने अनुशासन और उत्साह के साथ भाग लिया। अधिकारियों ने बताया कि एनसीसी प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व और देशभक्ति की भावना का विकास होता है।

# कन्या स्कूल की छात्राओं ने झटका तीसरा स्थान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रारंभिक शिक्षा विभाग के हाल में आयोजित जिला स्तरीय सेफ कंस्ट्रक्शन मॉडल प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या हमीरपुर की छात्राओं तीसरा स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम चैहान ने बताया कि छात्राओं ने आपदा, बाढ़ और भूकंप से होने वाली नुकसान से बचाने के लिए मॉडल तैयार किए थे। उन्होंने बताया कि विद्यालय की छात्रा कनक, वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है यह छात्राओं की मेहनत और अध्यापकों का मार्गदर्शन है जिससे जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया।

# रेबीज पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर पशु पालन विभाग सुजानपुर टीरा द्वारा आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 21 प्रतिभागियों में से शीर्ष तीन को नकद पुरस्कार व स्मृति चिह्न प्रदान किए गए, जबकि अन्य को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर बच्चों को रेबीज के प्रति जागरूक किया गया, जिससे कार्यक्रम शैक्षणिक और सामाजिक दृष्टि से सार्थक सिद्ध हुआ।

# सुरक्षा को लेकर एनआईएफएस संस्थान हमीरपुर में लगा शिविर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर के गांधी चौक स्थित एनआईएफएस संस्थान मे सुरक्षा के क्षेत्र मे असीमित जॉब्स व बेहतर करियर की संभावनाओं को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भूतपूर्व इंडियन नेवी के अधिकारी गुरप्रीत सिंह ने छात्रों को सुरक्षा के क्षेत्र से जुड़ी असीमित संभावनाओं के बारे जागरूक किया। उन्होंने इस दौरान छात्रों को बताते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों मे सुरक्षा जिंदगी का एक महत्वपूर्ण अंग बन चुकी है। सुरक्षा चाहे कोई भी कार्यस्थल हो हर जगह महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि भारतीय नेवी से सेवानिवृत होने के बाद उन्होंने एक्ट मास्टर के नाम से एक फायर प्रोटेक्शन सर्विस कंपनी का निर्माण किया जो इंडस्ट्री, हाई रिस्क फैक्टर और सुरक्षा से जुड़े हर मनकों से संबधित काम करती है और पूरे भारत मे काम कर रही है। कंपनी होनहार छात्रों के लिए नौकरी उपलब्ध करवाती है और जो युवा छात्र इस और अपने करियर को

**सुरक्षा बन चुकी है जीवन का अहम हिस्साः गुरप्रीत**

**पूर्व नेवी अधिकारी ने दिए छात्रों को करियर के टिप्स**

**एक्ट मास्टर कंपनी दे रही होनहार युवाओं को नौकरी के अवसर**

बनाने की चाहत रखते है वह उनकी कंपनी मे आवेदन कर सकते है। गुरप्रीत सिंह ने कहा कि डिप्लोमा के बाद छात्र ट्रेनिंग के लिए अप्लाई कर सकते है जिसमे छात्रों को ट्रेनिंग के साथ स्टाइकड़ भी दिए जाएंगे। इस दौरान संस्थान की संचालिका सोनिया कांडा ने सेवानिवृत नेवी अधिकारी का छात्रों को प्रोत्साहित करने व छात्रों को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य मे छात्रों के हित से प्रोग्रामों मे उपस्थित होने के लिए आमंत्रित भी किया।

# हमीरपुर में सर्वश्रेष्ठ संस्थान बना रहे हैं सीएम सुक्खू: सुनील शर्मा बिट्टू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हमीरपुर समेत पूरे प्रदेश के समग्र विकास के लिए ठोस योजनाएं बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमीरपुर में आने वाले समय में अकादमिक, मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ संस्थान स्थापित किए जाएंगे।

शनिवार को लंबलू स्कूल में आयोजित पूर्व छात्रों के सम्मान समारोह एवं एनएसएस शिविर के शुभारंभ अवसर पर सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि जोल सप्पड़ में मेडिकल कॉलेज के नए परिसर में नर्सिंग कॉलेज, डेंटल कॉलेज, कैंसर केयर संस्थान, मातृ-शिशु अस्पताल और आधुनिक रोबोटिक सर्जरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही तकनीकी विश्वविद्यालय और अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए भी बेहतर सुविधाएं विकसित की जाएंगी। कार्यक्रम में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर उपेक्षित एवं जरूरतमंदों के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं, जिनकी देशभर में सराहना हो रही है। समारोह में स्कूल के पूर्व छात्रों ने धनराशि का योगदान दिया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की।

**लंबलू स्कूल के पूर्व छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित**

## पुनर्जीवित शुद्ध पेयजल के साथ-साथ छोटा व सुंदर पर्यटन स्थल बनकर भी उभरेगा

# सदियों पुरानी 'नौण' जलाशय का होगा पुनरुद्धार

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** ग्राम पंचायत जलाड़ी ने सैंकड़ों वर्षों पुराने एक पारंपरिक जलाशय 'नौण' का पुनरुद्धार कर जल संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। पंचायत ने इस प्राचीन जल स्रोत को मनरेगा और वित्त आयोग की सहायता से नया जीवन दिया है।

लंबे समय से उपेक्षित इस जलाशय में गाद भर गई थी और झाड़ियों के कारण वहां पहुंचना भी कठिन हो गया था। पहले इसकी गहराई मात्र 1 से 2 फुट रह गई थी, लेकिन अब यह पुनर्जीवित होकर 15 फुट गहरा हो गया है। लगभग 10 लाख रुपये की लागत से गाद निकासी और सफाई की गई, जबकि वित्त आयोग से प्राप्त 3 लाख रुपये से अपवर्तन व मजबूतीकरण के कार्य किए गए।

पानी के सतत प्रवाह को बनाए रखने के लिए अंडरग्राउंड पाइप ड्रेनेज सिस्टम और चारों ओर सुरक्षा दीवारें भी बनाई गईं। सबसे खास बात यह रही कि ब्लॉक के सभी कर्मचारियों ने एक दिन का श्रमदान कर गाद निकासी में योगदान दिया, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ा प्रोत्साहन मिला। गहराई बढ़ाने के दौरान जलाशय के अंतिम छोर पर प्राचीन मूर्तियां भी प्राप्त हुईं, जो इस स्थान के ऐतिहासिक महत्व को दर्शाती हैं।


सफाई करने के बाद चकाचक हुआ नौण।

**मनरेगा और सामुदायिक सहभागिता से सजीव हुआ जलस्रोत, मिलेगा शुद्ध पेयजल**

अब इस जलाशय से निरंतर 3 से 4 इंच शुद्ध जल बह रहा है, जिससे आसपास के 5 से 6 गांवों को स्वच्छ पेयजल की स्थायी सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा, यह क्षेत्र एक छोटे पर्यटन स्थल के रूप में भी उभरने की क्षमता रखता है। ग्राम पंचायत जलाड़ी और सहयोगी टीम को इस सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी जा रही है।

बीडीओ निशांत शर्मा ने जानकारी दी कि इस पुनरुद्धार पर कुल 15 लाख रुपये खर्च होंगे और यह परियोजना जल संरक्षण, सांस्कृतिक धरोहर और स्थानीय पर्यटन के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी।

# एनएसएस वालंटियर्स ने देखी डीसी व एसपी कार्यालय की कार्यप्रणाली



हमीरपुर गर्ल्स स्कूल की एनएसएस वालंटियर्स ने किया मिनी सचिवालय का शैक्षणिक भ्रमण।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर की एनएसएस इकाई की लगभग 30 छात्राओं ने शनिवार को मिनी सचिवालय परिसर का शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्राओं ने उपायुक्त कार्यालय, एसपी कार्यालय, एडीसी कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, सीएम सैल और अन्य शाखाओं की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा। शिक्षिकाएं अनुपमा और दीपा कुमारी के नेतृत्व में पहुंची छात्राओं को उपायुक्त अमरजीत सिंह ने प्रत्येक शाखा का दौरा करवाते हुए प्रशासनिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से कहा कि समय का सदुपयोग, मेहनत और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है।

एएसपी राजेश कुमार ने पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं के लिए बनाए गए विशेष सुरक्षा प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही, सहायक आयुक्त राजीव ठाकुर, एसडीएम संजीत सिंह और डीआरओ जगदीश सांख्यान सहित अन्य अधिकारियों ने भी छात्राओं का मार्गदर्शन किया। एनएसएस प्रभारी शिक्षिकाओं ने सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और छात्राओं के लिए यह अनुभव अत्यंत प्रेरणादायक बताया।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में सीटू का दो दिवसीय जिला सम्मेलन शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला की अग्रवाल धर्मशाला में सीटू जिला कमेटी का दो दिवसीय सम्मेलन शुरू हो गया। इसमें जिला की लगभग 50 यूनियनों से 200 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन का उद्घाटन सीटू राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर ठाकुर ने किया जबकि प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, उपाध्यक्ष जगत राम और स्वागत समिति अध्यक्ष जगमोहन ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। ध्वजारोहण जिलाध्यक्ष कुलदीप डोगरा ने किया और रिपोर्ट जिला महासचिव अजय दुलटा ने पेश की। सम्मेलन में हिमाचल किसान सभा, एसएफआई व जनवादी महिला समिति सहित कई बिरादराना संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। डॉ. कश्मीर ठाकुर ने कहा कि चार लेबर कोड मजदूरों पर गुलामी थोपने का प्रयास हैं।

### रामपुर में पुस्तकालय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** जीबी पंत मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय में 3 और 4 अक्तूबर को महाविद्यालय की पुस्तकालय समिति की संयोजक प्रो. प्रोमिला ठाकुर के नेतृत्व में अन्य सदस्यों डॉ. अनिता कुमारी, डॉ. विपिन शर्मा, एपी प्रियंका, एपी अनिल व एसिस्टेंट लाइब्रेरियन सुधीर कुमार के द्वारा दो दिवसीय पुस्तकालय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए किया गया, जिसमें पुस्तकालय से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। समिति के सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों को पुस्तकों के महत्व के बारे में बताया गया तथा उन्हें नियमित आधार पर पुस्तकालय में आने के लिए प्रेरित किया गया। इसी के साथ उन्हें बताया गया कि पुस्तकालय के अंदर उन्हें पुस्तकें, अखबार, पत्रिकाएं व ऑनलाइन रिसोर्सेज उपलब्ध करवाए जाते हैं। इसका उन्हें भरपूर लाभ उठाना चाहिए ताकि वे अपने ज्ञान में वृद्धि कर सके। इस कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य डॉ. टीडी वर्मा की उपस्थिति में किया गया।

### अस्पतालों के लिए 123 करोड़ की सौगात : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का हिमाचल को दी गई सौगातों के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों व मातृ-शिशु अस्पतालों के लिए 123 करोड़ रुपये की राशि, इससे पहले आपदा राहत हेतु 1500 करोड़ और दीपावली से पहले 843 करोड़ रुपये की स्वीकृति मोदी सरकार की हिमाचल के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाती है। बिंदल ने कहा कि नड्डा की पहल पर हिमाचल में एम्स जैसे चिकित्सा संस्थान का राष्ट्रीय स्तर पर खड़ा होना प्रदेश की जनता के लिए बड़ी राहत है। डॉ. बिंदल ने शिमला से जारी बयान में प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना का लाभ मरीजों तक नहीं पहुंच पा रहा है और हिमकेयर योजना को बंद करना गरीबों के साथ अन्याय है।

### बीआईएस निदेशक की मुख्य सचिव से सौजन्य भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय मानक ब्यूरो परवाणू के निदेशक शिव प्रकाश ने आज मुख्य सचिव संजय गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने हिमाचल प्रदेश में बीआईएस की विभिन्न गतिविधियों और पहलों की जानकारी साझा की तथा 14 अक्तूबर को मनाए जाने वाले विश्व मानक दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

### कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के चयन परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्य महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत बाल विकास परियोजना शिमला (शहरी) के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों को भरने हेतु 30 सितंबर को आयोजित साक्षात्कार के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। गरीबी चयन समिति द्वारा किए गए साक्षात्कार के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति संबंधित आंगनवाड़ी केंद्रों में की जाएगी। जारी सूची के अनुसार खलीनी-1 केंद्र में सुषिला पत्नी सुनीत सहायिका पद पर, होटल एरिया में कमलदीप कौर पत्नी अमरदीप सहायिका पद पर, लोहजेर जाखू में रंजना पत्नी पवन कुमार कार्यकर्ता पद पर, ग्रैंड होटल में सरोज पत्नी अशोक कुमार कार्यकर्ता पद पर, लक्ष्मी मोहल्ला में रीता कुमारी पत्नी विजयु कार्यकर्ता पद पर, पुलिस लाइन में अनीता राणा पत्नी राहुल कार्यकर्ता पद पर तथा हाउसिंग बोर्ड में रत्ना पत्नी लाल चंद कार्यकर्ता पद पर चयनित हुई हैं।

# हिमाचल का वीकेंड पर्यटन फिर चमका

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** लगातार तीन माह तक भारी बरसात और भूस्खलन की मार झेलने के बाद अब हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थल एक बार फिर रौनक से गुलजार हो उठे हैं। जैसे ही बादल छंटे और पहाड़ों पर सुनहरी धूप बिखरी, वैसे ही पर्यटकों का रुख इन वादियों की ओर मुड़ गया। शिमला की गलियों, नारकंडा की ढलानों, कसौली की वादियों, धर्मशाला और चायल के शांत वातावरण में अचानक चहल-पहल लौट आई। सप्ताहांत पर उमड़ी भीड़ ने यह जता दिया कि पहाड़ों का आकर्षण चाहे जितनी कठिनाइयों से गुजरे, उसका जादू कभी कम नहीं होता।

जानकारी के अनुसार दुर्गा पूजा और आगामी त्योहारों की छुट्टियों के चलते गुजरात, दिल्ली, पंजाब और हरियाणा से पर्यटकों का सैलाब हिमाचल की ओर उमड़ पड़ा है। होटल कारोबारियों का कहना है कि पिछले कुछ हफ्तों में बुकिंग पचास से अस्सी प्रतिशत तक बढ़ी है। शिमला और कुफरी में स्थिति यह रही कि सप्ताहांत पर अधिकांश होटल भर गए और कई पर्यटक



**कारोबारियों में लौटी मुस्कान, टैक्सी और दुकानदार भी लाभान्वित**

कमरों की तलाश में एक स्थान से दूसरे स्थान तक भटकते नजर आए। कसौली के होटलों और विश्राम गृहों में अस्सी से नब्बे प्रतिशत तक बुकिंग दर्ज की गई, जबकि चायल में भी पिछले सप्ताह की तुलना में तीस प्रतिशत अधिक पर्यटक पहुंचे।

होटल और होमस्टे संचालकों के साथ-साथ टैक्सी चालक, भोजनालय संचालक और छोटे दुकानदार भी इस भीड़ से लाभान्वित हो रहे हैं।

**मौसम खुलते ही पर्यटकों ने थामा पहाड़ों का रास्ता**

पिछले तीन महीनों की उदासी के बाद इस भीड़ ने उन्हें नई उम्मीद दी है। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ हिमाचल के अध्यक्ष गजेंद्र चंद ठाकुर का कहना है कि मौसम खुलते ही सप्ताहांत पर्यटन में उल्लेखनीय सुधार दर्ज हुआ है। उनका मानना है कि यदि यह रफ्तार बनी रही तो आने वाला शीतकालीन मौसम पर्यटन कारोबार का नया कीर्तिमान बना सकता है।

### वेलकम हिमाचल अभियान होगा मजबूत : भाटिया

**पर्यटन** विभाग ने भी माना है कि सप्ताहांत पर्यटन में आई इस वृद्धि से न केवल होटल और विश्राम गृह संचालकों, बल्कि टैक्सी चालकों और छोटे दुकानदारों को भी सीधा लाभ हो रहा है। विभाग के निदेशक विवेक भाटिया ने बताया कि अब पूरे प्रदेश में वेलकम हिमाचल अभियान को और मजबूती से लागू किया जाएगा। इसका उद्देश्य यह है कि हर पर्यटक को सुरक्षित, सहज और सुखद अनुभव मिल सके। विभाग का मानना है कि यदि पर्यटकों को अच्छा वातावरण और सुविधाएँ मिलती हैं तो वे बार-बार हिमाचल का रुख करेंगे। पर्यटन से जुड़े हर वर्ग के चेहरे पर लंबे समय बाद फिर से मुस्कान लौट आई है।

# शिमला के प्रमुख स्थलों पर धरना प्रदर्शन व सार्वजनिक बैठकों पर रोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**दो माह तक रहेगा प्रभावी जुलूस पर रोक, हथियार और शोर-शराबे पर भी पाबंदी**

**जिला दंडाधिकारी ने जारी किए आदेश**

जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने पंजाब राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1953 की धारा 6 के तहत आदेश जारी करते हुए शिमला शहर के 10 चिन्हित स्थलों पर सार्वजनिक बैठकें, धरना-प्रदर्शन, जुलूस, रैलियां व नारेबाजी पर रोक लगा दी है।

आदेशों के अनुसार छोटा शिमला से रिज व कैनेडी हाउस तक, स्कैंडल प्वाइंट से कालीबाड़ी मंदिर तक, रेंडेजवॉयस रेस्टोरेंट से रिवोली सिनेमा तक और अन्य संवेदनशील मार्गों व चौराहों पर यह प्रतिबंध लागू रहेगा। निर्देशों के अनुसार न केवल धरना-प्रदर्शन बल्कि प्रतिबंधित स्थलों पर बैंड-बाजे बजाने और अपराध की मंशा से हथियार के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली किसी भी वस्तु को ले जाने पर भी पूर्ण रोक होगी। आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस व सुरक्षाबलों को होगी छूट

**यह** आदेश पुलिस, अर्धसैनिक बलों और सैन्य कर्मियों पर लागू नहीं होगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंध सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की तात्कालिकता को देखते हुए लगाए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी दो माह तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि में किसी भी कार्यक्रम के लिए सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

# सीमा कॉलेज के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण



सीमा कॉलेज के छात्र औद्योगिक भ्रमण के दौरान शिक्षकों के साथ।

दशमी रावत, रोहड़ू

राजा वीरभद्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा द्वारा 28 सितंबर से 2 अक्तूबर तक बीसीए विभाग के 24 विद्यार्थियों के लिए एक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. ललित रावत ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वास्तविक कार्यप्रणाली और रोजगार के अवसरों से अवगत कराना है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जेटकिंग संस्थान का दौरा किया। उसके बाद विद्यार्थियों ने हिमसॉफ्ट सॉल्यूशन्स कंपनी का भ्रमण किया।

जगदीश रांझा ने विद्यार्थियों को बताया कि सॉफ्टवेयर कंपनियों में डेवलपर, डिजाइनर और टेस्टिंग जैसे विभिन्न कार्य क्षेत्रों में किस प्रकार कार्य किया जाता है। छात्रों का यह भ्रमण सहायक प्राध्यापक संजय बासींगटा एवं सहायक प्राध्यापक रेनू चौहान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# शिमला में पटाखों की बिक्री पर सख्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपायुक्त अनुपम कश्यप ने त्योहारी सीजन को देखते हुए निर्देश दिए कि पूरे जिला शिमला में केवल लाइसेंसधारी दुकानदार ही पटाखे बेच सकेंगे। जिला में इस समय मात्र दो ही लाइसेंस धारक हैं और इनके अलावा किसी भी दुकानदार द्वारा भंडारण, बिक्री या वितरण पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

सभी एसडीएम औचक निरीक्षण करेंगे और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ अनाधिकृत स्टॉक जब्त करने से लेकर व्यापार लाइसेंस रद्द करने और आपराधिक मामला दर्ज करने तक की कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने जनता से भी अपील की कि वे पटाखे केवल अधिकृत दुकानों से ही खरीदें ताकि वर्ष 2025 का दिवाली उत्सव सुरक्षित और शांतिपूर्ण हो।

त्योहारी सीजन में मिलावट और अवैध गतिविधियों पर भी प्रशासन ने निगरानी सख्त कर दी है। खाद्य आपूर्ति विभाग मिठाइयों की दुकानों से नियमित सैंपलिंग करेगा और घटिया सामग्री मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी। दुकानों में 100 किलो से अधिक सिलेंडर रखने पर भी कार्रवाई होगी तथा अवैध सिलेंडर सप्लाई करने वाले वाहनों को तुरंत जब्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

# शिमला जिले में 26 दुग्ध सहकारी समितियों का गठन



जिला दुग्ध विकास समिति की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अनुपम कश्यप।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।

**57 पंचायतों में होगा और विस्तार, किसानों की आमदनी बढ़ाने पर जोर**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने आज जिला दुग्ध विकास समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 26 दुग्ध सहकारी समितियों का गठन किया जा चुका है, जबकि 57 पंचायतें ऐसी हैं जहां पर 200 लीटर से अधिक दुग्ध उत्पादन होता है।

इन पंचायतों में भी समितियों के गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी ताकि ग्रामीण स्तर पर दूध उत्पादन को बढ़ावा मिल सके।

बैठक में दुग्ध उत्पादन से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समितियों को समय पर तकनीकी व वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाए और विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी।

### आपदा राहत राशि का हिसाब दे सरकार : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल ने राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र से भेजा गया पैसा किसी की जेब में नहीं आता, बल्कि सरकार की ट्रेजरी में जाता है और उसकी पाई-पाई का हिसाब देना पड़ता है।



उन्होंने कहा कि आपदा राहत का धन प्रभावितों के घर बनाने और उनकी सुविधाओं को बहाल करने के लिए ही है, न कि नेताओं के चहेतों की जेबें भरने के लिए। उन्होंने आरोप लगाया कि 2023 की आपदा से तबाह हुए इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकार अब तक एक पत्थर तक नहीं रखवा पाई है। केंद्र सरकार अब तक हिमाचल को आपदा राहत के नाम पर 5500 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता दे चुकी है, लेकिन सरकार खुद विधानसभा में मान चुकी है कि केवल 350 करोड़ रुपए ही प्रभावितों तक पहुंचे हैं।

# कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय की सौगात से भाजपा में बौखलाहट

**कहा-शिक्षा मंत्री के प्रयासों से मिली बड़ी उपलब्धि**

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के अथक प्रयासों का परिणाम है। इस उपलब्धि को लेकर युवा कांग्रेस जुब्बल-नावर-कोटखाई ने कहा कि भाजपा नेता और कार्यकर्ता बौखलाहट में अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं।

युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में कहा कि जनता के हित में इस उपलब्धि का स्वागत करने के बजाय भाजपा केवल नकारात्मक राजनीति कर रही है।

युवा कांग्रेस ने भाजपा को घेरते हुए सवाल किया कि वर्ष 2016 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने जुब्बल की धार पंचायत में केंद्रीय विद्यालय खोलने की घोषणा की थी, उसका क्या हुआ? कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा जनता को जवाब दे कि उस घोषणा का परिणाम क्यों नहीं निकला।

### सांसद की भूमिका पर कांग्रेस का तंज

**युवा** कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया कि कोटखाई के केंद्रीय विद्यालय को लेकर झूठा श्रेय लेने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा अब इसे सांसद सुरेश कश्यप की उपलब्धि बताने लगी है, जबकि 2019 से सांसद रहने के बावजूद उन्होंने सिरमौर में केंद्रीय विद्यालय नहीं खोला। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि कोटखाई और पांवटा साहिब दोनों स्थानों पर विद्यालय स्वीकृत करवाने में केवल शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की पहल और मेहनत रही है।

### काम की राजनीति बनाम फेसबुक की राजनीति

**युवा** कांग्रेस ने भाजपा नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे केवल फेसबुक और सोशल मीडिया तक ही सीमित हैं। जबकि जुब्बल-नावर-कोटखाई की जनता काम की राजनीति चाहती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने दूरदर्शिता और निरंतर मेहनत से यह सिद्ध किया है।

### मंत्री अनिरुद्ध सिंह करेंगे जनसुनवाई और पंचायत घरों का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 06 से 08 अक्तूबर तक कुसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। प्रवास के दौरान वह न केवल पंचायत घरों का शुभारंभ करेंगे, बल्कि विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनेंगे।

मंत्री 06 अक्तूबर को प्रातः 11.30 बजे चियोग, दोपहर 1 बजे धलैउ, दोपहर 2.30 बजे तलाई तथा 3.30 बजे कढरब में जन समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद शाम 4.30 बजे वह नाला पंचायत घर का शुभारंभ करेंगे और ग्रामीणों से संवाद करेंगे। इसके अगले दिन यानी 07 अक्तूबर को मंत्री दोपहर 12 बजे कुफरी बाजार, दोपहर 2 बजे जुग्गर, दोपहर 3 बजे सतोग तथा सायं 4.30 बजे धरेच में जनसुनवाई करेंगे।

08 अक्तूबर को अनिरुद्ध सिंह प्रातः 11.30 बजे बनी, दोपहर 1 बजे शालोघाट और 3 बजे बेखलटी में लोगों की समस्याएं सुनेंगे। दिन का समापन सायं 4 बजे मखड़ोल पंचायत घर के उद्घाटन और ग्रामीणों से संवाद के साथ होगा। इस लोगों की समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा।

# भाजपा ही बागवानों की सच्ची हितैषी : बलबीर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चौपाल के विधायक बलबीर सिंह वर्मा।

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चौपाल विधानसभा के विधायक बलबीर सिंह वर्मा ने कहा कि भाजपा ही बागवानों की सच्ची हितैषी है। उन्होंने याद दिलाया कि यूनिवर्सल कार्टन प्रणाली की नींव स्वर्गीय बागवानी मंत्री नरेंद्र बरागटा ने डाली थी और भाजपा ने हमेशा बागवानों के लिए दीर्घकालिक नीतियां बनाई हैं। वर्मा ने कांग्रेस पर सीधा हमला करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने सेब बागवानों से किए वादे पूरे नहीं किए। इस साल सेब 90 के दशक जैसी दरों पर बिकना कांग्रेस की नाकामी का जीता-जागता सबूत है। मंडियों और सड़कों की बदहाली, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और प्रसंस्करण प्लांट का सही इस्तेमाल न होना मौजूदा सरकार की अक्षमता को उजागर करता है।

**भाजपा सेब उद्योग से जुड़ी जीएसटी संरचना में करेगी सुधार**

उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आते ही यूनिवर्सल कार्टन व्यवस्था को और तर्कसंगत बनाएगी तथा सेब उद्योग से जुड़ी जीएसटी संरचना में सुधार करेगी। वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि दिवाली से पहले जीएसटी में कटौती जनता के लिए बड़ा तोहफा है और कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति क्षेत्र के बच्चों के लिए ऐतिहासिक सौगात है।

### कांग्रेस की नीतियां प्रदेश के लिए नुकसानदेह साबित

**वर्मा** ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने बागवानी और पर्यटन दोनों क्षेत्रों को नजरअंदाज कर दिया है। उन्होंने कहा कि सड़कों और मंडियों की दुर्दशा से व्यापारी और बागवान दोनों परेशान हैं। भाजपा के शासन में शुरू किए गए विकास कार्यों को ठप कर देना कांग्रेस की संकीर्ण राजनीति का नतीजा है। वर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है और भाजपा को ही स्थाई विकल्प मान रही है।

### शिक्षा मंत्री झूठा श्रेय लेने की राजनीति में व्यस्त: सुंदर डोगरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा कोटखाई-नावर मंडल के अध्यक्ष सुंदर डोगरा ने शिक्षा मंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे केवल केंद्र सरकार की योजनाओं का श्रेय लेने में माहिर हैं, जबकि उनके पास अपनी कोई ठोस पहल नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देशभर में 57 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने का निर्णय लिया है, जिनमें से दो हिमाचल को मिले हैं। कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति इस क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक सौगात है।



**चेतन बरागटा की सक्रियता से मिली विकास की रफ्तार**

इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और सांसद सुरेश कश्यप का आभार जताया।

डोगरा ने कहा कि इस उपलब्धि के पीछे भाजपा नेता चेतन बरागटा की सक्रियता और प्रदेश व केंद्र नेतृत्व के साथ उनके निरंतर समन्वय की अहम भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि जुब्बल-कोटखाई-नावर क्षेत्र में आज अधिकांश योजनाएं केंद्र सरकार के बजट से संचालित हो रही हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अब तक लगभग 400 करोड़ रुपये की स्वीकृति इस क्षेत्र को मिल चुकी है।

भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार केवल प्रचार और क्रेडिट की राजनीति में उलझी हुई है, जबकि भाजपा सरकार के कार्यकाल में शिक्षा, सड़क और बागवानी क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ।

**बदलाव** | तीन माह के 200 रुपए, 17 श्रेणियां होंगी लाभार्थी

# फ्री व रियायती बस सुविधा के लिए हिमपास जरूरी

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में एचआरटीसी अगले सप्ताह से एक नई व्यवस्था लागू करने जा रहा है। अब प्रदेश में निशुल्क और रियायती यात्रा करने वाले सभी यात्रियों को इसके लिए हिम बस कार्ड बनवाना अनिवार्य होगा। निगम का कहना है कि बिना कार्ड कोई भी व्यक्ति बसों में मुफ्त या आधे किराये की सुविधा नहीं ले सकेगा।

जानकारी के अनुसार निगम ने यात्रियों को हिम बस कार्ड बनवाने के लिए तीन माह का समय दिया है। कार्ड बनाने के लिए 200 रुपए शुल्क देना होगा और हर वर्ष इसे 150 रुपए देकर नवीनीकृत किया जा सकेगा।

निगम ने इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल तैयार कर लिया है और सरकार से औपचारिक अनुमति दो-तीन दिन में मिलने की उम्मीद है।

**सुविधा के लिए निगम ने ऑनलाइन पोर्टल किया तैयार**

वर्तमान में प्रदेश की महिलाओं को बस किराये में पचास प्रतिशत छूट और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाती है। अब इन लाभार्थियों को भी यात्रा जारी रखने के लिए हिम बस कार्ड बनवाना होगा।

राज्य में इस समय 17 श्रेणियों को निशुल्क या रियायती यात्रा की सुविधा मिल रही है। इनमें निगम के कर्मचारी और सेवानिवृत्त, दिव्यांग, स्वतंत्रता सेनानी और उनके सहयोगी, युद्ध विधवाएं, पूर्व विधायक और सांसद, राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता, मान्यता प्राप्त संवाददाता, गंभीर रोगी आदि शामिल हैं। अब इन सभी के लिए पहचान पत्र के साथ कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है।

**महिलाओं और स्कूली बच्चों को भी बनवाना होगा हिम बस कार्ड**

### फर्जी पास और बाहरी राज्यों पर लगेगी रोक

**एचआरटीसी** ने स्पष्ट किया है कि पंजाब, हरियाणा सहित अन्य राज्यों के कुछ यात्री अब तक हिमाचल की इस योजना का लाभ उठा रहे थे, जिससे निगम को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा था। इस स्थिति को रोकने और वास्तविक लाभार्थियों तक सुविधा पहुंचाने के लिए हिम पास व्यवस्था लागू की जा रही है। इस बदवाल से निगम के साथ प्रदेश में आर्थिक तौर पर सुधार होगा।



## न्यूज ब्रीफ

### बास्केटबाल में ऐम एकेडमी की टीम उपविजेता



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खालिरा में जिला स्तरीय टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इसमें ऐम एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बागकुंलजा जयसिंहपुर के खिलाड़ी ने बेहतर प्रदर्शन किया। मुक्केबाजी में तरुण ने स्वर्ण पदक हासिल किया। बास्केटबाल में टीम उपविजेता रही। स्कूल प्रबंधक राकेश सरोच ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### अंडर-14 छात्र खेलकूद ट्रायल का शुभारंभ

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पीएमश्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला बेहड़ में प्रधानाचार्य नरेश कुमार धीमान की अध्यक्षता में खंड स्तरीय अंडर-14 छात्र खेलकूद ट्रायल का शुभारंभ कर्मचारी एवं कामगार कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने किया। उपप्रधानाचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी आशा रानी ने बताया कि ट्रायल में 36 विद्यालयों के 270 खिलाड़ी छात्र भाग ले रहे हैं। अंकिता, सपना और सहेलियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि को प्रधानाचार्य और समस्त स्टाफ ने हिमाचली टोपी और स्मृति चिन्ह भेट करके सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया।

### कार्यकर्ता व सहायिका पद के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** बाल विकास परियोजना पंचरुखी के कार्यक्षेत्र में पड़ने वाले विधानसभा पालमपुर के आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के रिक्त पदों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए हैं। आंगनबाड़ी केंद्र अप्पर भरमात नगर परिषद पालमपुर वार्ड 15, चुधरेहड़ व अप्पर मौलीचक पंचायत मौलीचक, पंतेहड़ नगर परिषद पालमपुर वार्ड 13 में आंगनबाड़ी सहायिकाओं व बाहडू पंचायत दियोग्रां एवं सरालू नगर परिषद वार्ड 11 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पदों के पद भरे जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्तूबर व साक्षात्कार 4 नवंबर को निर्धारित किए गए हैं।

### 10 दिवसीय 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** 21 सितंबर से 2 अक्तूबर तक भाऊवाला देहरादून में आयोजित भारत श्रेष्ठ भारत शिविर में शहीद कैप्टन विक्रम बतरा महाविद्यालय से सार्जेंट सोनाक्षी एवं कैडेट वंश ने भाग लिया। शिविर में चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के लगभग 600 कैडेट्स ने हिस्सा लिया। कैडेट्स ने व्याख्यान, संवाद सत्र, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। शिविर के दौरान भारतीय सैन्य अकादमी, एयर फोर्स सेलेक्शन बोर्ड और वन अनुसंधान संस्थान का भ्रमण भी किया गया। यह शिविर कैडेट्स के लिए सीख, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अनुभव रहा। महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या प्रोफेसर कल्पना ऋषि, एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट रेनू डोगरा और केयरटेकर प्रोफेसर आदित्य भान ओझा ने कैडेट्स को सफल भागीदारी पर बधाई दी।

### दो लाख से बनेगा रामलीला मंचः पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शुक्रवार देर सायं द्रमण में सत्यमेव युवक मंडल द्रमण तथा रामलीला एवं दशहरा कमेटी मंझग्रा द्वारा आयोजित दशहरा उत्सव में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक पठानिया ने कहा कि दशहरा सत्य, धर्म और न्याय की विजय का शाश्वत प्रतीक है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उनका इस रामलीला से वर्षों से आत्मीय जुड़ाव रहा है। इस अवसर पर उन्होंने रामलीला मंच निर्माण के लिए 2 लाख रुपए तथा कमेटी को अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। साथ ही, रामलीला में विभिन्न किरदार निभाने वाले सभी कलाकारों को सम्मानित किया। उत्सव के दौरान रामलीला का शानदार मंचन हुआ और लोगों ने रंगारंग आतिशबाजी का भरपूर आनंद लिया।

### खैबर, टिकरी में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि 6 अक्तूबर को 11 केवी टंग फीडर और 11 केवी खनियारा फीडर के तहत आने वाले टंग, बलेहड़, तिरंगा, खैबर, टिकरी, सालिग, कस्बा, नरवाणा, देव चौक, खिड़कू, कंड कड़ियाना, बगिआरा, जूहल, सिद्धपुर, खनियारा, थात्री, लोअर मोहली आदि क्षेत्रों में प्रातः 9:30 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा की स्थिति में यह कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### नंदहेड़, पुराना मटौर में कल लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल नंबर-2 के सहायक अभियंता रमेश धीमान ने बताया कि 132/33/11 घुरकड़ी में सामान्य रखरखाव के चलते 11 केवी रजोल एक्स-प्रैस तथा 11 केवी बगली फीडर के क्षेत्रों नंदहेड़, पुराना मटौर, घुंडी, बगली, असोली, पटोला, घाना, गंग भैरों, गगली, चैतड़ू, बनवाला, मनेड़, मस्तपुर, कंदरेहड़, चकवां ढगवार, सराह, लोअर सकोह, पुलिस लाइन सकोह तथा साथ लगते क्षेत्रों में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। 11 केवी मंडल फीडर के क्षेत्रों मंडल, मसरेहड़, भड़वाल, त्रैंबलू, हरनेड़, घियाना खरड़, ढगवार, खटेड़, मनेड़, अप्पर बगली, कोहाला, मटौर तथा साथ लगते क्षेत्रों में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### आईटीआई नैहरनपुखर में दीक्षांत समारोह

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैहरनपुखर में शनिवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में युवाओं के जोश और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ठाकुर ने कहा कि तकनीकी शिक्षा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाती है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को मेहनत, अनुशासन और कौशल से सफलता पाने का संदेश दिया। संस्थान के प्राचार्य ने तकनीकी शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। समारोह में विभिन्न ट्रेडों के प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षकगण, अधिकारी और प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों में भविष्य की उज्ज्वल छवि और आत्मनिर्भर भारत के सपने देखने का उत्साह

# बाघनी पंचायत में खुली सीसीटीवी और कंप्यूटर सेक्शन युक्त लाइब्रेरी

## डीसी ने किया उद्घाटन, 50 छात्रों के एक साथ पढ़ाई करने की सुविधा होगी उपलब्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगती बाघनी पंचायत सीसीटीवी कैमरों व कंप्यूटर सेक्शन युक्त लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध हो गई है। शनिवार को डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने पंचायत बाघनी में 30 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित पंचायत सामुदायिक केंद्र और पुस्तकालय का उद्घाटन किया।

इस दौरान कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी भी मौजूद रहे। लाइब्रेरी में आने वाले सभी छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे परिसर में चौबीसों घंटे सुरक्षा के लिए 8 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। डीसी ने कहा कि पुस्तकालय न केवल बाघनी पंचायत के छात्रों को लाभान्वित करेगा, बल्कि आसपास की पंचायतों के लिए भी मूल्यवान संपत्ति होगी। 50 से अधिक छात्रों के बैठने की क्षमता वाला पुस्तकालय सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। वहीं,



कंप्यूटर सेक्शन युक्त लाइब्रेरी का उद्घाटन करते डीसी हेमराज बैरवा।

कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने कहा कि धर्मशाला में बागनी पंचायत पहली है, जहां लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया है। इस लाइब्रेरी की सुविधा आसपास की पंचायतों के लोगों को भी मिलेगी। जिला लाइब्रेरी में बच्चों की संख्या अधिक है, ऐसे में बाघनी पंचायत की लाइब्रेरी में 50 बच्चों

### जेईई, नीट की तैयारी कर सकेंगे छात्र

**अत्याधुनिक** पुस्तकालय, सिविल सेवा, नीट/जेईई नोट्स और सामान्य साहित्य के विविध संग्रह सहित पुस्तकों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध करवाई गई है। छात्रों को ऑनलाइन सर्फिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए एक अलग कंप्यूटर सेक्शन भी स्थापित किया गया है।

### 54 जिला परिषद वार्डों में 50 फीसदी लाइब्रेरी निर्माण कार्य पूरा

डीसी ने कहा कि ऐसा निर्णय लिया था कि जिले के 54 जिला परिषद वार्डों में कम से कम एक लाइब्रेरी हो, जहां बच्चे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के साथ पढ़ाई कर सकें। अब तक 54 जिला परिषद वार्डों में लाइब्रेरी निर्माण का 50 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है तथा संचालन शुरू हो चुका है, इसमें पंचायतों और जिला प्रशासन ने भी सहयोग दिया है। इस लाइब्रेरी में नगर निगम और पंचायत के बच्चे पढ़ाई कर इसका प्रयोग कर सकेंगे। यहां पर काफी जमीन उपलब्ध है, जहां पर सिटी पार्क का कान्सेप्ट है। इसके अलावा फिटनेस सेंटर या अन्य सुविधाएं भी यहां मुहैया करवाई जाएंगी।

### चंडीगढ़ की संस्था ने दी मुफ्त कोचिंग और अध्ययन सामग्री

चंडीगढ़ स्थित कोचिंग संस्थान सिविल्स टैप ने विकास खंड धर्मशाला के साथ मिलकर पुस्तकालय में छात्रों को एचपीएएस, एचपी टीईटी, एचपी पुलिस कांस्टेबल और अन्य सभी परीक्षाओं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग/अध्ययन सामग्री प्रदान की है। संस्थान के प्रतिनिधि विनय जोशी ने कहा कि संस्था छात्रों को हर हफ्ते मुफ्त परामर्श/मार्गदर्शन सत्र देकर उनकी मदद करेगा। साथ ही पुस्तकालय के छात्रों के साथ हर हफ्ते मुफ्त ऑनलाइन सत्र आयोजित किए जाएंगे। पुस्तकालय में संस्थान द्वारा तैयार की गई पठन सामग्री मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी।

# झूठी गारंटियों पर सत्ता हथियाने वाले चला रहे वोट चोरी अभियान : कपूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**बोले, सड़क से सदन तक गारंटियों से मुकर गए कांग्रेस नेता**

**प्रदेश** भाजपा प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने धर्मशाला से जारी बयान में कांग्रेस सरकार और सुक्खू मंत्रिमंडल पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 10 झूठी गारंटियों के नाम पर जनादेश हथियाने वाले अब किस मुंह से वोट चोरी का अभियान चला रहे हैं। त्रिलोक ने तीखा वार करते हुए कहा कि जिन नेताओं ने सड़क से लेकर सदन तक गारंटियों से मुकरने का काम किया, आज वही जनता का सामना करने से कतराते हैं।



उन्होंने कहो कि लोग सड़कों-चौराहों पर कांग्रेस नेताओं को रोककर उनसे 10 गारंटियों का हिसाब मांग रहे हैं, लेकिन न मुख्यमंत्री के पास कोई जवाब है, न मंत्रियों और विधायकों के पास। उन्होंने याद दिलाया कि सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने पहले ही कैबिनेट में एक लाख नौकरी देने का झूठा वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद डेढ़ लाख से ज्यादा पद समाप्त कर दिए गए और 15,000 से अधिक लोगों की नौकरियां छीन ली गईं। उन्होंने कहा कि यह वही मंत्री हैं, जिन्होंने भगवान की झूठी कसमें खाकर और अपने आला नेताओं का हवाला देकर लोगों को बरगलाया था। आज गारंटियों की चर्चा आते ही वे बगलें झांकते हैं।

मुख्यमंत्री समेत कई मंत्री अपने ही बयानों से पलट चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के नाम पर केवल नेताओं के परिवारजन और खास मित्र ही लाभ उठा रहे हैं, जबकि आम जनता मामूली सुविधाओं के लिए भी तरस रही है। आपदा से पीड़ित लोगों को न तो राहत मिली, न ही सड़क और मुख्य मार्गों की बहाली हो पाई। लोगों की मेहनत की फसलें खेतों में सड़ गईं और सरकार आंखें मूंदे बैठी रही। त्रिलोक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मंत्रियों और विधायकों को कोई अधिकार नहीं दिया, इसलिए वे जनता के पास जाने से भी बचते हैं, लेकिन जनता अब हर मोर्चे पर उनसे हिसाब मांगने को तैयार बैठी है।

# धर्मशाला में 24 घंटे मिलेगी ई-इलेक्ट्रिक बस सेवा की सुविधा : देवेंद्र जग्गी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पूर्व** महापौर देवेंद्र जग्गी ने कहा कि धर्मशाला नगर निगम तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में 24 घंटे ई-इलेक्ट्रिक बस सेवा आरंभ की जाएगी, ताकि क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिले।

बाघनी पंचायत में आयोजित समारोह में पूर्व महापौर ने कहा कि ई-इलेक्टिक बसें आरंभ होने से धर्मशाला में लोगों को पार्किंग जैसी दिक्कत से भी नहीं जूझना पड़ेगा तथा यह बसें पंद्रह-पंद्रह मिनट पश्चात आवाजाही करती रहेंगी। इससे लोगों को रात को भी अपने घरों तक पहुंचने में असुविधा नहीं होगी। पूर्व महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के मार्गदर्शन में धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र को नई दिशा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में पर्यटन निगम का राज्य कार्यालय खोलने से पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर का कन्वेंशन सेंटर भी धर्मशाला में निर्मित किया जा रहा है। पूर्व महापौर ने कहा कि जन हित के कार्यों में किसी भी स्तर पर राजनीति बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए हरसंभव कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने राज्यभर में जनहितैषी योजनाएं तथा कार्यक्रम आरंभ करके आम जनमानस को राहत पहुंचाई है। जग्गी ने कहा कि धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में आपदा से प्रभावित परिवारों से स्वयं मिलकर आए हैं तथा उनकी सरकार की ओर हरसंभव मदद सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने बाघनी पंचायत के प्रतिनिधियों को पंचायत भवन और लाइब्रेरी खुलने पर बधाई देते हुए कहा कि इससे युवाओं को पढ़ाई के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी।

## हिमाचल के पेंशनर्स संघों का ज्वॉइंट फ्रंट गठित आज बिलासपुर में बनेगी आंदोलन की रूपरेखा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश के विभिन्न पेंशनर्स संघों ने एकजुट होकर अपने हकों की लड़ाई लड़क के लिए हिमाचल पेंशनर्स ज्वॉइंट फ्रंट का गठन किया है। इस फ्रंट का नेतृत्व मंडी जिले के पूर्व अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के वरिष्ठ नेता हरीश शर्मा को संयोजक के रूप में सौंपा गया है। यह फ्रंट सरकार के पेंशनर्स विरोधी रवैये और उनकी मांगों की लगातार अनदेखी के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक जंग लड़ेगा। हिमाचल पेंशनर्स ज्वॉइंट फ्रंट ने अपनी आंदोलनात्मक रणनीति तैयार करने के लिए 5 अक्तूबर को बिलासपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया है। बैठक में पेंशनर्स के हकों के लिए प्रभावी और ठोस कदम उठाने की योजना बनाई जाएगी। फ्रंट के नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने कहा कि जनवरी, 2016 से जनवरी, 2022 के बीच रिटायर हुए कर्मचारियों के लिए संशोधित ग्रेच्युटी, अर्जित अवकाश नकदीकरण और पेंशन कम्युटेशन का बकाया भुगतान जल्द किया जाए। मासिक हजारों रुपए के नुकसान की भरपाई और उनकी वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ किया जाए। सरकार की पेंशनर्स विरोधी नीतियों को समाप्त कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। पेंशनर्स की जायज मांगों को तुरंत पूरा नहीं किया, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। बिलासपुर में होने वाली बैठक में इस आंदोलन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## निजी बस में सवार दो लोग 1 किलो 6 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक किलो छह ग्राम चरस सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी मनाली से पठानकोट जा रही निजी बस में सवार होकर चरस की सप्लाई ला रहे थे। आरोपियों की पहचान 45 वर्षीय हरीश कुमार उर्फ बिट्टू निवासी गांव छतरोली डाकघर जसूर, तहसील नूरपुर व 34 वर्षीय रोकी निवासी गांव चकधरावखान डाकघर चनग्रां वार्ड 4 तहसील व जिला कठुआ के रूप में हुई है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना नगरोटा बगवां में मामला दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया कि आरोपी लंबे समय से नशे के अवैध धंधे में सक्रिय थे और निरंतर पुलिस की निगरानी में थे। शुक्रवार को जब आरोपी मनाली से चरस की खेप ला रहे थे तो जिला पुलिस की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नियमानुसार त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए नगरोटा बगवां के पास सुनेहड़ पुल के पीछे इन्हें रंगे हाथों काबू किया तथा इनके कब्जे से 1 किलो 6 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

# टूटे घरों में उम्मीद की दीवार खड़ी कर रहे हैं संजय पराशर

**मूंही पंचायत में दो पीड़ित परिवारों को दिया आर्थिक सहयोग**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**बरसात** की बेरहम बूंदों ने इस बार जसवां-परागपुर क्षेत्र को गहरे जख्म दिए हैं। कल तक जिन घरों की दीवारें हंसी-खुशी की गवाह थीं, वे आज टूटे मलबे में अपने अस्तित्व की तलाश कर रही हैं। इसी अंधेरे समय में कैप्टन संजय पराशर ने भी उम्मीद का दीप जलाया है।

बीते एक महीने से कैप्टन संजय पराशर जसवां-परागपुर में कहीं किसी पीड़ित परिवार के आंसू पोंछ रहे हैं, तो कहीं टूटी छत के नीचे खड़े होकर ढांढस बंधा रहे हैं कि 'हिम्मत मत हारो, मैं हूं ना।' उनकी उपस्थिति मात्र से लोगों में जो आत्मविश्वास और अपनापन लौट आता है, वह शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है।

बरसात का कहर थम तो गया है, पर उसका दर्द अब भी कई घरों के भीतर है। मूंही पंचायत का गांव इस पीड़ा का साक्षी है, जहां धर्मपाल सिंह और राज कुमार के मकान इस बरसात में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इन्हीं हालात में कैप्टन संजय पराशर गांव पहुंचे। उन्होंने न कोई औपचारिकता निभाई और सीधे पीड़ित परिवारों के बीच बैठ गए। उन्होंने



मूंही पंचायत में आपदा पीड़ित परिवारों से मिले संजय पराशर।

धर्मपाल सिंह से कहा कि यह संकट का समय है, लेकिन आप अकेले नहीं हैं। गांव के ही राज कुमार से भी उन्होंने दुख साझा किया और साथ ही उन्होंने दोनों परिवारों को आर्थिक सहयोग भी दिया। स्थानीय वासी अश्वनी धीमान और सुखदेव सेठी का कहना है कि कैप्टन पराशर का यह व्यवहार कोई नई बात नहीं है। जब भी क्षेत्र में कोई संकट आया है, चाहे कोरोना महामारी हो या किसी परिवार को इलाज की जरूरत पड़ी हो, वह हमेशा सबसे पहले पहुंचते हैं। उनकी संवेदना दिखावे से परे है, उसमें अपनापन और आत्मीयता का भाव है। वे मदद करते हैं तो केवल मानवता के नाते, बिना किसी स्वार्थ या चर्चा की चाह के। वहीं, अशुंल राणा, राज कुमार व रंजीत ने कहा कि आज जब विकास की दौड़ में संवेदनाएं अकसर पीछे छूट जाती हैं, तब संजय पराशर यह याद दिलाते हैं कि मदद का असली अर्थ है कि किसी के दुख में सहभागी बनना। उन्होंने साबित किया है कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो जनता के सुख-दुख में बराबर खड़ा हो। सतपाल शर्मा और अनिल कुमार ने कहा कि जसवां-परागपुर की बरसाती चोटें शायद जल्द न भरें, लेकिन संजय पराशर इस क्षेत्र की आत्मा में एक नया विश्वास भर रहे हैं। टूटी दीवारों के बीच से अब भी उम्मीद की किरण झांक रही है, क्योंकि जब तक ऐसे संवेदनशील दिल इस धरती पर हैं, तब तक कोई भी आपदा मानवता को नहीं हरा सकती।

## एचपीयू के 20 अनुसंधानकर्ताओं ने 500 स्कूलों का किया सोशल ऑडिट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** समग्र शिक्षा के तहत प्रदेश के 20 फीसदी स्कूलों का इस वर्ष सोशल ऑडिट हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी की ओर से किया जा रहा है। जिले में यह सोशल ऑडिट समग्र शिक्षा के जिला परियोजना अधिकारी एवं जिला उपनिदेशक गुणवत्ता शिक्षा कंचन ज्योति के मार्ग दर्शन में किया गया। जिले के सभी शिक्षा खंडो में यह ऑडिट हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के प्रशिक्षित अनुसंधानकर्ताओं द्वारा लगभग 500 के लगभग स्कूलों में सफलता पूर्वक प्रथम चरण संपन्न किया गया। इसमें प्रदेश विश्वविद्यालय के लगभग 20 अनुसंधान कर्ताओं ने अलग अलग शिक्षा खंडो में किया। इसमें सरकारी स्कूलों की संपूर्ण जांच की गई। इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर स्कूल के सभी प्रतिमानों को देखा गया। स्कूल प्रवंधन समिति के सदस्यों, अभिभावकों, तथा अन्य सामुदायिक सदस्यों से भी स्कूल विकास, पढ़ने व पढ़ाने पर प्रश्न पूछे गए, जिसमें स्कूल का मुखिया, अध्यक्ष व बच्चों के अभिभावकों, बच्चों, शिक्षकों आदि से प्रपत्रों से संबंधित प्रश्न रहे। सोशल ऑडिट के जिला समन्वयक डॉ. जोगिंद्र सिंह ने बताया कि अभी ये ऑडिट पूर्णतः संपन्न नहीं हुआ है। अभी प्रत्येक शिक्षा खंडों में सार्वजनिक सुनवाई करवाई जाएगी, जिसमें सामुदायिक जनों, पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षा विद्धाओं, प्रशासनिक अधिकारियों, को सम्मलित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में इस ऑडिट का सार्वजनिक अनुमोदन किया जायगा। ये ऑडिट प्रतिवर्ष 20 फीसदी स्कूलों का होगा और 2030 तक सभी स्कूलों में किया जाएगा।

**हर शिक्षा खंड में होगी सार्वजनिक सुनवाई : डॉ. जोगिंद्र**

## आठ को कर्नाटक के खिलाफ मैदान में उतरेगी एचपीसीए क्रिकेट टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बीसीसीआई सीनियर वुमेन टी-20 ट्रॉफी (एलीट) के क्रिकेट मैचों में एचपीसीए की टीम अपना पहला लीग मैच 8 अक्तूबर को कर्नाटक के खिलाफ खेलेगी। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की मेजबानी में आयोजित करवाए जा रहे इस ट्रॉफी के सभी मैच ग्वालियर में होंगे। चयनित एचपीसीए की सीनियर वुमेन टी-20 टीम तय शेड्यूल के तहत अपना पहला मैच 8 अक्तूबर को कर्नाटक के खिलाफ, दूसरा मैच 9 अक्तूबर को ओडिशा के खिलाफ, तीसरा मैच 11 अक्तूबर को हरियाणा के खिलाफ, चौथा मैच 13 को त्रिपुरा के खिलाफ, पांचवा मैच 15 को हैदराबाद के खिलाफ, छठा मैच 17 को आंध्रा के खिलाफ और अपना अंतिम लीग मैच 19 अक्तूबर को छतीसगढ़ के खिलाफ खेलेगी। इस बारे में एचपीसीए के महासचिव अवनीश परमार ने बताया कि बीसीसीआई सीनियर वुमेन टी-20 ट्रॉफी मैचों के लिए एचपीसीए की चयनित टीम पूरी तैयारी के साथ उतरेगी।

# नगर निगम पालमपुर की निर्वाचक नामावली का प्रारूप तैयार, दावे आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**8 से 17 अक्तूबर तक कर सकेंगे आपत्तियां दाखिल**

**निर्वाचन** रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नगर निगम पालमपुर नेत्रा मेती ने कहा कि नगर निगम पालमपुर की निर्वाचक नामावली प्रारूप-2025 तैयार की जा चुकी है।

इसकी एक प्रति एसडीएम कार्यालय कमरा संख्या 228 में और एक निगम कार्यालय पालमपुर तथा तहसीलदार पालमपुर के कार्यालय के कमरा संख्या 115 में उपलब्ध रहेगी। उन्होंने सभी मतदाताओं से अनुरोध किया है कि किसी भी मतदाता के नाम को सम्मिलित किए जाने का कोई दावा हो या किसी नाम के सम्मिलित किए जाने संबंधी या और कोई भी त्रुटि है तो वह अपने दावे दाखिल कर सकता है। मतदाता की अर्हता तिथि 1 अक्तूबर तक मतदाता ने 18 साल पूरे कर लिए हों। दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 8 अक्तूबर से 17 अक्तूबर तक रहेगी। पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा दावे और आपत्तियों का निपटारा करने की अवधि 27 अक्तूबर 2025 तक होगी। अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दाखिल करने की अवधि 3 नवंबर तक रहेगी। अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अपील का निपटारा करने की अवधि 10 नवंबर और निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 13 नवंबर को किया जाएगा। मतदताओं से अनुरोध किया गया है कि निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार एक मतदाता इकट्ठा दावे दाखिल नहीं कर सकता है, परंतु अगर दावे एक ही परिवार से संबंधित हैं तो वह एक साथ दाखिल किए जा सकते हैं। अगर मतदाता कहीं बाहर रह रहे हैं, तो वह भी उपमंडल अधिकारी पालमपुर को डाक के माध्यम से जरूरी दस्तावेज के साथ अपने दावे भेज सकते हैं या अपने किसी घर के सदस्य के पास भी अपने दावे भेज सकते हैं। इसके लिए दावे से सम्बंधित अपने दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

## फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ जगमोहन सिंह उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** रिजनल फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी धर्मशाला में शनिवार को फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ जगमोहन सिंह की पिपिंग सेरेमनी आयोजित की गई। जगमोहन सिंह को सहायक उपनिरीक्षक से उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। पिपिंग सेरेमनी का आयोजन डॉ. मीनाक्षी महाजन, निदेशक, डायरेक्टरेट ऑफ फॉरेंसिक सर्विसेज, हिमाचल प्रदेश द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. महाजन ने जगमोहन सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण एवं लंबे सेवाकाल के लिए बधाई दी।




जगमोहन सिंह मूल रूप से देहरा बरवाड़ा शिवनाथ के निवासी हैं और उन्होंने पुलिस विभाग में 27 वर्ष की सेवा पूर्ण की है। इस दौरान उन्होंने फॉरेंसिक फिंगर प्रिंट शाखा में कई महत्वपूर्ण मामलों में अपनी तकनीकी विशेषज्ञता से योगदान दिया है। डॉ. मीनाक्षी महाजन ने कहा कि जगमोहन सिंह जैसे अनुभवी और निष्ठावान अधिकारी विभाग की शान हैं।

# आशीष बुटेल ने किया 135 .40 करोड़ रुपए की पेयजल एवं सीवरेज योजना का भूमि पूजन

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** पालमपुर शहर की महत्वाकांक्षी पेयजल एवं सीवरेज योजना को सिरे चढ़ाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। 135.40 करोड़ लागत की इस योजना का भूमि पूजन विधायक आशीष बुटेल ने किया। इस योजना के पूर्ण होने पर शहर को बेहतर पेयजल आपूर्ति और व्यवस्थित सीवरेज व्यवस्था उपलब्ध होगी।

विधायक आशीष बुटेल ने कहा कि पालमपुर की जनता की यह मांग कई दशकों से लंबित थी और अब सरकार ने इसे पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस परियोजना को पूर्व निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाएगा, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न उठानी पड़े। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल शहरवासियों को स्वच्छ पेयजल और सीवरेज की आधुनिक सुविधा प्रदान करेगी बल्कि यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी



135.40 करोड़ लागत की योजना का भूमि पूजन करते विधायक आशीष बुटेल।

महत्वपूर्ण होगी। स्वच्छ जल और व्यवस्थित सीवरेज व्यवस्था से शहर का स्वास्थ्य व स्वच्छता स्तर बेहतर होगा, जिससे नागरिकों के जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने विधायक आशीष बुटेल और सरकार का आभार व्यक्त किया और इसे पालमपुर के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। लोगों ने आशा जताई कि यह योजना समय पर पूरी होकर आने वाले वर्षों में पालमपुर शहर की मूलभूत आवश्यकताओं को स्थायी समाधान प्रदान करेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम में नगर निगम पालमपुर के मेयर गोपाल नाग, पार्षद, जल शक्ति विभाग के वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संघ अपनी सेवा के 100 वर्ष पूरे कर रहा यह भारत का स्वर्ण युग है : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी देश सेवा के 100 वर्ष पूरे कर एक शानदार शताब्दी मना रहा है। उन्होंने कहा कि संघ दुनिया का सबसे बड़ा और अपनी तरह का अनोखा संगठन है, जिसके लगभग 50 से अधिक अनुषांगिक संगठन समाज के विभिन्न वर्गों मजदूरों से लेकर साहित्यकारों तक में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। शांता ने एक बयान में कहा कि विश्व इतिहास में यह पहला संगठन है, जिसने 100 वर्षों की सफल और प्रेरणादायक यात्रा पूरी की है। आज के भौतिकवादी युग में, जब अधिकांश लोग धन के पीछे भाग रहे हैं, तब संघ युवाओं को देशभक्ति की भावना से प्रेरित कर उन्हें परिवार और आराम का जीवन छोड़कर देश सेवा के लिए समर्पित प्रचारक बनने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने इसे एक बड़ी साधना और चमत्कार बताया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें गर्व है कि उन्होंने भी चार वर्षों तक प्रचारक के रूप में जीवन व्यतीत किया। उन्होंने कहा कि आज भारत का स्वर्ण युग चल रहा है पांच सौ वर्षों के संघर्ष के बाद श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ, कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाया गया और लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्रीय स्तर पर कोई विकल्प नहीं है। 'ऑपरेशन सिंधूर' जैसी ऐतिहासिक सफलता ने भारत को विश्व मंच पर नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। शांता ने कहा कि संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर यह गर्व का विषय है कि देश के कई राज्यों में मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक संघ के स्वयंसेवक जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई दृष्टियों से आज का समय भारत का स्वर्ण युग कहा जा सकता है।

# दिवाली पर एचआरटीसी की स्पेशल बसें चलाने की तैयारी

## दिल्ली, चंडीगढ़, हरिद्वार से मिलेगी सुविधा, डिमांड अनुरूप उपलब्ध करवाई जाएंगी बसें

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** फेस्टिवल सीजन में एचआरटीसी ने स्पेशल बसें चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। दिल्ली, चंडीगढ़, हरिद्वार से निगम की ओर से स्पेशल बसें चलाई जाएंगी, जो कि डिमांड अनुरूप उपलब्ध होंगी।

जिला कांगड़ा के विभिन्न क्षेत्रों के लोग बाहरी राज्यों में नौकरी करते हैं, जो कि दीपावली व भैयादूज पर घर आते हैं। बाहरी राज्यों में कार्यरत लोगों को फेस्टिवल सीजन में घर आने और वापस लौटने में किसी तरह की परेशानी न हो, उसके लिए एचआरटीसी की ओर से हर वर्ष स्पेशल बसें चलाई जाती हैं। इसी तरह इस बार भी स्पेशल बसें चलाने की कवायद में निगम जुट गया है। यही नहीं कांगड़ा जिले के लोग को सोलन, सिरमौर, बद्दी बरोटीवाला, नालागढ़ में नौकरी करते हैं, उनके लिए भी फेस्टिवल सीजन में स्पेशल बसों की व्यवस्था निगम की ओर से की जाती है। इससे घरों से बाहर रहकर रोजगार कमा रहे लोग भी फेस्टिवल सीजन में घर आकर अपने परिजनों के साथ त्योहार मना सकें।

### मॉर्डन वर्कशॉप का कार्य 90% कार्य पूरा

**धर्मशाला** में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत निर्मित की जा रही एचआरटीसी मॉर्डन वर्कशॉप का कार्य 90 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। वर्कशॉप का एडमिन ब्लॉक बनकर तैयार हो चुका है। अलग-अलग ट्रेड के मैकेनिक के लिए अलग-अलग कमरे बनाए जा चुके हैं। वर्कशॉप का करीब दस फीसदी कार्य शेष है, जिसे एक से डेढ़ माह में पूरा कर लिया जाएगा। स्मार्ट सिटी के अनुसार, इस वर्कशॉप पर लगभग 13 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहा हैं।



हर वर्ष की तरह इस बार भी दीपावली पर दिल्ली, हरिद्वार, चंडीगढ़ से स्पेशल बसों का संचालन करेगी। दिल्ली, हरिद्वार व चंडीगढ़ से डिमांड आती है, जिस पर उन्हें बसें मुहैया करवाई जाती हैं। धर्मशाला में बन रही मॉडर्न वर्कशॉप का कार्य 90 फीसदी पूरा हो चुका है, शेष कार्य एक से डेढ़ माह में पूरा कर लिया जाएगा।

**-साहिल कपूर, आरएम, एचआरटीसी डिपो धर्मशाला**

## शिवनगर कॉलेज में स्टूडेंट्स का जांचा हीमोग्लोबिन

**अनंत ज्ञान, डरोह। शिवनगर** कॉलेज में शनिवार को पोषण अभियान के तहत वेलनेस क्लब द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। सीएचसी खैरा से चिकित्सक दल द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ प्राध्याक वर्ग और अन्य सदस्यों का हीमोग्लोबिन (एचबी) परीक्षण किया गया। इस परीक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों में एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वास्थ्य की निगरानी करना था।

विशेष रूप से छात्राओं में आयरन की कमी को ध्यान में रखकर जांच के बाद उनकी आयरन की कमी को पूरा करने के उपाय से उनको परिचित कराया गया। वहीं, दोपहर के सत्र में महाविद्यालय में पोषण रसोई जायका चैलेंज का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पारंपरिक एवं पौष्टिक व्यंजनों की प्रस्तुति प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं, बल्कि छात्रों में रचनात्मकता और टीम भावना का भी विकास करती हैं।

## गैलेक्सी स्कूल नगरोटा सूरियां में विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन

# जूनियर वर्ग में आजाद सदन प्रथम



गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तीसरी से बारहवीं कक्षा के बच्चों ने भाग लिया।

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के बच्चों ने भाग लिया।

जूनियर वर्ग में आजाद सदन से अर्पित, अरहान, जसनीत, माही, गुरकीरत नेहरू सदन से इरियाना ठाकुर, कृवि शर्मा, तृषा, शिवाय शर्मा, समृद्धि शिवाजी सदन से सक्षित वशिष्ठ, यशवर्धन सिंह, वानी गुलेरिया, यश, मनीत चौधरी और टैगोर सदन से अहाना, अक्षाइनी, रूहानी अर्षित और कंवलजोत प्रतिभागी थे। प्रथम स्थान पर आजाद सदन, द्वितीय स्थान पर नेहरू और तृतीय स्थान पर टैगोर सदन रहा। वहीं सीनियर वर्ग में आजाद सदन से गौरव, आकांक्षी, सरगम, अभिनव, अर्षित नेहरू सदन से मानवी, अनन्या, आयुषी, रूद्र निनाद, आस्था राय शिवाजी सदन से पावनी, एंजल, अंशिका, आयुषी, प्रियांशु और टैगोर सदन से पीहू, कार्तिक, आरुषि, ईशा आरुषि प्रतिभागी थे।

प्रथम स्थान पर आजाद सदन द्वितीय स्थान पर शिवाजी व तृतीय स्थान पर नेहरू सदन रहा। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉक्टर गुलशन कुमार, निदेशक किरण लता वैद्य, प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा, उपप्रधानाचार्या श्वेता वैद्य, समन्वयिका रानी धीमान व अन्य अध्यापक वर्ग उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा ने कहा कि विज्ञान प्रश्नोत्तरी स्पर्धा का बच्चों के लिए विशेष महत्व होता है। यह छात्रों को नई खोजो के प्रति जिज्ञासु होने में भी मदद करता है। तथ्यों को केवल रटने के बजाय विज्ञान प्रश्नोत्तरी छात्रों को विभिन्न सूचनाओं के बीच संबंध विकसित करने के लिए प्रेरित करता है।

## धर्मशाला में प्रतिबंधित वस्तुएं पकड़कर किए सात चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस ग्राउंड धर्मशाला में आयोजित दशहरा मेले में एकल-उपयोग प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग एवं बिक्री की जांच हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों द्वारा की गई।



जांच के दौरान प्रतिबंधित वस्तुएं प्लास्टिक गिलास, प्लास्टिक कटलरी, प्लास्टिक स्ट्रॉ, प्लास्टिक पाइप वाले ईयर बड्स पकड़कर कुल सात चालान किए गए, जिसकी राशि साढ़े तीन हजार रुपए थी। दुकानदारों को एकल-उपयोग प्लास्टिक वस्तुओं पर लगाए गए प्रतिबंध के बारे में जागरूक भी किया गया तथा उन्हें राज्य में इनका उपयोग न करने के निर्देश दिए गए थे।

## कबड्डी मेट उपलब्ध करवाने के लिए विधायक पठानिया का जताया आभार

अनंत ज्ञान, शाहपुर। राजकीय महाविद्यालय लंज के एनएसयूआई प्रभारी रवि शर्मा ने अपनी समस्त कार्यकारिणी एवं महाविद्यालय परिवार की ओर से शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया का आभार जताया है। रवि शर्मा ने बताया कि हाल ही में जब उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया लंज के दौरे पर आए थे, तब उनसे कॉलेज में कबड्डी मेट की मांग रखी गई थी। उन्होंने कहा कि विधायक ने उस समय इस मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया था और अब अपना वादा निभाते हुए महाविद्यालय को कबड्डी मेट उपलब्ध करवा दी है। इस कदम से खिलाड़ियों को बेहतर वातावरण मिलेगा और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

## टीबी का इलाज संभव, पहचान व बचाव की दी जानकारी

### विधायक किशोरी ने किया स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ, लोगों ने करवाई जांच

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने बतौर मुख्य अतिथि शनिवार को बीड़ में आयोजित स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में बीड़ एवं आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और नागरिकों को विभिन्न रोगों की रोकथाम एवं बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

विधायक किशोरी लाल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की यह पहल अत्यंत सराहनीय है एवं समय समय पर इस तरह के स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि लोगों को घरद्वार में स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि नागरिक अस्पताल बैजनाथ में मरीजों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके साथ ही आसपास के क्षेत्रों में भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं।


स्वास्थ्य जांच शिविर के शुभारंभ पर लोगों को संबोधित करते विधायक किशोरी लाल।

उन्होंने चिकित्सा जांच शिविर के सफल आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम की सराहना की और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों द्वारा विशेष रूप से टीबी के खतरों, पहचान और बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने अवगत करवाया कि टीबी दो प्रकार की होती है। एक जिसमें लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं और दूसरी जिसमें कोई लक्षण नहीं दिखते। उन्होंने कहा कि लक्षण रहित टीबी की पहचान के लिए सभी लोगों को छाती का एक्स-रे करवाना अति आवश्यक है, ताकि रोग की समय रहते पहचान कर उसका इलाज किया जा सके। उन्होंने कहा कि टीबी का इलाज पूरी तरह संभव है और किसी भी मरीज से भेदभाव करने की आवश्यकता नहीं है। इस मौके पर तिब्बती समुदाय के लोगों ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर दलाईलामा के 90वें जन्मवर्ष के अवसर पर आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य आसपास के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना है।

## दो साल से कम उम्र के बच्चों को न पिलाएं खांसी और सर्दी की दवाई

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

**सरकार ने जारी की एडवाइजरी**

**मध्य** प्रदेश और राजस्थान में कफ सीरप पीने से हुई बच्चों की मौत के बाद भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बच्चों में खांसी की दवाओं के विवेकपूर्ण (रैशनल) उपयोग को लेकर महत्वपूर्ण परामर्श (एडवाइजरी) जारी की है। स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशालय की ओर से जारी इस परामर्श में स्पष्ट किया गया है कि दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाएं नहीं दी जानी चाहिए।

पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए भी इन दवाओं का प्रयोग अत्यंत सावधानी और चिकित्सकीय देखरेख में ही किया जाना चाहिए। दवाओं की उचित मात्रा, कम अवधि और एक से अधिक दवाओं के संयोजन से बचने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बच्चों के उपचार में सबसे पहले बिना दवा वाले उपाय जैसे पर्याप्त पानी पीना, आराम और सहायक देखभाल अपनाई जानी चाहिए। साथ ही सभी स्वास्थ्य संस्थानों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि दवाएं गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज के तहत बनी हों। इसी संदर्भ में नूरपुर में तैनात ड्रग इंस्पेक्टर प्यार चंद ठाकुर ने नूरपुर व इंदौरा क्षेत्र के सभी सरकारी व निजी अस्पतालों, पीएचसी, सीएचसी और मेडिकल संस्थानों में इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने को कहा गया है, ताकि बाल रोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद अगर कोई निजी क्लीनिक, आरएमपी इसको प्रयोग करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कारवाई अमल में लाई जाएगी।

### नई जोड़ी


भनबाड के सूरज और लुणापानी की दिया को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## डरोह, जैंद और नौरा में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने बताया कि 6 अक्तूबर को 11 केवी डरोह फीडर की आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके चलते उपमंडल डरोह के तहत आने वाले विभिन्न गांवों डरोह, पीटीसी डरोह, बस्केहर, अटियालादाई, रड़ा, मंडप, मलोग मरूंहू, देवी, नौरा, केदारा, भोड़ा, जैंद, खड्डुल, मट्ट तथा बमियाल आदि इलाकों में सुबह 9 से लेकर कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

## गढ़ जमूला स्कूल हॉकी स्पर्धा में उपविजेता


जिला स्तरीय हॉकी प्रतिगिता में उपविजेता टीम का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान,**

**डरोह।** जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मुकाबले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़ जमूला की हाकी टीम ने कलियाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया।

ट्रॉफी से एक कदम दूर रह जाने के बावजूद खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। टूर्नामेंट में शुरुआत से ही टीम का प्रदर्शन सराहनीय रहा। एक के बाद एक कई मजबूत टीमों को हराते हुए टीम ने फाइनल में अपनी जगह पक्की की। फाइनल मुकाबले में भी दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। मैच के अंतिम क्षणों तक यह कह पाना मुश्किल था कि जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा। गढ़जमूला स्कूल के खिलाड़ियों ने मैदान पर असाधारण खेल भावना और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया, जिसकी सभी दर्शकों ने सराहना की। टीम के कप्तान प्रिंस ने कहा कि हम फाइनल का परिणाम अपने पक्ष में नहीं कर सके, इसका हमें खेद है। लेकिन मुझे अपनी टीम के हर एक खिलाड़ी पर गर्व है, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। हम इस अनुभव से सीखेंगे और अगली बार और मजबूती से वापसी करेंगे। प्रधानाचार्य प्रधानाचार्या मीनू सूद ने टीम को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा हैं। हमारी टीम ने जिस तरह का खेल दिखाया है, वह काबिले तारीफ है। उपविजेता बनना भी एक बड़ी उपलब्धि है और हमें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है। इस शानदार प्रदर्शन के लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने हॉकी कोच विकास अवस्थी और सनी परमार को भी बधाइयां दीं। सभी खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

## आरएफएसएल धर्मशाला को मिली आधिकारिक जैकेट


आरएफएसएल धर्मशाला के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नई जैकेट प्रदान की गई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला (रिजनल फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी), धर्मशाला के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शनिवार नई आधिकारिक जैकेट प्रदान की गई। इस जैकेट पर अग्र भाग में डायरेक्टरेट ऑफ फॉरेंसिक सर्विसेज, हिमाचल प्रदेश का लोगो अंकित है और पीछे की ओर बड़े अक्षरों में फॉरेंसिकस लिखा गया है। यह जैकेट प्रयोगशाला के वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा विभिन्न अपराध स्थलों पर कार्य करते समय पहनी जाएगी, जिससे उनकी पहचान स्पष्ट हो सकेगी और फॉरेंसिक टीम की उपस्थिति को सहजता से पहचाना जा सकेगा। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी महाजन, निदेशक, डायरेक्टरेट ऑफ फॉरेंसिक सर्विसेज, हिमाचल प्रदेश ने कहा कि यह जैकेट न केवल हमारी पहचान का प्रतीक है, बल्कि फॉरेंसिक विज्ञान सेवाओं की पारदर्शिता, पेशेवरिता और विश्वसनीयता का भी प्रतीक है। यह पहल हमारी टीम की एकता और अनुशासन को और अधिक सुदृढ़ करेगी। डॉ. महाजन ने आरएफएसएल धर्मशाला की टीम को उनके वैज्ञानिक कार्यों के प्रति समर्पण और उत्कृष्ट सेवा भावना के लिए बधाई दी तथा भविष्य में इसी तरह उत्साहपूर्वक कार्य करने का आह्वान किया।

## अवर ऑन इंग्लिश स्कूल में क्रिकेट नेट प्रैक्टिस पिच का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**अवर** ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर में निर्मित अत्याधुनिक नेट प्रैक्टिस क्रिकेट पिच का उद्घाटन एचपीसीए के अंपायर अर्पित शर्मा और रणजी ट्रॉफी नेट बॉलर रुद्रांश पठानिया ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष ज्योति प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक पारस अवस्थी ने बताया कि यह क्रिकेट पिच बीसीसीआई के मानकों के अनुसार तैयार की गई है, जिससे विद्यार्थियों को प्रोफेशनल स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बास्केटबाल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबाल कोर्ट और टेबल टेनिस की सुविधाएं भी तैयार की जा रही हैं, जिनका उद्घाटन शीघ्र ही किया जाएगा। पारस अवस्थी ने बताया कि हर गरीब के बच्चे को अच्छी शिक्षा प्राप्त हो और सारी सुविधाएं उपलब्ध हो, उसके लिए सत्र 2026-27 से विद्यालय में एडमिशन फीस को पूरी तरह से माफ कर दिया गया है। पारस अवस्थी ने कहा कि उनके ही विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र रुद्रांश पठानिया, जिन्होंने अंडर-16 और अंडर-19 स्तर पर खेला है और रणजी ट्रॉफी में नेट बॉलर के रूप में योगदान दिया है, द्वारा अपने ही विद्यालय की पिच का उद्घाटन करना बेहद गौरव का क्षण है। इस मौके पर विद्यालय की उपप्रधानाचार्य रविंदा कुमारी, सभी अध्यापकगण तथा छात्र उपस्थित रहे। पारस अवस्थी ने कहा कि विद्यालय को जल्द ही देश की प्रतिष्ठित क्रिकेट संस्था से संबंधित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है, ताकि विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।


अवर ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर में नेट प्रैक्टिस क्रिकेट पिच का एचपीसीए के अंपायर अर्पित शर्मा और रणजी ट्रॉफी नेट बॉलर रुद्रांश पठानिया ने किया शुभारंभ

**दौरा** विधायक ने धार और धंगड़ पंचायत का दौरा कर सुनी लोगों की समस्याएं

# हरिपुर अस्पताल बनेगा आदर्श स्वास्थ्य संस्थान: कमलेश

**अनंत ज्ञान, देहरा**

**देहरा** विधानसभा क्षेत्र की विधायक कमलेश ठाकुर ने शनिवार को धार व धंगड़ पंचायत का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण किया तथा स्थानीय जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना। विधायक कमलेश ने कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत को विधायक निधि से 10-10 लाख रुपए पंचायत स्तर के कार्यों के लिए आवंटित किए गए हैं।

**8 पंचायतों में पेयजल समस्या का शीघ्र हल करने के दिए निर्देश**

अब तक देहरा विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 2 करोड़ 44 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए एक वर्ष के भीतर धरातल पर कार्य आरंभ हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही हरिपुर अस्पताल को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के रूप मे स्थापित किया जाएगा तथा लोगों की सुविधा के लिए हर सप्ताह एसडीएम एक दिन और खंड विकास अधिकारी हरिपुर में 2 दिन बैठेंगे, जिससे जनता को बार-बार देहरा न आना पड़े और कार्य नजदीक ही पूरे हो सकें। उन्होंने जानकारी दी कि देहरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत धार पंचायत की पांच सड़कें नाबार्ड योजना के अंतर्गत स्वीकृत हो चुकी हैं। साथ ही धार से धंगड़ वाया लूनसू सड़क के निर्माण पर 6 करोड़ रुपए और हरिपुर से सकरी-घेरा सड़क को डबललेन करने के लिए 10 करोड़ रुपए विस्तारीकरण के लिए स्वीकृत हुए हैं।


धार व धंगड़ पंचायत का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनती विधायक कमलेश।

विधायक कमलेश ठाकुर ने जल शक्ति विभाग को आठ पंचायतों की पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लूनसू क्षेत्र के खारे पानी की समस्या दूर की जाएगी तथा पाइपलाइन और पेयजल स्रोतों की मरम्मत की जाएगी, ताकि लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि देहरा विधानसभा क्षेत्र पूरे प्रदेश में अग्रणी है, जहां 10 में से 4 नए पटवार सर्कल देहरा के लिए स्वीकृत हुए हैं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधूरे कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और लोगों की मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति में कोई कोताही न बरती जाए।

विधायक ने गवर्नमेंट हाई स्कूल धार व धंगड़ का निरीक्षण भी किया और साथ ही बच्चों से संवाद किया तथा विद्यालय की आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने धंगड़ पंचायत को 4 लाख रुपए की राशि नालियों एवं पेयजल व्यवस्था पर खर्च करने के लिए कहा। विधायक ने जनता से आग्रह किया कि विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली व पानी की योजनाएं क्षेत्र को नई दिशा देंगी।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में स्टूडेंट्स नवाजे

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में चौथा कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रू-ब-रू होने का मौका मिला। यह आईटीआई शाहपुर के बच्चों के लिए भी यह पर गौरव का पल रहा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने लाइव संबोधित करते हुए बताया कि आईटीआई में अब नई तकनीकी मशीन का प्रयोग होगा, जिससे हजारों अभ्यर्थियों को लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि आज पीएम सेतु योजना का शुभारंभ हुआ, जिससे भारत के युवाओं को विश्व की कौशल मांगों से जोड़ेगी। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि आईएमसी अध्यक्ष इंजीनियर सुरजीत राणा ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि आईटीआई शाहपुर के लिए ही नहीं बल्कि एक प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व शाहपुर के विधायक तथा उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने कौशल विकास और नवाचार पर विशेष ध्यान देते हुए युवा शक्ति को भविष्य का नेतृत्व करने के लिए तैयार कर रहे है। उन्होंने बताया कि जब युवाओं की ताकत बढ़ती है, तो राष्ट्र मजबूत होता है। इसके साथ-साथ आईएमसी मेंबर प्रदीप बलौरिया भी बच्चों के साथ रू-ब-रू हुए तथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को अवॉर्ड भी बांटे।

# ज्ञान के साथ व्यावहारिक कौशल में भी दक्ष होना आवश्यक: नीरज कुमारी


औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भद्रकाली के दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षार्थी सम्मानित किए।

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भद्रकाली में शनिवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान की प्रधानाचार्य नीरज कुमारी ने उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को कौशल और पेशेवर दक्षता के महत्व के प्रति विस्तृत रूप से जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आज का युवा केवल ज्ञान में ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक कौशल में भी दक्ष होना चाहिए, ताकि रोजगार और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर सफलता प्राप्त की जा सके।

उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनके हाथों में अब देश और समाज के निर्माण का उज्जवल भविष्य है। समारोह में पास हुए प्रशिक्षार्थियों को सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ प्रशिक्षार्थियों ने नए प्रशिक्षुओं को कौशल के प्रति प्रोत्साहित करते हुए उनके लिए प्रेरणा का स्रोत बने। कार्यक्रम में प्रशिक्षार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और कौशल विकसित करने के महत्व को समझाया। संस्थान के स्टाफ और अभिभावकों ने भी इस अवसर पर कार्यक्रम की भव्यता और प्रशिक्षार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की। यह दीक्षांत समारोह न केवल प्रतिभाओं की पहचान का अवसर बना, बल्कि कौशल विकास और करियर निर्माण के प्रति युवाओं में उत्साह और आत्मविश्वास भी जगाया।

# पात्र लोगों तक पहुंचाई जाएं योजनाएं : राजेश धर्माणी

## तकनीकी शिक्षा मंत्री ने सामाजिक न्याय विभाग की जिला कल्याण समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**जिला** मुख्यालय के बचत भवन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जिला कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने की। मंत्री ने कहा कि अनुजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जरूरतमंद और असहाय लोगों को योजनाओं में प्राथमिकता दी जाए और सभी औपचारिकताओं में उन्हें पूर्ण सहायता दी जाए। मंत्री ने



जिला कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी पेंशनरों का ई-केवाईसी किया जा रहा है और शीघ्र ही पूरी प्रक्रिया को वेब आधारित बनाया जाएगा, जिससे लाभार्थी रियल टाइम सूचना प्राप्त कर सकेंगे। मंत्री धर्माणी ने बताया कि मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना के तहत बिलासपुर में अब तक 70 लाभार्थियों को लाभ दिया गया है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में चयनित 521 कार्यों में से 405 पूर्ण हो चुके हैं। जल से संबंधित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर सहित सभी उपमंडल अधिकारी और संबंधित सदस्य उपस्थित रहे।

## 'वास्तविक समय पेयजल गुणवत्ता निगरानी प्रणाली' का किया लोकार्पण

**भूपेश नड्डा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** नगर एवं ग्राम नियोजन, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आज घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के औहर में 10.25 लाख रुपए की लागत से जल शक्ति विभाग की ओर से निर्मित 'वास्तविक समय पेयजल गुणवत्ता निगरानी प्रणाली' का आज लोकार्पण किया। इस प्रणाली का जल स्रोत पवित्र रुक्मणी कुंड की जलधारा से लिया गया है, जिससे स्थानीय लोग और पर्यटक शुद्ध, स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक पानी का लाभ उठा सकेंगे। मंत्री धर्माणी ने कहा कि यह तकनीकी प्रणाली प्रदेश सरकार का जल संरक्षण एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति के प्रति महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि यहां स्थापित पराबैंगनी (यूवी) प्रणाली के माध्यम से जल को वैज्ञानिक तरीके से शुद्ध किया जाता है, जिससे पानी की गुणवत्ता प्राकृतिक और रोगाणुरहित बनी रहती है। उन्होंने कहा कि यह पानी बोतलबंद पानी से भी अधिक शुद्ध है और जल की गुणवत्ता की जानकारी वास्तविक समय में स्क्रीन पर प्रदर्शित होती है।

**धर्माणी बोले- जल संरक्षण व पेयजल आपूर्ति की दिशा में महत्वपूर्ण पहल**

उन्होंने कहा कि रुक्मणी कुंड केवल जलस्रोत नहीं बल्कि आस्था, संस्कृति और धार्मिक विश्वास का प्रतीक है। यह स्थल बिलासपुर की सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक सुंदरता का जीवंत उदाहरण है, जहां प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। मंत्री ने बताया कि औहर में लगभग 200 करोड़ रुपए की लागत से एक विशाल पर्यटन परिसर विकसित किया जा रहा है, जिसमें सुरक्षा के लिए नया पुलिस थाना और माउंटेनरी बाइकर्स के लिए सुविधाएं भी बनाई जा रही हैं।

धर्माणी ने जल संरक्षण का भी आह्वान किया और कहा कि जल ही जीवन है, इसे बचाना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने सभी से जल संरक्षण में सक्रिय भागीदारी की अपील की। इस अवसर पर जल शक्ति विभाग और अन्य विभागों के कई अधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बेरोजगार एमबीबीएस डॉक्टरों ने की चिकित्सा अधिकारी भर्ती में पारदर्शिता की मांग

**अनंत ज्ञान, दधोल।** प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए बेरोजगार एमबीबीएस डॉक्टरों और उनके अभिभावकों ने तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी से भेंट कर चिकित्सा अधिकारी (सामान्य शाखा) की भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। इस अवसर पर ऊना, बिलासपुर और हमीरपुर जिलों से लगभग 50 डॉक्टर एवं अभिभावक मौजूद रहे।

इनमें मुख्य रूप से दीनानाथ शर्मा, कामराज सेठी, अश्विनी राणा, विजय कुमार और सुनीता देवी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के समक्ष विस्तार से समस्याएं रखीं और दो प्रमुख मांगें प्रस्तुत कीं। वर्तमान में चिकित्सा अधिकारी सामान्य शाखा की भर्ती के लिए वर्णनात्मक परीक्षा आयोजित की जा रही है, जिसका मूल्यांकन पारदर्शी नहीं है। अभ्यर्थियों ने आग्रह किया कि हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा इस परीक्षा को ओएमआर आधारित या कंप्यूटर आधारित प्रारूप में आयोजित किया जाए, ताकि मूल्यांकन निष्पक्ष, त्रुटिरहित और पारदर्शी हो। दंत चिकित्सा अधिकारी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी की तर्ज पर चिकित्सा अधिकारी (सामान्य शाखा) की भर्ती में भी 50 प्रतिशत पद प्रत्यक्ष भर्ती और 50 प्रतिशत पद बैचवाइज (वॉक इन इंटरव्यू) के माध्यम से भरे जाएं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि प्रदेश के हजारों योग्य एवं प्रशिक्षित एमबीबीएस डॉक्टर बेरोजगार हैं और वे लंबे समय से पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की प्रतीक्षा कर रहे हैं। धर्माणी ने आश्वासन दिया कि इन मांगों पर सकारात्मक विचार किया जाएगा तथा उचित दिशा-निर्देश शीघ्र जारी किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### 'स्वर संगम' में विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारी

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता कॉलेज में एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'स्वर संगम' का आयोजन किया गया। प्राचार्य संजय शर्मा ने बताया कि यह आयोजन अब प्रत्येक वर्ष इसी नाम से किया जाएगा, ताकि छात्रों की प्रतिभा को निखारा जा सके। कार्यक्रम में छात्रों ने हिंदी एवं पहाड़ी गीत, सोलो सॉन्ग, ग्रुप डांस और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लिया। इसका उद्देश्य छात्रों को अपनी रचनात्मक और सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा। 'स्वर संगम' न केवल छात्रों का मनोरंजन करता है, बल्कि उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने वाला एक महत्वपूर्ण मंच भी बन गया है। भविष्य में इसे और भी भव्य रूप में आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है।

### बिलासपुर कॉलेज में छात्रों की समस्याओं पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में शनिवार को एनएसयूआई की कैंपस कार्यकारिणी बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नितिन चड्ढा ने की। बैठक में कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में छात्र राजनीति, संगठन विस्तार और कॉलेज स्तर पर छात्रों की समस्याओं पर गहन चर्चा हुई। नितिन चड्ढा ने कहा कि 'एनएसयूआई छात्रों की सच्ची आवाज है, जो उनके अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्षरत है।' उन्होंने बताया कि टीम पूरी ऊर्जा और एकजुटता से कार्य कर रही है और छात्र हितों की लड़ाई तेज़ी से आगे बढ़ेगी। एनएसयूआई का उद्देश्य केवल राजनीति नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था सुधार और छात्र कल्याण के लिए ठोस कदम उठाना है। बैठक में नए सदस्यों को जोड़ने और छात्र हितों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया गया। एनएसयूआई हर अन्याय के खिलाफ सड़कों पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेगी।

### भाषण प्रतियोगिता में अनामिका प्रथम

**अनंत ज्ञान, जुखाला।** बिलासपुर पब्लिक स्कूल लुहणू में किशोर स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रशेखर और प्रिंसिपल मति ललिता ने की। हेल्थ एजुकेटर मस्तराम ने राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किशोरों (10-19 वर्ष) को स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, चोट और हिंसा, प्रजनन स्वास्थ्य, नशा, एनीमिया और गैर-संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि अस्वस्थ जीवन शैली और अधिक वजन किशोरों में मधुमेह, रक्तचाप और अन्य रोगों का कारण बन सकते हैं। कार्यक्रम में आयरन की गोली, सेनेटरी नैपकिन वितरण और मानसिक स्वास्थ्य व नशे से बचाव पर विशेष चर्चा की गई। भाषण प्रतियोगिता में अनामिका, किंजल और ज्योति क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने बच्चों का हीमोग्लोबिन, लंबाई और वजन की जांच की। कार्यक्रम में 107 लोगों ने भाग लिया और सभी को फल वितरित किए गए।

### सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा शिविर का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, नयना देवी। श्री नयना देवी जी के श्री शक्ति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य कमल चंदेल की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में 35 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। शिविर में मनोज चंदेल मुख्य रूप से प्रभारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि सात दिनों में बच्चों को प्रभात फेरी, शैक्षणिक सत्र, कंटीली झाड़ियां की साफ सफाई, रास्तों की सफाई, करना तथा जागरूकता अभियान, समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान आदि कार्य करवाना सुनिश्चित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अध्यापकों का सहयोग भी लिया जाएगा।

### बिलासपुर कॉलेज विद्यार्थियों ने उखाड़ी भांग

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के राजनीतिक शास्त्र के विद्यार्थियों ने कॉलेज के लड़कों के हॉस्टल से लेकर म्यूजिक विभाग तक भांग, घास और अन्य झाड़ियों को काटकर परिसर को साफ-सुथरा किया। इस सफाई अभियान के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने कहा कि सभी विभागों के विद्यार्थी अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई का खास ध्यान रखते हैं, जिससे महाविद्यालय साफ-सुथरा और आकर्षक दिखाई देता है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को सफाई का कार्य देकर उन्हें जिम्मेदारी का एहसास करवाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही इसका मकसद है कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक सेवा में भी सक्रिय हों और जिम्मेदार नागरिक बनें। यह अभियान राजनीतिक शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पवन कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## बॉक्सिंग में नमन का राज्य स्तरीय खेलों के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, कंदरौर।** जिला स्तरीय अंडर-19 छात्र वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औहर के छात्रों ने एक स्वर्ण पदक और पांच कांस्य पदक अपने नाम किए। नमन ठाकुर ने बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक तथा अखिल कुमार, अक्षांत, अतुल धीमान, आयुष जमवाल, शौर्य भारद्वाज ने जूडो तथा कुरास खेल में पांच कांस्य पदक जीते हैं। बॉक्सिंग में अच्छा प्रदर्शन करने के आधार पर नमन ठाकुर का चयन राज्य स्तरीय खेलों के लिए हुआ है। अब यह खिलाड़ी सुंदरनगर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय खेलों में भाग लेने के लिए जाएगा। नमन ने इससे पहले सितंबर माह में जिला सोलन में आयोजित हुई ऑल इंडिया किक बॉक्सिंग में भी 90 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतकर पाठशाला एवं जिला बिलासपुर का नाम रोशन कर चुका है। प्रधानाचार्य सिमरो भट्टानागर ने सभी छात्रों को बधाई दी है।

## नड्डा ने एम्स में उपचाराधीन पूर्व विधायक डॉ. बाबूराम से की मुलाकात



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने एम्स में उपचाराधीन पूर्व विधायक डॉ. बाबूराम गौतम से भी मुलाकात की। उनका कुशलक्षेम जानने के साथ ही उन्होंने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए भी कामना की। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर तथा सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल समेत कई अन्य नेता भी उनके साथ रहे। बिलासपुर सदर के पूर्व विधायक डॉ. बाबूराम गौतम पिछले कई दिनों से अस्वस्थ हैं। उनका इलाज एम्स में चल रहा है। उन्होंने कहा कि एम्स बिलासपुर में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, उन्हें पूरा विश्वास है कि जल्द ही बाबूराम गौतम पूरी तरह से स्वस्थ होकर अपने घर वापस लौटेंगे।

## बिलासपुर की गुरबाणी ने जीता गोल्ड, नेशनल में बनाई जगह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** शहर के डियारा क्षेत्र की होनहार बेटी गुरबाणी ने हाल ही में आयोजित डीएवी स्कूल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए एथलेटिक्स में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है।

गुरबाणी ने अंडर-14 वर्ग में भाग लिया था और बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता (नेशनल) के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है।

गुरबाणी ने पहले भी कई बार प्रदेश, जिला और जोनल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी हैं। खेलों के प्रति उनकी मेहनत और समर्पण उन्हें हर बार सफलता दिलाता रहा है। गुरबाणी के पिता एक निजी बैंक में कार्यरत हैं और उन्होंने इस सफलता का पूरा श्रेय उनकी कोच गोपाल ठाकुर को दिया है।



मेडल के साथ गुरबाणी।

## बरमाणा में रामलीला के 11वें दिन श्रीराम का राज्य अभिषेक

**अनंत ज्ञान, बरमाणा**

**बरमाणा** रामलीला मंचन के 11वें दिन मंचन की शुरुआत अशोक वाटिका से सीता जी की वापसी के दृश्य से हुई, जिसने पूरे पंडाल को श्रद्धा और भावनाओं से भर दिया। इसके पश्चात दूसरे दृश्य में भरत द्वारा प्रभु श्रीराम की खड़ाऊ पूजन एवं राम के अयोध्या आगमन का भावनात्मक प्रसंग प्रस्तुत किया गया। अयोध्यावासियों द्वारा प्रभु श्रीराम के स्वागत का जीवंत चित्रण देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए। अंतिम दृश्य में रामराज्याभिषेक का भव्य मंचन हुआ, जिसने पूरे वातावरण कोदिव्यता और उल्लास से भर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पनजगांई निवासी एवं समाजसेवी अखिल गौतम उपस्थित रहे। उन्होंने बाल कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और रामलीला के कलाकारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। रामलीला निर्देशक चमन ठाकुर ने सभी अतिथियों, कलाकारों और बरमाणा की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से एसीसी अदाणी ग्रुप के सीनियर मैनेजमेंट सीएमओ मुकेश सक्सेना और उनकी टीम का सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

### भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव की तैयारियों पर सभा ने की बैठक

## छह को निकलेगी शोभायात्रा व सात को भंडारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**नगर** के डियारा सेक्टर में स्थित त्रिकालदर्शी भगवान वाल्मीकि मंदिर परिसर में जिला वाल्मीकि सभा के प्रधान अशोक कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में महर्षि भगवान वाल्मीकि जी के प्रकाश पर्व को मनाने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। वरिष्ठ पदाधिकारी अनिल किशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पावन पर्व 6 और 7 अक्तूबर को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा और तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। उन्होंने बताया कि 6 अक्तूबर को दोपहर दो बजे रामायण से संबंधित झांकियों सहित शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर की परिक्रमा करते हुए मंदिर परिसर में समाप्त होगी। वहीं, 7 अक्तूबर को सुबह पांच बजे प्रभात फेरी का आयोजन होगा, जबकि 11 बजे मुख्यातिथि के द्वारा हवन यज्ञ एवं धर्म ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न होगा। शाम चार बजे भगवान वाल्मीकि जी का अटूट भंडारा शुरू किया जाएगा। अनिल किशोर ने बताया कि आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी जा चुकी हैं और समितियों व उपसमितियों का गठन भी कर दिया गया है। इस बैठक में अशोक कुमार, अनिल किशोर, विजय कग्घा, राजेंद्र किशोर, अजय कंडेरा, रविंद्र किशोर, विनय किशोर, हन्नी, अजय दादरी, जोगेंद्र भवानी, अनुभव, उमा, संतोष, संदीप, रोहित और संजय सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## रोहित को चुना मिस्टर व रिया को मिस फ्रेशर

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में हिंदी विभाग के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने शनिवार को प्रथम वर्ष के नवागंतुओं के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया। समारोह के मुख्यातिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल रहे। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अंजु शर्मा ने सभी का हार्दिक स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. कटवाल ने अपने संबोधन में हिंदी भाषा की महत्ता पर जोर देते हुए विद्यार्थियों से मातृभाषा को बढ़ावा देने और नवाचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आईटी के इस युग में भाषा की सीमाएं टूट रही हैं और विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहिए। प्राचार्य ने महाविद्यालय की ओपन लाइब्रेरी और आगामी कंप्यूटर सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी, जिससे विद्यार्थियों को अध्ययन में लाभ होगा। स्वागत समारोह में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मोहित को मिस्टर फ्रेशर, रिया शर्मा को मिस फ्रेशर, शिवम को मिस्टर पर्सनेलिटी और साक्षी शर्मा को मिस पर्सनेलिटी चुना गया। अंत में डॉ. श्याम लाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

## मिनर्वा माइंड गार्डन घुमारवीं में 'पेरेंट्स डे' मनाया




**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं के माइंड गार्डन स्मार्ट स्टार्ट स्कूल में शनिवार को 'पेरेंट्स डे' मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य परवेश चंदेल, अनु चंदेल एवं माइंड गार्डन की को-ऑर्डिनेटर आरती चंदेल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। स्टेज 1 के बच्चों ने रोली-पोली, व्हील्स ऑन द बस तथा वहेन वी डांस टूगेदर' जैसे गीतों पर सुंदर प्रस्तुति दी। वहीं, स्टेज-2 के बच्चों ने 'इफ यू आर हैप्पी', 'वक्का बक्का' और 'मिंगल' गानों पर मनभावन नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। वहीं, अभिभावकों के लिए भी मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। माताओं की म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में रुद्रांश की माता शिल्पा चौधरी विजेता बनीं। फादर्स की म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में पारस के पिता जोधवीर सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कपल डांस प्रतियोगिता में तृषिका के माता-पिता मोनिका शर्मा एवं संजीव कुमार विजेता रहे। समापन समारोह में विजेता अभिभावकों को आरती चंदेल और अनु चंदेल द्वारा पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया।

### सांस्कृतिक संध्या | एम्स के स्थापना दिवस पर पुलिस आर्केस्ट्रा ने लूटी महफिल

## 'मां तुझे सलाम' ने जगाई देशभक्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कलर्स टीवी के रियलिटी शो 'हुनरबाज' में राष्ट्रीय पहचान बनाने वाली 'हार्मनी ऑफ द पाइंस' हिमाचल प्रदेश पुलिस आर्केस्ट्रा के कप्तान विजय कुमार और उनकी टीम ने एम्स बिलासपुर के तीसरे स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांधा। एम्स के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

प्रतिभागियों ने एक से एक बढ़कर पंजाबी पहाड़ी, नाटियां और नाटक के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों के प्रति जागरूक किया। सांस्कृतिक संध्या की मुख्य आकर्षण रही हिमाचल पुलिस बैंड की प्रस्तुति, जिसने पूरे माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। जैसे ही पुलिस आर्केस्ट्रा लीडर विजय कुमार सहित



एम्स बिलासपुर के स्थापना दिवस पर प्रस्तुति देते 'हार्मनी ऑफ द पाइंस' के कलाकार।

टीम ने मंच संभाला, दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में एम्स बिलासपुर के अध्यक्ष प्रो. डॉ. नरेंद्र कुमार अरोड़ा उपस्थित रहे, जबकि कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह, एकेडमिक डीन डॉ. रूपाली, एमएस डॉ. दिनेश वर्मा, डॉ. तरुण और डॉ. राकेश कुमार सिंह विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पुलिस आर्केस्ट्रा टीम ने गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसके बाद 'वंदे मातरम', 'मां तुझे सलाम', 'मेरा रंग दे बसंती चोला', 'किया जो वादा निभाऊंगा', 'खुशियां चूम लूं', 'हां रो लूं जरा, मर जाऊं या जी लूं जरा' एक से एक बढ़कर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, एम्स प्रबंधन ने हिमाचल प्रदेश पुलिस आर्केस्ट्रा टीम द्वारा एम्स की स्थापना दिवस पर कुलगीत की संरचना करने के लिए विशेष रूप से टीम लीडर विजय कुमार और उनकी टीम की सराहना की। उल्लेखनीय है कि 'हार्मनी ऑफ द पाइंस' न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना चुकी है, बल्कि इस बैंड का चयन अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव में प्रस्तुति के लिए हो चुका है। इसके अलावा यह टीम त्योहारों व सामाजिक आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेती हुई पुलिस व आम जनता के बीच की दूरी को पाटने का कार्य कर रही है। इसने पुलिस की कठोर छवि को बदलकर एक लोकमित्र की पहचान स्थापित की है। सोशल मीडिया पर भी इस बैंड को मिलियन की संख्या में फॉलोअर्स मिल चुके हैं और बॉलीवुड के कई नामचीन कलाकार इनकी प्रशंसा कर चुके हैं।

## बेरी दरोला गांव में जांचा 107 लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने झंडूता विधानसभा के तहत पंचायत बेहना जट्टा के बेरी दरोला गांव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया। झंडूता विधानसभा के संयोजक आकाश चंदेल ने बताया कि अस्पताल सेवा टीम ने स्वास्थ्य जांच शिविर मे 35 पुरुषों व 72 महिलाओं सहित कुल 107 लोगों की स्वास्थ्य जांच करते हुए अच्छे स्वास्थ्य, संतुलित आहार, अच्छी दिनचर्या के प्रति लोगों को जागरूक किया। मधुमेह के 35 जोड़ों के दर्द के 31 लोग व 51 मरीज अन्य बीमारियों से ग्रसित पाए गए। वहीं, बजुर्गों व महिलाओ के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्त जांच नि:शुल्क की गई। अस्पताल सेवा टीम ने डॉक्टर देवेश के नेतृत्व में कुसुम लता फार्मसिस्ट, आशीष कुमार लैब टेक्निशन व चालक अक्षय राव ने अपनी सेवाएं प्रदान की व एक से श्रेष्ठ अध्यापिका केंद्र बेरी दरोला पूजा देवी ने भी अपनी सेवाएं प्रदान की हैं।

## जिलास्तरीय सेफ कंस्ट्रक्शन मॉडल स्पर्धा आयोजित

### डीसी ने की विद्यार्थियों के नवीन प्रयोगों और रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**जिले** में 'समर्थ 2025' कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय सेफ कंस्ट्रक्शन मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन बचत भवन उपायुक्त कार्यालय बिलासपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर चयनित विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया और सुरक्षित निर्माण पद्धतियों तथा आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर अपने अभिनव मॉडल प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सुरक्षित निर्माण तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना रहा।

प्रतिभागियों ने अपने मॉडलों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सुरक्षित निर्माण पद्धतियां ही भविष्य में आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने में कारगर साबित हो सकती हैं। प्रतियोगिता के संचालन एवं मूल्यांकन के लिए उपायुक्त डीसी राहुल कुमार की अध्यक्षता में विशेष कमेटी का गठन किया गया। डीसी ने प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों के उत्साह, नवीन प्रयोगों और रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल विद्यार्थियों में नवाचार की भावना जगाती हैं बल्कि समाज में सुरक्षित निर्माण और आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।




मॉडल प्रस्तुत करते बच्चे।

### राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए तीन प्रविष्टियां चयनित

**बिलासपुर** जिले से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता केलिए तीन प्रविष्टियां चयनित की गई हैं। हाई स्कूल श्रेणी में राजकीय उच्च विद्यालय जेओरा, सीनियर सेकेंडरी श्रेणी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जमली तथा कॉलेज श्रेणी में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर। ये टीमें आगामी 8 अक्तूबर को शिमला में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला बिलासपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### नशाखोरी से बचाव पर विद्यार्थियों ने दिया जागरूकता संदेश

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में रेड रिबन क्लब के सदस्यों द्वारा फैशन शो गतिविधियों के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक और नृत्य के माध्यम से एचआईवी एड्स व नशाखोरी जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलविंद्र सिंह राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एचआईवी एड्स व नशाखोरी से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. कविता कौशल, डॉ. रामकुमार नेगी, प्रो. नवीन शर्मा, क्लर्क अमन सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विश्व पशु कल्याण दिवस पर बंगाणा में विशेष कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में विश्व पशु कल्याण दिवस के अवसर पर पशु अस्पताल बंगाणा परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ. राजेश कुमार जंगा ने की। कार्यक्रम में क्षेत्र के करीब 50 पशुपालकों ने भाग लिया, जिन्होंने पशुओं की देखभाल, रोग नियंत्रण, टीकाकरण तथा आधुनिक पशुपालन तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर डॉ. राजेश कुमार जंगा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों और पशुपालकों की आर्थिकी को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है।

### घर-घर कचरा एकत्र करने की व्यवस्था शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत नगर निगम ऊना ने एक सराहनीय पहल करते हुए नागरिकों की सुविधा के लिए प्रत्येक माह की 10, 20 और 30 तारीख को घर-घर जाकर इलेक्ट्रॉनिक कचरा (ई-वेस्ट) एकत्र करने की व्यवस्था शुरू की है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ, प्रदूषणमुक्त और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है, साथ ही ई-वेस्ट के सुरक्षित व वैज्ञानिक निपटान को सुनिश्चित करना भी है। नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि इस पहल के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र में बिखरे हुए या अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का समुचित निस्तारण किया जाएगा ताकि ये कचरे पर्यावरण या मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध न हों।

### बंगाणा का प्रसिद्ध दंगल 10 व 11 को होगा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के स्वास्थ्य सामुदायिक भवन के पास छिंज बरसा मे होगा 40 वे दंगल का आयोजन। जानकारी देते हुए आयोजक सुनील शर्मा ने बताया कि हिमाचल, पंजाब,जम्मू आदि राज्यों के पहलवान अपना जोहर दिखाएंगे। इस दंगल मे सभी क्षेत्र वासियों को सादर आमंत्रण है जो यहां आकर दंगल की शोभा बढ़ाएं। दंगल दो दिन 10, 11 अक्टूबर को आयोजित होगा जिसमें छोटी माली के लिए 11000 व बड़ी माली के लिए 15100 रुपए ईनाम रूप दिए जाएंगे।

### निःशुल्क मेडिकल जांच शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, हरोली।** सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और प्रयास सोसायटी द्वारा संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के तहत दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गांव बालीवाल और पूबोवाल में किया गया। इस दौरान कुल 160 लोगों की जांच की गई तथा उन्हें निःशुल्क टेस्ट और दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं। गांव के लोगों ने इस पहल के लिए सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सेवा से उन्हें अपने घर-द्वार पर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। शिविर के दौरान स्वास्थ्य जांच टीम में डॉ. प्रदीप कुमार, मुनीश, रुचि और निहाल सिंह शामिल रहे शिविर में आंखों की सेहत को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी भी टीम द्वारा दी गई। शिविर के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बताया कि केवल डायबिटीज ही नहीं, बल्कि उच्च रक्तचाप (हाई बीपी) भी आंखों को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। डॉक्टरों के अनुसार, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन, सांस लेने में दिक्कत, नसों में झनझनाहट, चेस्ट पेन और चक्कर आना ये सभी बल्ड प्रेशर के संकेत हो सकते हैं डॉक्टरों ने बताया कि उच्च रक्तचाप आंखों की रेटिना की रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाकर धुंधली दृष्टि, रक्तस्राव और अंधापन तक का कारण बन सकता है। इसे चिकित्सकीय भाषा में हायपरटेंसिव रेटिनोपैथी कहा जाता है।

### जनता की सेवा ही मेरा धर्म : नीरज नैय्यर



**अनंत ज्ञान, चंबा।** सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि जनता की सेवा ही उनके जीवन का संकल्प है। उन्होंने कहा, 'सुबह से शाम तक मैं जनता के बीच रहकर उनकी हर चिंता को अपनी चिंता मानता हूं। आपका विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति है।' विधायक ने भावनात्मक रूप से कहा कि जनसेवा के मार्ग में उन्हें दिन-रात का भान नहीं रहता, क्योंकि उन्होंने स्वयं को पूरी तरह जनता को समर्पित कर दिया है। उन्होंने बताया कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और सरकार व प्रशासन के साथ समन्वय में कार्य कर रहे हैं। नीरज नैय्यर ने जनता से चंबा को एक सशक्त और स्वावलंबी जिला बनाने में सहयोग देने की अपील की।

### 3 नवंबर तक बंद रहेगी हार-सुकराला सड़क

**अनंत ज्ञान, नादौन।** उपमंडल में हार सुकराला सड़क की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 3 नवंबर तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि हार सुकराला सड़क की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 3 नवंबर तक बंद की गई है। उन्होंने बताया कि इस दौरान छोटे वाहन चालक रंगस से बल्ह चैक-रैल सड़क और बड़े एवं छोटे वाहन रंगस से बल्ह चैक-बाबे दी कुटिया सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। जिलाधीश ने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 7 तक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं की रिक्त सीटों हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय में लेट्रल एंट्री चयन परीक्षा (रश्रस्ट-2025) के लिए ऑनलाइन पंजीकरण जारी है। जेएनवी चम्बा के प्रधानाचार्य विक्रम सचदेवा ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2025 है और यह प्रक्रिया पूर्णतया निःशुल्क है। उन्होंने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय मेधावी छात्रों को निःशुल्क एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करता है, जो छात्रों को आत्मनिर्भर बनने में मदद करता है। पंजीकरण में किसी भी समस्या के लिए अभ्यर्थी सरोल स्थित विद्यालय से संपर्क कर सकते हैं। कक्षा 9वीं के लिए पंजीकरण लिंक [https://cbseitms.nic.in/2025/nvs&i~/]( https://cbseitms.nic.in/2025 /nvs&i~/) और कक्षा 11वीं के लिए [https://ebseitms.nic.in/2025/ nvs&ivv/](https://ebseitms .nic.in/2025 /nvs&ivv/) है।

### जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश सरकार के विशेष प्रचार अभियान के तहत वंदना कला मंच ओबड़ी, माँ सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप जडेरा और अन्य नाट्य दलों ने चंबा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रमों में अनुसूचित जाति के लिए स्वरोजगार, शिक्षा, ऋण और अन्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उच्च लागत सावधि ऋण योजना, हिम स्वावलंबन योजना, माइक्रो क्रेडिट फाइनेंस और शिक्षा ऋण योजना के तहत आर्थिक मदद उपलब्ध है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में चल रहे इस प्रचार अभियान के तहत आगामी दिनों में भी चंबा, भरमौर और चुराह विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।

# सुरक्षित निर्माण आपदा जोखिम न्यूनीकरण का स्थायी उपाय : डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि सुरक्षित निर्माण आपदा जोखिम न्यूनीकरण का सबसे प्रभावी और स्थायी उपाय है। यदि भवन निर्माण के प्रत्येक चरण में सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए, तो भूकंप, भूस्खलन या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) ऊना में सुरक्षित निर्माण मॉडल पर आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में सुरक्षित निर्माण तकनीकों और आपदा-सुरक्षा सिद्धांतों के प्रति व्यवहारिक समझ विकसित करने में सहायक सिद्ध होती हैं। बता दें, यह प्रतियोगिता जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से जन-जागरूकता अभियान समर्थ-2025 के अंतर्गत आयोजित की गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सुरक्षित निर्माण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, जोखिम पूर्ण परिस्थितियों से निपटने की क्षमता विकसित करना तथा आपदा-संवेदनशील क्षेत्रों में जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। प्रतियोगिता में हाई स्कूल स्तर पर 5 मॉडल, वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर 4 मॉडल और कॉलेज स्तर पर 1 मॉडल प्रदर्शित किया गया, जिनमें से श्रेष्ठ मॉडल का चयन हुआ। इस दौरान विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लेकर सुरक्षित निर्माण तकनीकों और आपदा जोखिम न्यूनीकरण की महत्ता पर जन-जागरूकता का संदेश दिया।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी अपना मॉडल आपदा न्यूनीकरण प्रदर्शनी 'समर्थ-2025' के दौरान रिज मैदान, शिमला में प्रदर्शित करेंगे, जहां उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### ये रहे विजेता

**प्रतियोगिता** में उपायुक्त ऊना, पीओ (डीआरडीए) तथा लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता द्वारा तीनों स्तरों के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के विजेताओं का चयन किया गया। हाई स्कूल स्तर पर रावमापा पिरथीपुर के सूर्यांश ने प्रथम, कांगड़ स्कूल की चाहत और सिमरन ने द्वितीय तथा राजकीय उच्च पाठशाला बुढवार की सोनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर रावमापा कलोह की तानिया और मनत ने प्रथम, रावमापा मंदली के सूरज शर्मा ने द्वितीय और रावमापा (छात्रा) ऊना की मनप्रीत ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, कॉलेज स्तर पर एसवीएसडीपीसी कॉलेज भटोली के नितिश कुमार और काशवी धीमान प्रथम रहे। रावमापा(छात्र) ऊना के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कौंडल, लोक निर्माण विभाग के अधिषाशी अभियंता के एस ठाकुर, उपनिदेशक कार्यालय से नोडल अधिकारी(इंस्पायर) पुष्पा रानी, डीडीएमए ऊना के इंचार्ज राजन कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## रछपाल सिंह सैकड़ों युवाओं को दे रहे रोजगार

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना की कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के तहत पड़ती पंचायत अरलू खास में जन्में एक साधारण परिवार में रछपाल सिंह राणा आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। बल्कि खुद एक पहचान बन गए हैं।

रछपाल सिंह राणा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अरलू स्कूल में पढ़ाई-लिखाई करने के उपरांत दिल्ली चले गए थे और वहां पर दिल्ली में ग्लोवल राविट कम्युनिकेशन कंपनी के प्रबंधक निदेशक हैं, और आज सैकड़ों युवाओं को रोजगार दे रहे हैं।

वीरवार को सांई स्माइल ट्रस्ट के चेयरमैन रछपाल सिंह राणा व उनकी धर्मपत्नी बिमल राणा द्वारा क्षेत्र के हटली,जसाणा,अरलु,साई, सहित अन्य स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में कुटलैहड़ विरासत के राजा स्वर्गीय महिंद्र पाल के पौत्र व समाजसेवी शिवेंद्र पाल सिंह ने शिरकत की। शिवेंद्र पाल ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी। इस बार पर साई स्माइल ट्रस्ट के चेयरमैन रछपाल सिंह राणा व उनकी धर्मपत्नी बिमल राणा द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# विधायक विवेक शर्मा ने सीएम सुक्खू से शिमला में की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने शिमला में मुख्यमंत्री सुक्खू से भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने उन्हें जिला ऊना के बोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का प्रभारी नियुक्त किया। विवेक शर्मा ने कहा कि यह न केवल उनके लिए गर्व की बात है, बल्कि मुख्यमंत्री का उन पर जताया गया यह विश्वास उनके कर्तव्यनिष्ठ कार्यों को और अधिक प्रेरित करेगा।

विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री सुक्खू को कुटलैहड़ क्षेत्र को मिली 15 करोड़ रुपये की पेयजल योजना की स्वीकृति के लिए विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि यह योजना क्षेत्र के लिए जीवनरेखा सिद्ध होगी, क्योंकि लंबे समय से पेयजल की समस्या यहां के लोगों के लिए चिंता का विषय बनी हुई थी। अब हर घर तक आरओ स्तर का स्वच्छ पानी पहुंचाने का सपना साकार होगा। यह योजना बुधान से तर्कवाल तक के क्षेत्रों को कवर करेगी, जिससे हजारों परिवारों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री को बताया कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में 32 करोड़ रुपये की धनराशि उन परिवारों के लिए स्वीकृत की गई है जिनके रिहायशी मकान या डंगे हालिया बरसात में क्षतिग्रस्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा इन परिवारों के पुनर्वास के लिए उठाया गया यह कदम बेहद सराहनीय है।

सुक्खू का गरीबों और पीड़ितों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण यह दर्शाता है कि राज्य सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है, विवेक शर्मा ने कहा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू से हुई विस्तृत चर्चा में आग्रह किया कि कुटलैहड़ क्षेत्र में बेघर हुए परिवारों के लिए जल्द स्थायी आवास उपलब्ध करवाया जाए।

# चौकीमनियार के छात्र लव कौंडल को मिला गोल्ड मैडल

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**



**बड़ूही।** स्वामी विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौकीमन्यार में 12वीं कक्षा के छात्र लव कौंडल ने जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल परिवार,गांव,जिला और माता-पिता का गौरव बढ़ाया है।

प्रतियोगिता डीएसएसए ऊना की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थाना कलां के मैदान में एक दिवसीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें जिला ऊना के अंडर -19 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। स्वर्ण विजेता खिलाड़ी लव कौंडल 20 अक्टूबर के बाद प्रदेश स्तरीय स्कूली मुक्केबाजी में हिस्सा लेंगे। स्कूल प्रिंसिपल एवं स्टाफ सदस्यों की ओर से विद्यालय पहुंचने पर बॉक्सिंग खिलाड़ी लव कौंडल का स्वागत किया। प्रधानाचार्य जगदीश धीमान ने गोल्ड मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर विजेता खिलाड़ी का हौसला अफजाई की।

## विशेष अभियान का दूसरा चरण 6 से

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल सरकार की अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं को लेकर प्रदेशव्यापी प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ऊना जिले में विशेष जागरूकता अभियान का दूसरा चरण 6 अक्तूबर से आरंभ किया जा रहा है। अभियान के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से जुड़े नाट्य दल गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और उनके लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी देंगे। इसका उद्देश्य योजनाओं की जानकारी सीधे लोगों तक पहुंचाना और सामाजिक जागरूकता बढ़ाना है। राजीव कुमार ने बताया कि ऊना जिले में अभियान का पहला चरण पूरा कर लिया गया है।

# इंटर मूट कोर्ट प्रतियोगिता में तान्या ठाकुर और कंचन विजेता

**अनत ज्ञान, ऊना**



हरोली हिमकैप्स कॉलेज ऑफ लॉ बढ़ेड़ा में तृतीय इंटर मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन तीन अक्तूबर से चार अक्तूबर तक आयोजित किया गया। संस्थान के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पर छात्राओं को बधाई दी।

प्रतियोगिता में बीएएलएलबी की सातवें सेमेस्टर की तान्या ठाकुर हरदीप तथा कंचन को विजेता घोषित किया गया। बीएएलएलबी सातवें सेमेस्टर की छात्रा रजनी पल्लवी करिश्मा को दूसरा स्थान मिला, वेस्ट मेमोरियल का खिताब साक्षी ठाकुर को दिया गया। प्रवीन अख्तर को वेस्ट स्पीकर का अवॉर्ड दिया गया। इस प्रतियोगिता में एडवोकेट मदन ठाकुर को वाई के पाठक, संदीप सोनी और कार्तिक सोनखला ने जज की भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य जसवंत ठाकुर ने मूट कोर्ट सोसाइटी की आयोजक एकता सूद संदीप कुमारी सहायक प्रोफेसर अंशु को सफल आयोजन होने पर बधाई दी।

## डीसी से की कर्मचारी प्रतिनिधिमंडल ने भेंट

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ज़िला ऊना के प्रधान रजनीश शर्मा के नेतृत्व में आए जिला के विभिन्न कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों के साथ एक शिष्टाचार भेंट की।

प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त सलाकार समिति (जेसीसी) की बैठक शीघ्र आयोजित करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को बताया कि लम्बे समय से कर्मचारियों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगे लम्बित हैं, जिन पर चर्चा और समाधान के लिए बैठक करना अत्यावश्यक है। इस अवसर प्रतिनिधियों ने बैठक में चर्चा हेतु मांगों का एक मांगपत्र भी उपायुक्त को सौंपा।

# चंबा को नशामुक्त बनाने की पहल, इंजीनियर पंकज शर्मा ने रखा पुनर्वास केंद्र का प्रस्ताव

**अनंत ज्ञान, चंबा**



- एसपी अभिषेक यादव से की सार्थक वार्ता, नशामुक्ति केंद्र पर हुई चर्चा

जिले को नशे के चंगुल से मुक्त करने के उद्देश्य से इंजीनियर एवं सामाजिक कार्यकर्ता पंकज शर्मा ने एक अहम कदम उठाया है। उन्होंने चम्बा के पुलिस अधीक्षक, आईपीएस अभिषेक यादव से मुलाकात कर जिला चंबा में नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। पंकज शर्मा ने बैठक में इस बात पर ज़ोर दिया कि यह केंद्र केवल एक संस्थान नहीं, बल्कि उन सैकड़ों परिवारों की उम्मीद है जिन्होंने अपने प्रियजनों को नशे की लत में खोया है। उनका कहना है कि यह पहल युवाओं को नशे की अंधेरी दुनिया से बाहर निकालकर उन्हें मानसिक परामर्श, चिकित्सा सुविधा और जीवन में नई दिशा देने का कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प स्पष्ट है युवाओं को नशे की गिरफ्त से आज़ाद कर एक सकारात्मक भविष्य देना। आईपीएस अभिषेक यादव ने इस सराहनीय प्रस्ताव की प्रशंसा की और समाज व प्रशासन के समन्वय से ठोस कदम उठाने का भरोसा दिया। यह पहल चंबा को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास मानी जा रही है।

## सरकार से महंगाई भत्ते की किस्त जारी करने की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पुलिस सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ की त्रैमासिक बैठक आज पुलिस लाइन चंबा में अध्यक्ष परस राम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला पुलिस की ओर से डीएसपी हेडक्वार्टर चंबा जितेंद्र चौधरी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को सुना और उन्हें शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। डीएसपी ने बैठक में मेडिकल रीइंबर्समेंट से जुड़े लंबित बिलों और उनके बजट का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। इस दौरान वक्ताओं ने प्रदेश सरकार के पेंशनर्स के प्रति उदासीन रवैये की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार ने पेंशन संशोधन के वित्तीय लाभों पर कुंडली मार रखी है, जिससे सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े होते हैं। संघ ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार का महंगाई भत्ता 58% तक पहुंच चुका है, जबकि प्रदेश सरकार अभी भी 42% पर अटकी हुई है। संघ ने प्रदेश सरकार से शीघ्र महंगाई भत्ते की नई किस्त जारी करने की मांग की।

- पुलिस सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ की त्रैमासिक बैठक संपन्न

बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि 11 अक्तूबर 2025 को जिला मंडी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय बैठक में चंबा से एक प्रतिनिधि समूह हिस्सा लेगा। बैठक में परस राम, बहादुर सिंह, जरम सिंह, बलदेव सिंह, जितेंद्र कुमार, सुरिंदर कुमार, रमेश कुमार, विद्या राठौर, विजय कुमार, यशपाल, सुरिंदर कुमार, हितेषी और एससी चंद्रा सहित कई सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चंबा जिले की मतदाता सूचियां गहन पुनरीक्षण के लिए प्रकाशित : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा**

- 308 ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियां निरीक्षण व दावे-आक्षेप के लिए उपलब्ध
- मतदाता सुधार के लिए दावा-आक्षेप की अंतिम तिथि 27 अक्तूबर तक की निर्धारित
- मतदाता अधिकार सुनिश्चित करने के लिए निःशुल्क निरीक्षण एवं फॉर्म है उपलब्ध

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि चम्बा जिले की मतदाता सूचियाँ गहन पुनरीक्षण के लिए प्रकाशित कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश के निर्देशानुसार,



मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत 1 अक्तूबर 2025 को निर्धारित अर्हता तिथि को मानते हुए जिला चम्बा के 7 विकास खण्डों की कुल 308 ग्राम पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियां जनता के दावे और आक्षेप के लिए 6 अक्तूबर 2025 को उपलब्ध कराई गई हैं।

मतदाता सूचियों की प्रति उपायुक्त कार्यालय के अलावा ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषद चंबा के कार्यालयों में कार्यालय समय में निशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। यदि किसी व्यक्ति को सूचियों में कोई सुधार, दावा या आक्षेप करना हो तो वे इसे 27 अक्तूबर 2025 तक संबंधित खंड विकास अधिकारी को स्वयं, अभिकर्ता के माध्यम से या रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेज सकते हैं ताकि उक्त तारीख तक उनके पास पहुंच जाए। उपायुक्त ने यह भी बताया कि दावे या आक्षेप प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित प्रपत्र (फॉर्म) उपरोक्त अधिकारियों के पास और ग्राम पंचायतों में निःशुल्क उपलब्ध हैं। उन्होंने जिला के सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि वे इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने मतदाता अधिकारों का प्रयोग सुनिश्चित करें।

# कुहाड़ी, गौठनु और चुनहानी गांवों को जोड़ने वाली सड़क का शीघ्र होगा निर्माण : ललित



**अनंत ज्ञान, चंबा**

स्थानीय लोगों ने एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर से मुलाकात कर कुहाड़ी, गौठनु और चुनहानी गांवों में चल रही विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से इन क्षेत्रों में सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित दिक्कतें बनी हुई हैं। मुलाकात के दौरान ललित ठाकुर ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं का समाधान बहुत जल्द किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इन तीनों गांवों को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

ग्रामीणों ने एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर और ग्राम पंचायत राड़ी के प्रधान का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने हमेशा लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता दी है और हर समय जनता के साथ खड़े रहे हैं।

ग्रामीणों ने कहा कि हम ललित ठाकुर और प्रधान ग्राम पंचायत राड़ी के तहे दिल से आभारी हैं, जो दिन-रात हमारे विकास के लिए कार्य कर रहे हैं।

## जमीयत उलेमा-ए-हिंद की टीम ने जरूरतमंदों को बांटी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, चुराह।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद की टीम ने चुराह विधानसभा क्षेत्र के सनवाल, शालेला और बाड़ी क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत सामग्री की किटें वितरित कीं। प्रदेश के विभिन्न आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा करने के बाद संस्था ने यह निर्णय लिया कि अब सहायता केवल उन्हीं जरूरतमंदों तक पहुंचाई जाएगी जो वास्तव में सहायता के पात्र हैं। राहत वितरण कार्य मौलाना ताजुद्दीन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें स्थानीय निवासी इमरान ख़ान, दीन मुहम्मद और आरफ़ शेख भी मौजूद रहे। संस्था के सदस्यों ने कहा कि यह समाज सेवा अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि कोई भी जरूरतमंद बिना सहायता के न रहे।

# नकरोड़ बाजार में खाली पड़ा एटीएम बना लोगों की मुसीबत

**हसन शेख, अनंत ज्ञान**

- नकदी के लिए ग्रामीणों को भंजराड़ू तक जाना पड़ रहा 16 किलोमीटर दूर
- व्यापारियों व यात्रियों को हो रही भारी परेशानी, प्रशासन से समाधान की मांग

**चुराह।** उपमंडल चुराह के नकरोड़ बाजार में स्थित निजी बैंक का एटीएम इन दिनों ग्रामीणों और यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। लंबे समय से यह एटीएम कैश से खाली पड़ा है और सिर्फ एक शोपीस बनकर रह गया है।

स्थानीय लोग बताते हैं कि नकदी निकालने के लिए उन्हें करीब 16 किलोमीटर दूर भंजराड़ू जाना पड़ता है, जहां दूसरा एटीएम मौजूद है। यह दूरी तय करना खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और यात्रियों के लिए बेहद मुश्किल हो रहा है। लोगों का कहना है कि सारा दिन भंजराड़ू के एटीएम से पैसे लाने में ही लग जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि कैश की कमी से दैनिक लेन-देन प्रभावित हो रहा है, जिससे कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। यात्रियों को भी अचानक नकदी की जरूरत पड़ने पर भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बैंक और प्रशासन से मांग की है कि एटीएम में नियमित रूप से कैश डाला जाए या एक नया एटीएम स्थापित किया जाए, ताकि नकरोड़ बाजार की जनता को राहत मिल सके।

**In the Court of Senior Civil Judge, Court No. 1 Sundernagar, District Mandi H.P.**
Suit for declaration 72-I/2025
Reg. No. 7/2025
In the matter of: **Lakshay Kumar 17 age (Minor) S/o Devi Ram Thakur through his father Devi Ram age 43 years S/o Maghu Ram R/o Village Kathyal, P.O. Jaidevi, Tehsil Sundernagar, District Mandi, H.P.**

**Vs**

**Secretary H.P. B.O.S.E. and Anr**
**Suit for Declaration and Mandatory Injunction under section 34, 39 of the Specific Relief Act**
**Notice to :-**
**Defendant No. 2: General Public**
Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfaction of the Court that above named Defendent No. 2 cannot be served in the ordinary way. Hence this proclamation is hereby issued against him to appear in this court on or before 05.12.2025 at 10.00 AM., to defend the case personally or through an authorized agent or pleader, failing which ex-parte proceeding will be taken against her/him.
Given under my hand and seal of the Court this 25th day of September, 2025.
**Senior Civil Judge Court No.1 Sundernagar, Distt. Mandi H.P.**

**हमेशा** याद रखें कि सफलता के लिए आपका अपना संकल्प किसी भी अन्य चीज से अधिक महत्वपूर्ण है। –**अब्राहम लिंकन**

## संपादकीय

# पाक की नापाक हरकत

पाकिस्तान की नापाक हरकतें एक बार फिर सरक्रीक क्षेत्र में सामने आई हैं, जहां उसने अपने सैन्य ढांचे का विस्तार कर भारत के प्रति अपनी दुश्मनी को स्पष्ट कर दिया है। यह कोई नई बात नहीं कि पाकिस्तान भारत के साथ शांति बनाए रखने के बजाय तनाव को बढ़ावा देने में जुटा रहता है, लेकिन इस बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की कड़ी चेतावनी ने इस विवाद को एक नया आयाम दे दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का जवाब निर्णायक और ऐसा होगा जो इतिहास और भूगोल दोनों को बदल देगा। इस बयान के कई गहरे मायने हैं, जो यह स्पष्ट करते हैं कि भारत अपनी संप्रभुता और सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की समझौता करने को तैयार नहीं है। सरक्रीक क्षेत्र का विवाद दशकों पुराना है और यह केवल एक भूभाग से अधिक महत्वपूर्ण है। यह क्षेत्र न केवल सुरक्षा की दृष्टि से अहम है, बल्कि तेल और गैस के भंडार तथा अरब सागर में समुद्री सीमाओं और विशेष आर्थिक क्षेत्रों के निर्धारण में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

पाकिस्तान की इस क्षेत्र में बढ़ती सैन्य उपस्थिति और अतिक्रमण की कोशिशें न केवल भारत के लिए चुनौती हैं, बल्कि वे समुद्री सीमाओं के नियंत्रण और आर्थिक हितों पर भी प्रत्यक्ष प्रभाव डालती हैं। 2019 के बाद से पाकिस्तान ने यहां अपनी सेना, नौकाएं, मिसाइल सिस्टम और निगरानी उपकरण तैनात कर अपने प्रभाव को बढ़ाने की कोशिश की है। यह विस्तार रणनीतिक तौर पर भारत को कमजोर करने और युद्ध के संभावित मोर्चे पर बढ़त हासिल करने की उसकी मंशा को दर्शाता है।

इतिहास गवाह है कि भारत ने इस क्षेत्र में हमेशा अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है। पाकिस्तान के साथ हुए तीन सीधे युद्धों और कारगिल युद्ध में उसकी हार ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत किसी भी सीमा विवाद में पीछे नहीं हटेगा। भारत ने सियाचिन जैसी दुर्गम जगहों पर भी अपने सैनिकों की उपस्थिति कायम रखी है, जहां रहना और संचालन करना अत्यंत कठिन और महंगा है। ऐसे में यह समझना कठिन है कि भारत ने पिछले कई वर्षों तक सरक्रीक में पाकिस्तान के विस्तार का कड़ा विरोध क्यों नहीं किया? यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि अगर यह खतरा इतना पुराना है, तो भारत ने अब तक इसे गंभीरता से क्यों नहीं लिया? हो सकता है कि भारत ने इस क्षेत्र में अन्य रणनीतिक कारणों से प्रतिक्रिया को टाला हो, लेकिन अब जब पाकिस्तान ने अपनी सैन्य गतिविधियां बढ़ा दी हैं, तो भारत का सख्त रुख दिखाना आवश्यक हो गया है।


सरक्रीक विवाद का मूल कारण सीमा निर्धारण को लेकर दोनों देशों के बीच असहमति है। पाकिस्तान 1914 के एक प्रस्ताव का हवाला देते हुए दावा करता है कि पूरी खाड़ी सिंध प्रांत की है, जबकि भारत थालवेग सिद्धांत के आधार पर सीमा की बात करता है, जो जल मार्ग के सबसे गहरे भाग को सीमा मानता है। भारत ने 1925 के मानचित्र और मध्य-चैनल स्तंभों का भी समर्थन किया है, जो उसकी दावेदारी को मजबूत बनाते हैं। वहीं, पाकिस्तान का तर्क है कि थालवेग सिद्धांत केवल नदियों पर लागू होता है, जबकि सरक्रीक एक ज्वारीय मुहाना है। इस विवाद का कोई अंतिम समाधान नहीं निकल पाया है, जिससे यह क्षेत्र तनाव का लगातार स्रोत बना हुआ है।

पाकिस्तान की इस विस्तारवादी नीति का मकसद भारत को कमजोर करना और क्षेत्रीय नियंत्रण स्थापित करना है, परंतु उसे यह भूलना नहीं चाहिए कि भारत अब पहले से कहीं अधिक मजबूत, संगठित और सतर्क हो चुका है। रक्षा मंत्री की कड़ी चेतावनी इस बात का संकेत है कि भारत अब किसी भी सीमा उल्लंघन या अतिक्रमण को सहन नहीं करेगा। यह न केवल एक सैन्य संदेश है बल्कि राजनीतिक और कूटनीतिक स्तर पर भी भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि उसकी संप्रभुता को चुनौती नहीं दी जाएगी। भारत को पाकिस्तान के प्रति अपनी नीति में स्पष्टता और दृढ़ता बनाए रखनी होगी। नरमी और समझौते की नीति ने अक्सर पाकिस्तान को गलतफहमी में डाला है, जिससे वह बार-बार सीमा उल्लंघन करता रहा है। अब वक्त आ गया है कि भारत ऐसी कोई छूट न दे जो पाकिस्तान को उसकी नापाक हरकतों के लिए प्रोत्साहित करे। दोनों देशों के बीच शांति तभी संभव है जब पाकिस्तान अपनी शत्रुतापूर्ण नीतियों को त्यागे और अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करे।

सरक्रीक्र विवाद एक संवेदनशील मामला है जिसमें केवल कूटनीतिक बातचीत ही समाधान नहीं है, बल्कि सामरिक सजगता और रणनीतिक मजबूती भी आवश्यक है। भारत को अपने सभी संसाधनों का उपयोग करते हुए इस क्षेत्र में अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करनी होगी। पाकिस्तान की हरकतों पर भारत की कड़ी प्रतिक्रिया ही इस विवाद को स्थायी रूप से खत्म करने और क्षेत्र में स्थिरता स्थापित करने की कुंजी होगी। ऐसे समय में भारत की नीति स्पष्ट होनी चाहिए-किसी भी तरह के अतिक्रमण या द्वेषपूर्ण कार्रवाई को सहन नहीं किया जाएगा और इसका जवाब न केवल सैन्य, बल्कि राजनीतिक और कूटनीतिक रूप से भी सख्ती से दिया जाएगा। ■


## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# साहस और मातृभूमि की वीरांगना



रानी दुर्गावती
जन्म : 5 अक्तूबर, 1524
मृत्यु : 24 जून, 1564

**रानी** दुर्गावती भारतीय इतिहास की एक महान वीरांगना थीं, जिनका जन्म 5 अक्तूबर को सन 1524 में मध्य प्रदेश के पीपलाराम गांव में हुआ था। वे गोंडवाना राज्य की महारानी थीं और अपने शौर्य, साहस और न्यायप्रियता के लिए प्रसिद्ध थीं। रानी दुर्गावती का वास्तविक नाम जिजाबाई था, लेकिन वे दुर्गावती के नाम से प्रसिद्ध हुईं। उनका जीवन संघर्ष और बलिदान की एक अद्भुत कहानी है, जिसने उन्हें भारतीय इतिहास में अमर कर दिया। उन्होंने अपने राज्य गोंडवाना का सफलतापूर्वक शासन किया। वे केवल एक प्रबल शासक ही नहीं थीं, बल्कि एक कुशल राजनेता और रणनीतिकार भी थीं। उनके शासनकाल में गोंडवाना समृद्ध हुआ और जनता खुशहाल रही, लेकिन उनकी वीरता की असली परीक्षा तब आई, जब मुगल सम्राट अकबर के सेनापति असफ खां ने उनके राज्य पर आक्रमण किया। असफ खां की सेना बहुत बड़ी और संगठित थी, लेकिन रानी दुर्गावती ने अपने राज्य की रक्षा के लिए पूरी ताकत झोंक दी। उन्होंने अपनी सेना के साथ बहादुरी से मुकाबला किया और कभी हार नहीं मानी। यह लड़ाई लंबी और कठिन थी, जिसमें रानी दुर्गावती ने अपने प्राणों की परवाह किए बिना अपनी मातृभूमि की रक्षा की। अंततः युद्ध के दौरान जब उन्होंने अपनी हार देखी, तो अपने सम्मान की रक्षा के लिए 24 जून, 1764 को स्वयं ही शस्त्र से प्राण त्याग दिए। रानी दुर्गावती का बलिदान भारतीय महिलाओं के लिए एक मिसाल है। वे साहस, निडरता और देशभक्ति की प्रतीक बनीं। ■



कविता

## जीवन अनमोल

रिंकू शर्मा, हिंदी भाषा अध्यापक, हमीरपुर

एक जान की कीमत क्यों मुंह का स्वाद बने,
डरी-सहमी आंखों में क्यों भय का संवाद बने।
बेजुबां की चीखें गूंजें हर रात-दिन,
पत्थर दिल हुआ, क्यों ऐसा मानव-मन।
थाली में परोसा जब पीड़ा का हर घाव,
करुणा भूल गया, जीता बस स्वाद का भाव।
लोभ और लालच ने संवेदनाएं हर लीं,
मनुष्यता की राह से इंसानियत क्यों डर ली।
उठाओ दया का दीप, जलाओ मानवता की लौ,
हृदय में करुणा भरो, यही सच्चा धर्म कहो।
आओ मिलकर बदलें ये निर्मम रिवाज,
जान की कीमत न हो, केवल मुंह का स्वाद।

# डिजिटल दुनिया का सच : सुविधा या सबसे बड़ा खतरा



हेमंत नेगी
एपीआरओ, बिलासपुर
hemantn72@gmail.com

आज का युग डिजिटल क्रांति का है, जहां इंटरनेट और स्मार्टफोन ने जीवन को जितना आसान बनाया है, उतना ही असुरक्षित भी। पहले जो तकनीक महज सुविधा थी, आज वही अपराधियों के लिए सबसे खतरनाक हथियार बन चुकी है। डिजिटल धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और एक छोटी-सी लापरवाही-जैसे कि किसी अंजान लिंक पर क्लिक करना या किसी फर्जी कॉल का जवाब देना आपको मिनटों में आर्थिक और मानसिक संकट में डाल सकती है।

डिजिटल अरेस्ट स्कैम, ब्रांड इंपर्सोनेशन, नकली मोबाइल ऐप्स और फिशिंग जैसे साइबर अपराध अब सामान्य होते जा रहे हैं। अपराधी खुद को पुलिस या सरकारी अधिकारी बताकर वीडियो कॉल करते हैं, जिसका बैकग्राउंड इस तरह तैयार होता है कि वह बिलकुल असली लगे। इसी तरह, नामी कंपनियों की नकल कर बनाई गई वेबसाइटें और फर्जी APK फाइलें उपयोगकर्ताओं के डेटा को चुरा लेती हैं और उनके बैंक खातों से पैसे निकाल लेती हैं।

ऑनलाइन निवेश और जल्दी पैसा कमाने की चाह साइबर अपराधियों के लिए आसान अवसर बन गई है। सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर पैसा दोगुना करने जैसे संदेश आम हो गए हैं, जो पोंजी स्कीम या निवेश घोटालों का हिस्सा होते हैं। सस्ते ब्याज वाले फर्जी लोन ऐप्स लोगों को झांसा देकर उनसे डाटा और पैसे दोनों छीन लेते हैं। वहीं, डीपफेक जैसी नई तकनीकों ने साइबर अपराध को एक नया रूप दे दिया है। नकली वीडियो और ऑडियो क्लिप तैयार कर किसी की छवि को ध्वस्त करना, उसे ब्लैकमेल करना या बदनाम करना अब मुश्किल नहीं रहा। कई बार लोगों के अंतरंग चित्र भी उनकी जानकारी के बिना बनाए और फैलाए जा रहे हैं, जिससे उनकी निजता और गरिमा को ठेस पहुंचती है।

भारत में साइबर अपराध की रफ्तार बेहद तेज है। पिछले चार वर्षों में ऐसे मामलों में 400 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई है। केवल 2024 में 22 लाख से अधिक साइबर शिकायतें दर्ज हुई और 2025 के पहले छह महीनों में ही 12 लाख मामले सामने आ चुके हैं। अनुमान है कि देश को 2025 में साइबर अपराधों के चलते लगभग 20,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो सकता है।

इसमें सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं (8,200 करोड़) और रिटेल व ई-कॉमर्स सेक्टर (5,800 करोड़) हैं। राज्य स्तर पर महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश जैसे अपेक्षाकृत



शांत राज्य भी इस खतरे से अछूते नहीं हैं। यहां शिमला, बद्दी, सोलन, नालागढ़ और बिलासपुर साइबर ठगी के हॉटस्पॉट बन चुके हैं, जहां पिछले छह महीनों में 3,054 शिकायतों के साथ 12.53 करोड़ की ठगी दर्ज हुई है।

सरकार ने इस चुनौती से निपटने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हर जिले में साइबर सेल और पुलिस थानों में साइबर हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायतें की जा सकती हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम में संशोधन कर सख्त दंड का प्रावधान किया गया है। CERT-In और NCIIPC जैसी संस्थाएं चौबीसों घंटे निगरानी कर रही हैं। साइबर फॉरेंसिक लैब्स और साइबर थाना जैसी व्यवस्थाएं जांच प्रक्रिया को तेज और वैज्ञानिक बना रही हैं। साथ ही साइबर स्वच्छता केंद्र जैसे पहलें नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं। फिर भी, अपराधी नए-नए तरीके खोज लेते हैं, जिससे यह लड़ाई लगातार कठिन होती जा रही है।

इस संकट से निपटने के लिए तकनीकी उपायों के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता भी बेहद आवश्यक है। लोगों को यह समझने की जरूरत है कि डिजिटल दुनिया जितनी ताकतवर है, उतनी ही संवेदनशील भी है। हमें कुछ बुनियादी सावधानियों को अपनाना होगा। जैसे किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, किसी डराने वाली कॉल की जानकारी किसी आधिकारिक स्रोत से सत्यापित करें, केवल भरोसेमंद वेबसाइट और ऐप्स का ही उपयोग करें और अपने मोबाइल या कंप्यूटर में एंटीवायरस रखें व उसे नियमित अपडेट करते रहें। संस्थानों को भी अपनी डिजिटल सुरक्षा को और मजबूत बनाना होगा। बैंकिंग, हेल्थकेयर और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और व्यवहार-आधारित निगरानी प्रणाली को अनिवार्य किया जाना चाहिए। ब्रांड्स को अपने नाम के दुरुपयोग पर नजर रखनी चाहिए और उपभोक्ताओं को सचेत करने की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए।

कानून में भी समयानुकूल बदलाव की आवश्यकता है। खासकर डीपफेक, एआई आधारित फ्रॉड और डार्क वेब के जरिए हो रहे अपराधों के लिए स्पष्ट और कड़े कानूनी प्रावधान होने चाहिए ताकि अपराधियों को जल्द और प्रभावी दंड मिल सके और पीड़ितों को समय पर राहत। डिजिटल सुविधा ने हमें एक नई गति और व्यापकता दी है, लेकिन इसी के साथ हमारी जिम्मेदारियां भी बढ़ी हैं। यह सिर्फ व्यक्तिगत सतर्कता की बात नहीं, बल्कि सामाजिक व संस्थागत जागरूकता की साझी जिम्मेदारी है। अगर हमने समय रहते कदम नहीं उठाए, तो एक अनजाना क्लिक हमारे न केवल पैसे, बल्कि भविष्य को भी संकट में डाल सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# स्वैच्छिक पहलों से साकार हुआ हिमाचल का साक्षरता स्वप्न



डॉ. संजय कुमार
टीजीटी शिक्षक, जीएमएस खारटी (पालमपुर)

हिमाचल प्रदेश ने 8 सितंबर 2025 को 99.30 प्रतिशत की ऐतिहासिक साक्षरता दर प्राप्त कर भारत का सबसे साक्षर राज्य बनने का गौरव हासिल किया। यह उपलब्धि अचानक नहीं आई, बल्कि इसकी जड़ें 1986 से 2001 के बीच हुए एक व्यापक सामाजिक आंदोलन-जन साक्षरता अभियान में हैं, जिसने न केवल वयस्क साक्षरता बढ़ाई बल्कि प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन और सामुदायिक भागीदारी को भी नई दिशा दी।

इस परिवर्तन की पृष्ठभूमि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) से बनी, जिसने प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड, सर्वशिक्षा अभियान और मध्यान्ह भोजन योजना जैसे कार्यक्रमों ने शिक्षा तक पहुंच को व्यापक बनाया। 73वें और 74वें संविधान संशोधनों (1992) ने शिक्षा प्रबंधन का विकेंद्रीकरण किया, जिससे पंचायतीराज संस्थाओं को स्थानीय स्कूलों के संचालन का अधिकार मिला। हिमाचल ने इन अवसरों को स्वैच्छिक प्रयासों और सामुदायिक सहयोग से एक जनांदोलन का रूप दिया।

5 जून 1992 को प्रारंभ हुआ जन साक्षरता अभियान 15-45 आयु वर्ग के वयस्कों को साक्षर बनाने और शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने पर केंद्रित था। गांव, महिला समूहों और युवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, साक्षरता मेलों और मातृ-शिक्षक संघों का आयोजन किया। ग्रामीणों ने स्वैच्छिक श्रम और दान देकर स्कूलों की मरम्मत, नए कक्ष निर्माण और शिक्षण सामग्री की व्यवस्था की। हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति जैसे संगठनों ने लोकनृत्य दलों और सरल पुस्तिकाओं के माध्यम से विशेषकर महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए शिक्षा को सुलभ बनाया। परिणाम उल्लेखनीय रहे। 1991 से 2001 के बीच साक्षरता दर 63.54 प्रतिशत से बढ़कर 77.13 प्रतिशत हुई, जिसमें महिला साक्षरता की वृद्धि (15.95 प्रतिशत) पुरुषों की तुलना में तेज रही। हिमाचल ने मिजोरम और त्रिपुरा जैसे उच्च साक्षरता वाले राज्यों को पीछे छोड़ दिया। 2011 तक साक्षरता दर 82.80 प्रतिशत पर पहुंच गई, जिसने 2025 की ऐतिहासिक उपलब्धि का मार्ग प्रशस्त किया।



प्राथमिक शिक्षा में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई। प्राइमरी स्कूलों की संख्या 1991-92 में 7,690 से बढ़कर 2001-02 में 10,877 हो गई, जो 41.45 प्रतिशत की वृद्धि थी। छात्रों का नामांकन 662,600 से बढ़कर 718,300 हुआ, यानी 8.4 प्रतिशत की वृद्धि, जबकि शिक्षकों की संख्या में 54.89 प्रतिशत का इजाफा हुआ। बेहतर आधारभूत ढांचे, शिक्षक उपलब्धता और सामुदायिक निगरानी ने सुनिश्चित किया कि अधिक बच्चे न केवल दाखिला लें, बल्कि पढ़ाई भी जारी रखें। सामुदायिक भागीदारी इस बदलाव का मुख्य आधार रही। वयस्क साक्षरता ने अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। गांवों ने प्रशिक्षित शिक्षकों और मजबूत स्कूल सुविधाओं की मांग की। अभियान ने शिक्षा को केवल सरकारी दायरे से बाहर निकालकर सामूहिक प्रगति का साझा मंच बना दिया। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी इमारतें और शिक्षकों की कमी जैसी समस्याएं सामने आईं, लेकिन स्वैच्छिक योगदानों और मध्यान्ह भोजन योजना व ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड जैसे सरकारी कार्यक्रमों ने इन अंतरालों को पाट दिया। इस अभियान ने जवाबदेही और सहभागिता की संस्कृति को भी मजबूत किया।

हिमाचल की साक्षरता क्रांति अन्य राज्यों के लिए महत्वपूर्ण सबक देती है। इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए शिक्षक प्रशिक्षण, डिजिटल साक्षरता और आजीवन सीखने के कार्यक्रमों में निवेश जरूरी है। स्थानीय समूहों और जनभागीदारी को निरंतर प्रोत्साहन देना होगा-जैसा कि हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति ने सिद्ध किया है। यह यात्रा बताती है कि साक्षरता सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि सशक्तिकरण, समानता और सतत विकास का सशक्त साधन है। अन्य क्षेत्र इस मॉडल से प्रेरणा लेकर समावेशी और शिक्षित समाज के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आभासी दुनिया में खोते रिश्ते, पुनः जोड़ने की आवश्यकता



नरेंद्र भारती
स्वतंत्र लेखक (मंडी)

व्यस्तता के कारण रिश्तों में आ रही दूरियों को खत्म करना होगा, बढ़ती खाइयों को पाटना होगा, ताकि रिश्ते अटूट बने रहें। रिश्तों को बरकरार रखना होगा। आभासी दुनिया से बाहर निकलना होगा। आभासी दुनिया ने खूनी रिश्ते छीन लिए हैं। रिश्तों को बचाना होगा।

प्रत्येक मानव व्यस्त है, किसी के पास समय ही नहीं है। हालांकि, हर आदमी के चौबीस घंटे होते हैं, लेकिन कौन मानव उनका कितना सदुपयोग करता है या दुरुपयोग करता है, यह मानव पर निर्भर है। आभासी दुनिया ने सबको व्यस्त कर दिया है। समय का दुरुपयोग करने वालों को इससे कोई सरोकार नहीं होता, लेकिन जो समय का सदुपयोग करता है उसे समय की कीमत पता होती है कि एक-एक मिनट की कितनी वैल्यू होती है।

वर्तमान परिवेश में मानव की अनावश्यक व्यस्तता इतनी बढ़ गई है कि 24 घंटे भी कम होने लगे हैं। व्यस्तता ही व्यस्तता हो गई है, किसी के लिए एक मिनट का समय नहीं है। व्यस्तता ने कई खूनी रिश्ते छीन लिए हैं। रिश्तों को बचाना होगा। आज लोगों के पास सही कार्यों के लिए वक्त नहीं है, जबकि फालतू कार्यों के लिए समय कम पड़ रहा है। इंसान इंटरनेट की नाटी में नाच रहा है, दूसरों को इग्नोर कर रहा है।

मतलब हो तो समय ही समय है, अगर मतलब नहीं है तो एक मिनट का समय नहीं है। आज लोग इतने व्यस्त हो गए हैं कि खाना खाने का समय नहीं है। एक समय था कि सबको समय दिया जाता था, लेकिन अब तो लोगों के पास एक मिनट का समय नहीं होता। गैरों के लिए समय ही समय होता है, लेकिन अपनों को इग्नोर किया जाता है। यह ट्रेंड बढ़ता ही जा रहा है। कुछ लोग तो इंटरनेट को ही सब कुछ मानते हैं, पड़ोसी को भी इंटरनेट पर ही सर्च करते हैं। आस-पड़ोस का पता नहीं है, लेकिन दोस्त विदेशों में हैं। पड़ोसी के लिए एक मिनट का समय नहीं होता, लेकिन अजनबी से घंटों बातचीत होती है। आज लोग इतने व्यस्त हो गए हैं कि समय कम पड़ने लगा है, अपनों के लिए समय ही नहीं होता। फेसबुक, व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम पर अजनबी लोगों को पैसा दे रहे हैं और ठगे जा रहे हैं, अपनों को एक रुपया देने से भी परहेज करते हैं।



पैसा देने से पहले हजारों बार सोचेंगे। खूनी रिश्तों में बिखराव एक त्रासदी है। रिश्तों को बचाना चाहिए, मुश्किल व मुसीबत में अपने ही काम आते हैं, आभासी दुनिया के लोग तमाशा देखते हैं। आभासी दुनिया नहीं थी तब रिश्तों में मिठास होती थी, लेकिन अब लोग आभासी दुनिया को ही सब कुछ मान बैठे हैं। क्या खाया, एक सेकेंड में व्हाट्सऐप व फेसबुक पर स्टेटस डाला जाता है। पहले यह सब नहीं था, तो रिश्ते मजबूत थे। एक-दूसरे के दुःख-दर्द में साथ देते थे, लेकिन आज औपचारिकता ही निभा रहे हैं। रिश्तों में औपचारिकता नहीं होती, सच्चे मन से साथ देना चाहिए ताकि रिश्ते कभी न टूट पाएं और सदैव बने रहें। अक्सर देखा गया है कि आज लोग बाहरी व विदेशी लोगों से मित्रता करना बड़ी शान समझते हैं, लेकिन जब लुटे जाते हैं तब होश ठिकाने आते हैं। अपना खून अपना ही होता है। अपनों को समय दीजिए, अपनों को नाराज मत कीजिए। आभासी दुनिया चार दिन ही चलती है, जबकि रिश्ते ताउम्र चलते हैं। अपनों का साथ दीजिए, उनका सहयोग कीजिए, तभी रिश्ते बच सकते हैं। रिश्तों को तोड़ना आसान है, जोड़ना बहुत ही मुश्किल होता है।

आज दौर ऐसा चल पड़ा है कि अपनों को गिराया जाता है और गैरों को गले लगाया जाता है। रिश्तों में कड़वाहट आती जा रही है। छोटे-छोटे स्वार्थ से रिश्तों में शत्रुता पैदा हो रही है। रिश्तों में स्वार्थ नहीं होना चाहिए, बल्कि स्वार्थ से ऊपर उठकर रिश्तों को निभाना चाहिए।

बहरहाल, गिले-शिकवे खत्म करने चाहिए, ताकि रिश्तों में मिठास बनी रहे। व्यस्तता के बावजूद रिश्तों के लिए समय दीजिए। व्यस्तता तो कभी खत्म नहीं होती। खूनी रिश्तों को बचा लीजिए, कहीं देर न हो जाए, वरना बाद में बहुत पछताना पड़ता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# चंबा की सांस्कृतिक धरोहर में शिब्बू महाजन का अमिट योगदान



कुंदन लाल गुप्ता
स्वतंत्र लेखक

हिमालय की गोद में बसा चंबा केवल प्राकृतिक सौंदर्य का पर्याय नहीं, बल्कि इसकी संस्कृति, परंपरा और कला सदियों से इस जनपद की आत्मा रही है। ढाई सौ वर्ष पूर्व डोगरा महाजन परिवार के आगमन से इस भूमि की अंतर्मुखी संस्कृति ने नया रंग पाया। महाजन परिवार ने न केवल व्यापार में अपनी छाप छोड़ी, बल्कि सांस्कृतिक पुनरुत्थान में भी अहम भूमिका निभाई।

लाला संसार चंद महाजन ने चंबा में पहला प्रिंटिंग प्रेस स्थापित किया, पहला पेट्रोल पंप लगाया और 'भावना' पत्रिका का प्रकाशन किया, परंतु उनका सबसे बड़ा योगदान था रामलीला का आरंभ सन 1949 में रहा। रामलीला ने चंबा के समाज को नई चेतना दी और सीमाओं से बाहर जाकर इसे राष्ट्रीय पहचान भी दिलाई। सन 1990 में चंबा रामलीला क्लब ने अयोध्या में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इसी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में सबसे प्रमुख नाम है शिव कुमार महाजन, जिन्हें शिब्बू महाजन के नाम से जाना जाता है। दशकों तक उन्होंने रामलीला में राजा दशरथ की भूमिका निभाई। उनका अभिनय केवल कला नहीं, बल्कि भक्ति का रूप था। मंच पर वे व्रत रखते, मर्यादाओं का पालन करते और पूरी निष्ठा से अपने चरित्र में डूब जाते। उनकी आंखों की आस्था, वाणी की मार्मिकता और भावों की गहराई दर्शकों के दिलों को छू जाती थी।

सितंबर 2025 में रामलीला के मंच पर दशरथ का दर्द व्यक्त करते हुए उन्होंने अंतिम सांस ली। यह घटना केवल एक निधन नहीं थी, बल्कि एक संस्कृति का जीवंत स्मारक बन गई। दर्शकों ने उस दिन एक कलाकार को नहीं, बल्कि एक भक्ति की प्रतिमूर्ति को देखा। उस रात चौगान साधारण मैदान नहीं, बल्कि एक तीर्थस्थल बन गया।



फाइल फोटो

महाजन परिवार ने जो सांस्कृतिक विरासत लाला संसार चंद महाजन के समय से शुरू की थी, उसे शिब्बू महाजन ने अपनी पूरी जिंदगी समर्पित कर अमर कर दिया। आज जब दशहरे की रात हजारों लोग चौगान में रावण दहन देखने आते हैं, तो वह केवल उत्सव नहीं, बल्कि उस अमर धरोहर की जीवंत गवाही होती है। शिब्बू महाजन ने चंबा की आत्मा को रामलीला के माध्यम से नया जीवन दिया। उन्होंने न केवल अभिनय किया, बल्कि लोगों को भक्ति, मर्यादा और सेवा का मार्ग दिखाया। उनका जाना चंबा के लिए अपूरणीय क्षति है, लेकिन उनकी स्मृति सदैव जीवित रहेगी। शिब्बू महाजन ने साबित किया कि एक कलाकार का जीवन केवल मंच तक सीमित नहीं रहता, वह समाज और संस्कृति का हिस्सा बन जाता है। आज चंबा उनका स्मरण करता है, न केवल एक कलाकार के रूप में, बल्कि उस व्यक्ति के रूप में जिसने पूरी जिंदगी राम के चरित्र को जीवंत किया। उनकी भक्ति, समर्पण और कला की गाथा चंबा की सांस्कृतिक विरासत में सदैव गूंजती रहेगी। शिब्बू महाजन को नमन, जिन्होंने चम्बा की आत्मा को राममय कर दिया।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क से गिरने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** शनिवार को पुलिस थाना सरकाघाट को सूचना प्राप्त हुई कि फतेहपुर पेट्रोल पंप से लगभग 100 मीटर पीछे एक व्यक्ति सड़क से नीचे गिर गया है और पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा। मौके पर एक व्यक्ति का शव सड़क के नीचे नाले में पाया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृतक के परिजनों व ग्रामीणों की उपस्थिति में शव की पहचान की। मृतक की पहचान दयालू राम (41 ) पुत्र रुलिया राम, निवासी गांव वडोई, डाकघर पौंटा, तहसील सरकाघाट के रूप में हुई। घटनास्थल पर मौजूद मृतक के दोनों चाचा सुहडू राम और विधि चंद के बयान दर्ज किए गए। दोनों ने मृत्यु के संबंध में किसी प्रकार की शंका या संदेह प्रकट नहीं किया। मामले की जांच एएसआई संजय जांच अधिकारी थाना सरकाघाट द्वारा की जा रही है।

### 40 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नबाही में ग्राम पंचायत नबाही और इंसानियत एनजीओ के संयुक्त सहयोग से एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जोनल अस्पताल मंडी की चिकित्सा टीम द्वारा 40 से अधिक स्वैच्छिक रक्तदाताओं से रक्त संग्रह किया गया। शिविर का संचालन चिकित्सा अधिकारी इंचार्ज डॉ. वीर विक्रम सिंह के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में किया गया। डॉ. सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों को रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी दी और बताया कि रक्तदान न केवल दूसरों के जीवन को बचाता है, बल्कि दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। शिविर के अंत में डॉ. वीर विक्रम सिंह ने सभी रक्तदाताओं, ग्राम पंचायत नबाही की प्रधान, इंसानियत एनजीओ की टीम और जोनल अस्पताल मंडी की चिकित्सा टीम का हार्दिक धन्यवाद किया।

### पेंशनरों ने बजाया संघर्ष का बिगुल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के निर्णय के अनुसार सभी जिलों के संयोजक, सह संयोजक व सदस्यों नें अपने अपने जिलों में बैठक कर प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। मंडी, कांगड़ा, शिमला, ऊना, सोलन, किन्नौर और चंबा में संघर्ष समिति ने बैठकें तय कर 17 अक्टूबर को होने वाली प्रस्तावित रैलियां बारे तैयारियां शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक मंडी के सुंदरनगर में 5 अक्टूबर, चंबा में दोबारा 6 अक्टूबर को लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस में, सिरमौर में 7 अक्टूबर को नागरिक सभा नाहन में बैठकें होनी निश्चित हुई हैं। अन्य जिलों बिलासपुर, हमीरपुए और कुल्लू की बैठकों की तिथियां भी तय की जा रही हैं। समिति के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने बताया कि संयुक्त मांग पत्र सरकार को एक महीने के नोटिस के साथ 16 सितंबर को दे दिया गया है।

### स्वयंसेवकों के योगदान की सराहना की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी स्थित अभिलाषी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने एनएसएस स्वयंसेवकों के प्रयासों और समाज सेवा में उनके योगदान की विशेष प्रशंसा की। इस अवसर पर आईक्यूएसी निदेशक प्रो. पीसी शर्मा, एनएसएस समन्वयक हेमंत कपूर, संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे। कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आयोजकों को बधाई दी।

### रामलीला: लक्ष्मण ने किया मेघनाद का वध

**भीम बसेडू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** महादेव में रामलीला के सुंदर मंचन के चलते रामायण कथा के अनुसार राम और रावण के योद्धाओं के बीच भीषण युद्ध दिखाया गया जिसमें लक्ष्मण और मेघनाथ के बीच हुए युद्ध में मेघनाथ की मायावी शक्तियों की बहुत न चली और अंततः उसका वध कर दिया।इसी प्रकार पहाड़ जैसे तन वाले रावण के भाई कुंभकर्ण को भी मार गिराया गया वहीं राम रावण युद्ध में रावण का भी वध कर दिया गया और विभीषण का सोने की लंका में राज्याभिषेक कर दिया गया।शिव आर्ट रामलीला कमेटी घांघल महादेव के द्वारा संगीतमय ढंग से खेली जा रही रामलीला की दूर दूर तक चर्चा है।

### जेएन राणा ने पेश की सहयोग की मिसाल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भदेहड़ कुजाबल्ह गांव से संबंध रखने वाले जेएन राणा ने समाज सेवा में अपनी प्रतिबद्धता फिर साबित की है। सिलवासा में रहते हुए उन्होंने हिमाचल प्रदेश मित्र मंडल का गठन किया और बाढ़ प्रभावित धर्मपुर क्षेत्र के दुकानदारों के लिए आर्थिक मदद जुटाई। 15-16 सितंबर को राणा स्वयं धर्मपुर पहुंचे और बाढ़ प्रभावित दुकानदारों की सहायता के लिए गठित बाढ़ प्रभावित सहारा कमेटी को हिमाचल प्रदेश मित्र मंडल सिलवासा की ओर से 2,11,000 रुपए का चेक प्रदान किया। इससे पहले भी उन्होंने सेठी गांव के प्रभावित परिवारों को 51,000 रुपए की मदद की थी। राणा पिछले 25 वर्षों से समाज सेवा में सक्रिय हैं और भविष्य में भी क्षेत्र के लिए मदद करते रहेंगे। इस मौके पर भदेहड़ पंचायत प्रधान रंजीत सिंह, ओंकार सिंह, वीरेंद्र पठानिया, महाजन पठानिया व कमेटी के किशोर मौजूद थे।

### बग्गी में खेलकूद ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित

**अनंत ज्ञान, बग्गी।** बग्गी स्कूल में एक दिवसीय खेलकूद ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित की गई। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के निदेशक लाल सिंह कौशल मुख्य अतिथि थे। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत की सराहना की और ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्णय को सही बताया। प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन सहित कई खेलों के ट्रायल लिए गए। लगभग 22 विद्यालयों के 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें छात्र-छात्राएं और शारीरिक शिक्षा अध्यापक शामिल थे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के खेल मैदान और अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया और समस्याएं दूर करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ और स्थानीय गणमान्य भी उपस्थित थे।

### कविता, भाषण प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में शनिवार को विश्व अध्यापक दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। रोवर्स-रेंजर्स यूनिट, सांस्कृतिक क्लब और फॉरेन लैंग्वेज क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. निशा वैद्य ने की। उन्होंने शिक्षकों के योगदान और महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्राध्यापकों द्वारा संगीत, कविता और प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही, कविता पाठन, भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मुस्कान ने तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। डॉ. नवीन राठौर, प्रो. ममता, प्रो. मोहिनी व रेंजर लीडर आरती ने आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित किया।

### राज्य स्तर के लिए चयनित हुए चार खिलाड़ी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** न्यू दिशा पब्लिक स्कूल चौंतड़ा के खिलाड़ियों ने हैंडबॉल मेजर गेम टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय खिताब अपने नाम किया है। टीम ने गवर्नमेंट बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जोगिंद्रनगर को 22-15 के उल्लेखनीय स्कोर से पराजित किया। यह मुकाबला करसोग में आयोजित किया गया। विद्यालय के आठ खिलाड़ियों का राज्य एवं जिला स्तर के लिए चयन हुआ है। इनमें अर्णव्या ठाकुर, शुभम वर्मा, चिराग कटवाल और अथर्व शर्मा का चयन हैंडबॉल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वहीं मोहित, सक्षम और क्षितिज बॉलीबाल की जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। इसके अतिरिक्त फुटबॉल में सचिन भाटिया ने चयन सूची में स्थान बनाया है।विद्यालय के शारीरिक शिक्षा अध्यापक संजीव कुमार का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए असिस्टेंट कोच के रूप में हुआ है, जो विद्यालय के लिए गौरव की बात है।विद्यालय प्रबंधन, निदेशक पमल चौहान एवं प्रिंसिपल शिवानी ठाकुर ने सभी चयनित खिलाड़ियों और कोच को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मंडी में ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट 15 को होंगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन अधिकारी (एसडीएम) मंडी सदर रुपिंदर कौर ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस का टेस्ट 15 अक्तूबर को बैडमिंटन कोर्ट के सामने स्थित छोटे पड्डल मैदान मंडी में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट में भाग लेने वाले आवेदक निर्धारित तिथि को अपना आवेदन फार्म फोटो सहित पूर्ण रूप से भरकर संबंधित फाइल सहित लाएं। बिना फोटो, बिना फाइल अथवा अधूरा फार्म किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 अक्तूबर को होने वाले ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के लिए उम्मीदवार Parivahan.gov.in पोर्टल के माध्यम से स्लॉट बुक कर सकते हैं। स्लॉट बुकिंग की प्रकिया 9 अक्तूबर से प्रातः 11:30 बजे से उपलब्ध रहेगी।

# आईआईटी मंडी में अनुराग ने किया 'कुल्हड़ इकॉनमी फेस्ट' का शुभारंभ

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी में लोकसभा सदस्य व पूर्व केंद्रीय खेल एवं युवा मामले मंत्री तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि कुल्हड़ इकॉनमी फेस्ट (केईएफ) का शुभारंभ किया।

अनुराग ने आईआईटी मंडी की शैक्षणिक और आध्यात्मिक समृद्धि की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से इस अद्वितीय वातावरण का पूर्ण लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने भारत की स्पेस एंड टेक्नोलॉजी उपलब्धियों, देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जीएसटी सुधारों और स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग के महत्व पर भी प्रकाश डाला। आईआईटी मंडी के डायरेक्टर प्रोफेसर लक्ष्मीधर बेहेरा ने मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि केईएफ, आईआईटी मंडी की उस विकास-दर्शन को प्रतिबिंबित करता है जो सस्टेनेबिलिटी और लोकल प्रासंगिकता पर आधारित है, ठीक उसी तरह जैसे 'कुल्हड़', जो सादगी, पर्यावरण-मित्रता और भारतीय जमीनी परंपरा का प्रतीक है।



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी में अनुराग ठाकुर छात्रों के साथ।

उन्होंने कहा कि आईआईटी मंडी नए विचारों और विधाओं को अपनाकर नवाचार और प्रगति की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रोफेसर कनगा साबापथी ने आईआईटी मद्रास के साथ संस्थान के इंडियन नॉलेज सिस्टम्स पर आधारित सहयोगात्मक शोध कार्य के बारे में बताया। कार्यक्रम के संयोजक अजय चतुर्वेदी, जिनके विद्वत्तापूर्ण ग्रंथ 'कला दर्शन- बिल्डिंग ब्लॉक्स ऑफ टाइम' और 'कला गति- कॉस्मिक फ्लो ऑफ टाइम एंड हिस्ट्री' समय और इतिहास की प्रकृति तथा प्रवाह की गहन समझ प्रदान करते हैं, ने अनुराग ठाकुर का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### हर जगह विरोध करना राहुल गांधी की फितरत में हो गया शामिल: अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** शनिवार को मंडी पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को जमकर घेरा है। विदेश दौरे पर भारत और आरएसएस को लेकर राहुल गांधी द्वारा की की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का हर जगह विरोध करना राहुल गांधी की फितरत में शामिल हो गया है। अनुराग ने आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी ऑपरेशन सिंदूर और एयर स्ट्राइक के समय भी भारत में बैठकर पाकिस्तान का गुणगान गाते रहे। उनकी ऐसी कौन सी मजबूरी है कि उन्हें भारत का विरोध करना जरूरी हो गया है। राहुल गांधी और उनके चमचों के पड़ोसी देश पाकिस्तान के लिए उमड़ रहे प्रेम के चलते आज उन्हें 90 चुनावों में हार का सामना करना पड़ा है और अब वे उनकी बिहार चुनाव में भी हार निश्चित है।

# रविकांत वैद्य तीसरी बार चुने मंडी अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के निदेशक मंडल की पहली बैठक में रविकांत वैद्य को तीसरी बार अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के हाल ही में संपन्न चुनाव में शहर के लगभग 3700 शेयर होल्डर्स को नौ जोनों में विभाजित कर प्रत्येक जोन से एक-एक डायरेक्टर का चयन किया गया। सभी नौ डायरेक्टरों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया।

नव-निर्वाचित बोर्ड ने अपनी पहली बैठक में अध्यक्ष पद के लिए रविकांत वैद्य पर पुनः भरोसा जताया, जबकि उपाध्यक्ष पद पर शिवलाल शर्मा को नियुक्त किया गया। अन्य निर्वाचित डायरेक्टरों में हंस राज, प्रियाव्रत वैद्य, पुष्पराज वैद्य, चंद्रशेखर वैद्य, रविकांत दुग्गल, हरि प्रकाश शर्मा और जितेंद्र पुरी शामिल हैं। नव निर्वाचित अध्यक्ष रविकांत वैद्य ने सभी डायरेक्टरों और शेयर होल्डर्स का आभार प्रकट करते हुए कहा कि बैंक को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बैंक की विश्वसनीयता, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना को और मजबूत किया जाएगा।



#### कौन हैं रविकांत वैद्य

रविकांत वैद्य किसी परिचय का मोहताज नहीं है। वर्ष 2015 में शहर के लोगों ने मंडी अर्बन काआपरोटिव बैंक का डायरेक्टर चुना और नवगठित बैंक के बोर्ड ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया। उसके पश्चात रविकांत ने बैंक की चुनौतियां और उस समय उत्पन्न परिस्थितियों का डटकर मुकाबला किया और बैंक को पटरी पर लाया। वर्ष 2020 में पुन- अध्यक्ष चुना गया। शहर की अनेक धार्मिक संस्थाओं में भी रविकांत वैद्य का खास योगदान है।

**उपाध्यक्ष पद पर शिवलाल शर्मा को किया नियुक्त**

# अभिलाषी विवि के विद्यार्थियों ने किया चक्कर मिल्क प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण



चक्कर मिल्क प्लांट में शैक्षणिक भ्रमण करने के दौरान विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अभिलाषी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने अपने संकाय सदस्यों के साथ चक्कर मिल्क प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्षा डॉ. ज्योति सोन्धी, हेमंत कपूर, डॉ. अविनाश राणा, डॉ. दिव्या राय, नरेंद्र कुमार व यामिनी शर्मा उपस्थित रहे।

चक्कर मिल्क प्लांट के यूनिट इंचार्ज विश्वकान्त शर्मा, प्लांट इंजीनियर विवेक, मार्केटिंग इंचार्ज (एस्टैब्लिश ब्रांच अकाउंट) परमजीत तथा क्वालिटी कंट्रोल ऑफिसर विनय कुमार ने विद्यार्थियों को प्लांट की कार्यप्रणाली, विपणन रणनीति, मानव संसाधन प्रबंधन एवं लेखा प्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों ने उद्योग जगत की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की, जो उनके भविष्य के प्रबंधन अध्ययन और करियर निर्माण में सहायक सिद्ध होगी। विवि के कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी व कुलपति प्रो. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, जीनियस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी व सचिव नरेंद्र कुमार ने आयोजकों की सराहना की।

### हंसा देवी को दिया 2 लाख की बीमा राशि का क्लेम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ढलवान पंचायत के मसियानी गांव की हंसा देवी को हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक ने 2 लाख की बीमा क्लेम राशि प्रदान की है। कुछ समय पूर्व हंसा देवी के पति सुरेश कुमार की दुर्घटना से मृत्यु हो गई थी। हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा ढलवान द्वारा प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत हंसा देवी को 2 लाख रुपए की राशि का चेक प्रदान किया। बैंक शाखा प्रबंधक अनुज शर्मा ने बताया कि दुख की इस घड़ी में यह योजना हंसा देवी के परिवार का सहारा बनी है। सुरेश कुमार ने हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा ढलवान से अपने खाते में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा बीमा योजना के तहत 20 रुपए प्रीमियम राशि देकर करवाया था, जिसका लाभ उनके परिवार को उनकी मृत्यु के उपरांत मिला है। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक अनुज शर्मा के साथ सहायक प्रबंधक अनु बाला व लिपिक राज कुमार उपस्थित रहे।

# चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट में नवीन शर्मा ने बढ़ाया प्रदेश का गौरव, एआईटीटी-2025 में देशभर में पाया प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**सुंदरनगर के प्रशिक्षु जतिन कंप्यूटर ऑपरेटर एवं असिस्टेंट प्रोग्रामर कोर्स में अव्वल**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ग्रेड-ए मंडी के प्रशिक्षु नवीन शर्मा पुत्र पूरण चंद ने सर्वेयर ट्रेड में ऑल इंडिया ट्रेड टेस्ट-2025 में 99.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे उत्तरी भारत में संस्थान एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। इसके साथ ही आईटीआई सुंदरनगर के प्रशिक्षु जतिन डोगरा ने कंप्यूटर ऑपरेटर एवं असिस्टेंट प्रोग्रामर ट्रेड में संपूर्ण भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया और सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थी पुरस्कार से सम्मानित हुए।

उनकी इस असाधारण उपलब्धि के लिए उन्हें आज भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कौशल दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित किया गया। नवीन शर्मा तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा से संबंध रखते हैं। उनके माता-पिता का देहांत हो चुका है तथा उनके मामा सतीश शर्मा ने उन्हें उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। वर्ष 2023 में उन्हें प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत



चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में भी अपनाया गया है। नवीन ने बताया कि योजना के तहत उन्हें प्रतिमाह चार हजार रुपए प्रदेश सरकार की ओर से प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी से सर्वेयर व्यवसाय में व्यावसायिक प्रशिक्षण सत्र 2023-25 सफलतापूर्वक पूर्ण किया। प्रशिक्षण के दौरान इन्होंने 7-8 मई 2025 को आयोजित राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया था और इस उपलब्धि पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने 17 सितंबर, 2025 को पॉलिटेक्निक सुंदरनगर में आयोजित राज्य स्तरीय दीक्षांत समारोह में उन्हें प्रशस्ति पत्र, गोल्ड मेडल एवं 5100 रुपए की नकद धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया था। वर्तमान में नवीन शर्मा एनएसटीआई, कोलकाता से सीआईटीएस में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। संस्थान के प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रशिक्षु नवीन शर्मा एवं उनके अनुदेशक दिनेश शर्मा को बधाई दी और कहा कि यह सफलता प्रदेश के अन्य प्रशिक्षुओं एवं अनुदेशकों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने बताया की आईटीआई में 70 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले तथा पढ़ाई के दौरान 95 प्रतिशत से अधिक हाजिरी वाले प्रशिक्षुओं को प्रदेश सरकार द्वारा 5100 रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए जाते हैं। तकनीकी शिक्षा, व्यवसाय एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हिमाचल प्रदेश के निदेशक अक्षय सूद ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रशिक्षुओं, उनके अनुदेशकों एवं संस्थान के कुशल नेतृत्व को सराहा और भविष्य में और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

# 232 प्रशिक्षुओं को किया सम्मानित

## आईटीआई जोगिंद्रनगर में कौशल दीक्षांत समारोह धूमधाम से संपन्न



**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में शनिवार को कौशल दीक्षांत समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अपने संबोधन में जीवन ठाकुर ने कहा कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश ने नई ऊंचाइयां छुई हैं। हजारों युवाओं ने तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटियां भी अब तकनीकी क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रही हैं, जो समाज के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में आईएमसी चेयरमैन शिव कुमार ने बताया कि युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार दिलाने के लिए प्रदेश में लगभग ढाई सौ तकनीकी शिक्षा केंद्र संचालित हैं। संस्थान की प्रधानाचार्य इंजीनियर नवीन कुमारी ने बताया कि वर्तमान में आईटीआई में 9 ट्रेडों के अंतर्गत लगभग 18 व्यवसायों में 352 प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम में सत्र 2024-25 के लिए ड्रेस मेकिंग ट्रेड की अंजना और फिटर ट्रेड के शुभम ठाकुर को 'बेस्ट ट्रेनी अवार्ड' से सम्मानित किया गया। ड्रेस मेकिंग ट्रेड की अंकिता को 100 प्रतिशत उपस्थिति के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न ट्रेडों के 232 प्रशिक्षुओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक अच्छर सिंह, भगवान दास, इंद्रपाल, संजीव कुमार, अतुल चौहान, सुभाष राणा, तारा, कश्मीर, मनीष कुमार और जोगिंद्रपाल सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### सीवरेज प्लांट बरछवाड़ के 7 कर्मचारियों को 5 माह से नहीं मिला वेतन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सीवरेज प्लांट बरछवाड़ के 7 कर्मचारी पिछले कई महीनों से प्रशासन व ठेकदार से न्याय की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन न ही तो प्रशासन से कोई मदद मिल रही ही, न ही ठेकदार इनका वेतन दे रहा है। शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज की अगुवाई में इन कर्मियों ने फिर से एसडीएम से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की। कर्मचारियों में अजय कुमार शर्मा, अनिल कुमार, अजय चंदेल, विशाल ठाकुर, गुलशन ठाकुर, सोम राज तथा राजेश शर्मा ने बताया कि ठेकेदार के पास पिछले 5 माह से इनके वेतन लंबित पड़े हैं, लेकिन बार-बार कहने पर, इन्हें वेतन नहीं मिल रहा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है, कि यदि 15 अक्तूबर तक उनके वेतन और भत्ते इत्यादि का भुगतान नहीं होता, तो प्लांट को बंद कर, प्रशासन व ठेकेदार के समक्ष विरोध प्रदर्शन करने से नहीं रुकेंगे। वहीं यदि सीवरेज प्लांट बंद हो जाता है, तो इससे से बदबू फैल सकती है और पीने का पानी भी दूषित हो सकता है। उन्होंने जल शक्ति विभाग से कर्मचारियों के लंबित वेतन का भुगतान करने की मांग की है। आरटीआई एक्टिविस्ट रमेश चंद भारद्वाज ने बताया कि यदि ठेकेदारों और कंपनियों के साथ सरकार कॉन्ट्रैक्ट एग्रीमेंट सही बनाए तो, किसी को भी इस तरह की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# सुंदरनगर नप की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी-सह-उपमंडल अधिकारी सुंदरनगर अमर नेगी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नगर परिषद सुंदरनगर के वार्डों की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का विस्तृत कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रारूपिक मतदाता सूचियों का प्रकाशन 6 अक्तूबर को किया जाएगा। इसके पश्चात पात्र नागरिक अपने वार्ड की सूची में नाम, पता या अन्य विवरण की जांच कर सकेंगे तथा आवश्यक संशोधन हेतु दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर सकेंगे। दावे और आपत्तियां 8 से 17 अक्तूबर तक पुनरीक्षण प्राधिकारी एवं तहसीलदार सुंदरनगर के समक्ष दाखिल की जा सकेंगी। पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा इन दावों और आपत्तियों का निस्तारण दाखिल किए जाने की तिथि से दस दिन के भीतर किया जाएगा अर्थात यह प्रक्रिया 27 अक्तूबर तक पूर्ण कर ली जाएगी। पुनरीक्षण प्राधिकारी के आदेशों के विरुद्ध अपीलें सात दिन के भीतर दाखिल की जा सकेंगी, यानी 3 नवम्बर तक। अपीलीय प्राधिकारी द्वारा इन अपीलों का निस्तारण अपील दाखिल होने की तिथि से सात दिन के भीतर किया जाएगा, जो 10 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके उपरांत अंतिम रूप से संशोधित मतदाता सूचियां 13 नवंबर तक प्रकाशित कर दी जाएंगी।

### पधर में रेबीज पर लोगों का किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, पधर।** वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक वर्मा ने बताया कि पशु चिकित्सालय पधर में 27 सितंबर से 4 अक्तूबर तक विश्व रेबीज सप्ताह मनाया गया। इस दौरान लोगों को रैबीज रोग के प्रति जागरूक किया गया तथा पशुओं का टीकाकरण भी किया गया। उन्होंने बताया कि आज 4 अक्तूबर को विश्व पशु कल्याण दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर पशुओं की देखभाल, पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी गई तथा लोगों से अपील की गई कि वे पशुओं के प्रति संवेदनशील रहें और समय-समय पर उनका उपचार व टीकाकरण करवाएं।

# बरसात के बाद भी निर्माणाधीन एनएच का कार्य शुरू नहीं: भूपेंद्र



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**विधायक चंद्रशेखर का अनशन बेअसर, किसान सभा करेगी आंदोलन की घोषणा**

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने निर्माणाधीन राष्ट्रीय उच्च मार्ग के कार्य में हो रही देरी पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि बरसात समाप्त होने के बावजूद सड़कों का काम दोबारा शुरू नहीं हुआ है। इस संबंध में धर्मपुर के विधायक द्वारा किए गए अनशन को भी उन्होंने केवल दिखावा करार दिया।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि लौंगनी स्थित बीआरएन कंपनी के कार्यालय पर स्थानीय ठेकेदारों ने ताले जड़ दिए हैं, जिनकी बकाया राशि छह करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। दिलचस्प यह है कि ये ठेकेदार विधायक के करीबी हैं और उन्हीं की सिफारिश पर कंपनी से जुड़े थे। बीआरएन कंपनी को केंद्र सरकार से बरसात के नुकसान के नाम पर लगभग 50 करोड़ मिल चुके हैं, पर जनता के नुकसान की भरपाई नहीं हुई। किसान सभा अब इस मामले को लेकर दोबारा अभियान शुरू करेगी। 13 अक्तूबर को शिमला में राज्य स्तरीय सम्मेलन में रणनीति तैयार की जाएगी, जबकि 14 अक्तूबर को उच्च न्यायालय में याचिका की सुनवाई होनी है। भूपेंद्र सिंह ने प्रशासन से निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने की मांग की है और निर्माण कंपनियों की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

### मंडी शहर में केवल छोटा पड्डल मैदान में होगी पटाखों की बिक्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता के तहत आदेश जारी करते हुए कहा है कि दीपावली पर्व के दौरान मंडी शहर और जिले के अन्य भीड़भाड़ वाले बाजारों में पटाखों की बिक्री और भंडारण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मंडी शहर में पटाखों की बिक्री केवल छोटा पड्डल मैदान में ही की जा सकेगी और इसके लिए वैध लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने सभी उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले बाजारों में पटाखों के भंडारण और बिक्री पर रोक सुनिश्चित करें तथा आवश्यक कार्रवाई समय पर करें, ताकि दीपावली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने बताया कि मंडी शहर का बाजार अत्यधिक भीड़भाड़ वाला है और दीपावली के दिनों में पूर्व में पटाखों की दुकानों में आगजनी की घटनाएं घट चुकी हैं। जनजीवन, संपत्ति और सार्वजनिक सुरक्षा के दृष्टिगत इस वर्ष पटाखों की बिक्री केवल छोटा पड्डुल तक सीमित की गई है।उपायुक्त ने एसडीएम सदर को निर्देश दिए हैं कि छोटा पड्डुल में अस्थायी दुकानों की स्थापना का कार्य समय पर पूरा किया जाए। इन दुकानों के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी किए जाएंगे और इस संपूर्ण व्यवस्था का संचालन डीएसपी सदरनगर निगम मंडी, अग्निशमन अधिकारी व जिला खेल अधिकारी के समन्वय से किया जाएगा।

# सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करती रहेगी कल्याण समिति: हरभजन भाटिया



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**नवदुर्गा वैष्णो देवी के दरबार में ठीक हो रहे असाध्य रोगों से ग्रस्त रोगी**

सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए गठित नवदुर्गा वैष्णवी धर्म कल्याण समिति ने दहेज प्रथा, धूम्रपान, जुआ खेलना, खाद्य पदार्थों में मिलावट आदि के खिलाफ समिति के अध्यक्ष कर्नल हरभजन भाटिया के नेतृत्व में अभियान तेज कर दिया है।

बता दें कि मंडी जिला की बल्ह घाटी की सोयरा पंचायत के डोलंगी गांव में पुजारन हंसा वैष्णो देवी जम्मू आती जाती रहती थी, उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर देवी वैष्णो उनके घर में ही प्रकट हो गई। तदोपरांत वहां क्षेत्र और आसपास के राज्यों से श्रद्धालुओं की भीड़ लगने लगी। माता के दरबार में मनोकामना पूर्ण होने पर लोग अपनी मन्नते चढ़ाने वहां आने लगे। मुख्य सलाहकार चमन राही ने कहा कि संस्कृति के संवर्धन और समृद्धि के लिए यह स्थल उभर कर सामने आया है। उन्होंने कहा कि कैंसर, कुष्ठ रोग, गठिया व आंखों की बीमारी आदि का इलाज माता वैष्णो के आदेश पर पुजारन हंसा देशी जड़ी बूटी देती है, जिससे लोग के असाध्य रोग का इलाज होता है। नवरात्र में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

अध्यक्ष कर्नल हरभजन भाटिया ने बताया कि हाल ही में सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए एसडीएम बल्ह की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सरकारी स्कीमों की जानकारी दी, जिसका लोगों ने भरपूर लाभ उठाया और भविष्य में भी कल्याण समिति सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करेगी और एक बड़े जागरण का आयोजन भी किया जाएगा।



# देवमहाकुंभ
# अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा


प्राइवेट बस आपरेटर यूनियन जिला कुल्लू
की तरफ से
अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं



रजत जम्वाल
प्रधान

विनय गोयल
महामंत्री




## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

कमलेश वर्मा (परी)
प्रभारी कुल्लू एवं लाहुल स्पीति
मो. 97360-75360,86298-97600




अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं



वर्ष 1977 से कला संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन सहित समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर रूप से कार्यरत हिमाचल प्रदेश की अग्रणी संस्था सूत्रधार कला संगम कुल्लू की ओर से आपको परिवार सहित अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं

दिनेश सेन
अध्यक्ष, सूत्रधार कला संगम कुल्लू

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
DEV DHAM
Restaurant & Bar
Contact for: All type of conference Parties & Adventure Sports
Vill. Bashing P.O. Babeli, Kullu (H.P.)
Mob. 97365-90739, 98161-36945

नवदुर्गा स्टोन क्रशर
हुरला कुल्लू, हि.प्र.
की तरफ से
अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
रेत, बजरी के लिए संपर्क करें

आशापुरी स्टोन क्रशर
हुरला कुल्लू, हि.प्र.
की ओर से
अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
रेत, बजरी के लिए संपर्क करें

जमदग्नि रोलर फ्लोर मिल
की ओर से
अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
JAMDAGNI ROLLER FLOUR MILLS
Deals in:
Atta, Maida
Superfine Atta
Chakki Mahili Atta
Suji Chokar
Tpds Atta



Late Sh. Tejwant Sharma
Soul of JRFM
Vill. Mahili, Teh. & Distt. Kullu (H.P.) 175129
Ph. 01902-240147, 240447
Mob 9736171719
Email: jamdagnirollermills@gmailcom

गर्गा आचार्य स्टोन क्रशर
लारजी कुल्लू, हि.प्र.
की तरफ से
अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
रेत, बजरी के लिए संपर्क करें

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
ORCHARD ENTERPRISES
Ram Bagh Akhara Bazar Kullu (H.P.)
94180-03232, 94180-93132
Ph. 01902-232232
Prasoon Sharma MD



वनों को आग से बचाएं
अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं



प्रवीन ठाकुर
वन मंडल अधिकारी पार्वती शमशी

HIMALAYAN STONE CRUSHER, BHATGRAN
की तरफ से
अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
रेत, बजरी के लिए संपर्क करें
P.O. Piplage, Tehsil Bhuntar, Distt. Kullu (H.P.)

एम एम स्टोन क्रशर
लारजी कुल्लू, हि.प्र.
की ओर से
अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
रेत, बजरी के लिए संपर्क करें

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
ई. सरवन कुमार ठाकुर
अधिशाषी अभियंता
जल शक्ति विभाग
मंडल जयसिंहपुर



# लाव-लश्कर के साथ निकली भगवान नृसिंह की जलेब

## दूसरे दिन रूपी घाटी के पांच देवी-देवता हुए जलेब में शामिल, नृसिंह भगवान की जलेब में खूब नाच रहे देवी-देवता व देवलु



अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के तीसरे दिन लाव-लश्कर के साथ निकली भगवान नृसिंह की जलेब और नाचते देवलू। रूपी घाटी के देवता लक्ष्मी नारायण रैला, माता आशापुरी, मनु महाराज, रिंगू नाग, देवता खोडू ने लिया भाग।

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के तीसरे दिन भी लाव-लश्कर के साथ भगवान नृसिंह की शाही जलेब निकली और भगवान रघुनाथजी के मुख्य छड़ीबारदार महेश्वर सिंह ने पालकी पर सवार होकर पूरे शहर की परिक्रमा की। तीसरे दिन रूपी घाटी के पांच देवी-देवताओं ने जलेब में भाग लिया, जिनमें देवता लक्ष्मी नारायण रैला, माता आशापुरी, मनु महाराज, रिंगू नाग,देवता खोडू हुए।

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में जहां हर परंपरा व रीति रिवाज का अपना ही महत्व है वहीं, भगवान नृसिंह की जलेब भी विशेष महत्व रखती है। दशहरा उत्सव के दूसरे दिन से लेकर छठे दिन तक रोजाना शाम के समय जलेब निकाली जाती है, जिसमें भगवान रघुनाथजी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह पालकी पर सवार होकर देवी देवताओं के साथ ढालपुर स्थित राजा की चनणी से लेकर पूरे ढालपुर की परिक्रमा करते हैं। इसी कड़ी में उत्सव के तीसरे दिन मंगलवार को वाद्ययंत्रों की थाप पर और लाव लश्कर के साथ सात देवताओं ने जलेब में भाग लिया। कुल्लू शहर के रक्षक माने जाने वाले भगवान नृसिंह की अलौकि एवं भव्य जलेब में देवलु व देवता झूमते नाचते हुए शहर की परिक्रमा में शामिल हुए। पांच दिनों तक निकलने वाली इस जलेब में रोजाना अलग अलग घाटी के देवी देवता भाग लेंगे।



### शुभ माना जाता है जलेब का निकलना

**भगवान** नृसिंह की इस जलेब का निकलता दशहरा उत्सव में शुभ माना जाता है और लोगों के लिए यह आकर्षण का केंद्र होती है। भगवान नृसिंह की जलेब में राजा नृसिंह के प्रतिनिधि होने के नाते नृसिंह के रूप में इस पालकी में विराजमान होता है। यह जलेब पुराने समय में कानून व्यवस्था बनाए रखने और बुरी आत्माओं से बचने के लिए निकाली जाती थी। सदियों से चली आ रही इस पुरातन परंपरा का निवर्हहन आज भी बखूवी होता है।

## सृष्टि के पालनहार देव श्रीबड़ा छमाहूं के कैंप में आशीर्वाद लेने पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

# देव श्रीबड़ा छमाहूं: सृष्टि की सामूहिक देवी-देवताओं की शक्ति

शीला कौल, अनंत ज्ञान

**बंजार।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू व मंडी जिले की सराज घाटी में सृष्टि के पालनहार देव श्रीबड़ा छमाहूं के अस्थाई शिविर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। यह क्षेत्र देवता छमाहूं का प्रमुख निवास स्थान माना जाता है और इन्हें यहां के लोगों का कुल देव व इष्टदेव माना जाता है। छमाहूं शब्द का अर्थ है छह देवी-देवताओं की सामूहिक शक्ति, जो सृष्टि के रचनाकार हैं।

ओम शब्द से जुड़ी छमाहूं शक्ति ब्रह्मा, विष्णु, महेश, आदि, शक्ति और शेष की संयुक्त अमर वाणी मानी जाती है। पुराणों के अनुसार महाप्रलय के बाद सृष्टि की पुन: रचना के समय छमाहूं की उत्पत्ति हुई। ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने आदी व शक्ति का आवाह्न किया, और बाद में एक विशाल नाग के रूप में उत्पन्न शक्ति को अपने में समाहित कर सृष्टि की रचना पूरी की। इस सामूहिक शक्ति को छमाहूं कहा जाता है।



सराज घाटी में छमाहूं के चार प्रमुख रथ हैं, जिनमें से पहला और सबसे बड़ा देव श्रीबड़ा छमाहूं का रथ है, जो कोटला गांव में विराजमान है। इसके अलावा, पलदी छमाहूं का रथ बड़ाग्रां में, खणी छमाहूं का रथ मंडी जिले के खणी गांव में, और चौथा रथ धामणी छमाहूं का लारजी धामण क्षेत्र में है। इनके साथ ही शक्ति का रथ धराखरी गांव में और आदि ब्रह्मा का स्थान हंसकुंड (ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क) में स्थित है।

### छमाहूं की अवतार भूमि और धार्मिक महत्व

**सराज** घाटी के दलयाड़ा गांव को छमाहूं की अवतार भूमि माना जाता है। यहां समय-समय पर सभी देवताओं के रथ एकत्र होकर भव्य समारोह करते हैं। नव संवत उत्सव, जो सृष्टि की रचना का पहला दिन माना जाता है, को कोटला गांव में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। छमाहूं देवता की पूजा और आशीर्वाद लेने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।

### छमाहूं से जुड़े चमत्कार और देवता की सेवा

**देवता** छमाहूं की कई चमत्कारिक कथाएं प्रचलित हैं। रूपी घाटी के सचाणी में सप्त वसु धारा, फगवाना गांव में पांच बावड़ियां, और दलयाड़ा मंदिर के पास मौजूद सौर जो गंगाजल से भी पवित्र माना जाता है, इनके उदाहरण हैं। श्रद्धालु मानते हैं कि ये सभी प्राकृतिक स्रोत देवता के आदेश से उत्पन्न हुए हैं व आज भी लोगों की प्यास बुझाते हैं।

### देव श्रीबड़ा छमाहूं की पूजा और मान्यता

देव श्रीबड़ा छमाहूं को सराज घाटी में सबसे बड़ा स्थान दिया गया है। उनका रथ हमेशा सबसे आगे रहता है। इनके साथ पराशर ऋषि, शक्ति, करथा नाग जैसे देवता भी विराजमान होते हैं। इनके समक्ष कई अन्य देवी-देवता भी मौजूद रहते हैं, और छमाहूं के साथ कुल 44 हजार योगनियां भी होती हैं। मंडी और सुकेत के पूर्व राजा भी छमाहूं के मुख्य मोहरे से संवाद कर आशीर्वाद लेते थे।

# दशकों पुरानी परंपरा निभाने कुल्लू थाना पहुंचे देवता अजयपाल

## अपने भक्त को थाने से किया था मुक्त, आज भी थाना परिसर में थोड़ी देर के लिए विराजते हैं देवता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

**अंतरराष्ट्रीय** कुल्लू दशहरा उत्सव में जहां सैकड़ों देवी देवता ढालपुर मैदान में पधारे हुए हैं। वहीं, यहां पर देवी देवताओं के द्वारा प्राचीन परंपराओं का भी पालन किया जा रहा है। ऐसे में दशकों पुरानी प्राचीन परंपरा का पालन करने के लिए देवता अजय पाल शनिवार को ढालपुर के पुलिस थाना परिसर पहुंचे और वहां पर थोड़ी देर बैठकर उन्होंने पुरानी परंपरा का भी निर्वाह किया।

इससे एक दिन पहले देवता खुद पुलिस थाना पहुंचे थे और उन्होंने अपने देव स्थल की सफाई की बात की थाना प्रभारी को कही थी। वही कुल्लू पुलिस के द्वारा भी देवता के स्वागत में पूरे परिसर की सफाई करवाई गई थी। ऐसे में शनिवार को देवता अपने देवलुओं के साथ थाना परिसर पहुंचे और वहां थोड़ी देर विश्राम करने के बाद भगवान रघुनाथ से मिलन करने के लिए रवाना हो गए। वहीं देवता के पुजारी नूप राम ने बताया कि देवता का एक कटियाला खांपू नाम का व्यक्ति हुआ करता था। जो देवता के भंडार के लिए ग्रामीण इलाकों से अनाज को एकत्र करता था।





खांपू के द्वारा उस दौरान किसी व्यक्ति की जमानत दी गई थी। लेकिन वह व्यक्ति पुलिस के पास पेश नहीं हुआ। ऐसे में पुलिस के द्वारा खांपू को गिरफ्तार किया गया। जब पुलिस उसे गिरफ्तार कर ला रही थी। तो उसके हाथ में बंधी हुई एक हथकड़ी पहले टूट गई। जब वह कुल्लू पुलिस थाना पहुंचा तो उस दौरान उसकी दूसरी बेड़ी भी टूट गई। तभी साथ चल रहे पुलिस वाले ने उससे पूछा कि खांपू तेरे पीछे कौन चल रहा है। लेकिन खांपू को पीछे कुछ भी दिखाई नहीं दिया।

खांपू ने इस बात से इनकार किया कि उसके पीछे कोई नहीं चल रहा है। जबकि साथ चल रहे पुलिस वालों को उसके पीछे एक व्यक्ति लगातार चलता हुआ दिखाई दिया दे रहा था। जो कि स्वयं देवता अजय पाल थे। ऐसे में जब दूसरी बेड़ी भी अपने आप टूट गई। तो पुलिस वालों ने भी इसे चमत्कार माना और खांपू को छोड़ दिया।

वहीं जब खांपू वापस लौट रहा था तो उसे वही व्यक्ति मिला। जिसकी उसने जमानत ली थी और उसके चक्कर में उसे पुलिस वाले पकड़ कर ले गए थे। ऐसे में खांपू ने उस व्यक्ति को पुलिस के हवाले किया और पुलिस वालों ने भी इस देवता का चमत्कार माना। देवता अपने भक्त खांपू के लिए उस दौरान कुल्लू थाना पहुंचे थे और वहां पर उन्होंने थोड़ी देर विश्राम किया था। उसी परंपरा का आज भी पालन किया जा रहा है। हर साल देवता कुल्लू थाना परिसर में थोड़ी देर विश्राम के लिए अवश्य पहुंचता है।

**लगघाटी के बागन गांव में है देवता का मंदिर**

# देवता कुंबर दान नाग के गुर आत्मा राम का लंबी बीमारी के बाद हुआ निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

रायसन गांव के प्रसिद्ध गुर और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता 75 वर्षीय आत्मा राम पुत्र स्वर्गीय थपी राम का वीरवार 2 अक्तूबर को सुबह 5 बजे लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। गुर आत्मा राम का जन्म 1 जनवरी 1950 को ब्यासर गांव में हुआ था। वे देवता कुंबर दान नाग के मुख्य चेला (गुर) के रूप में प्रसिद्ध रहे और अपने जीवन को देव सेवा एवं समाजसेवा के लिए पूर्णत: समर्पित किया।

उनसे पहले उनके पिता भी उसी देवता के चेला थे। देवता की विशेष कृपा से वे तीन गढ़ों रायसन कोठी, सारी कोठी और मंडलगढ़ कोठी में देव कार्यों का संचालन करते रहे। उनके जीवनकाल में कई दिव्य चमत्कारों की चर्चा पूरे कुल्लू क्षेत्र में होती रही। उनके बारे कहा जाता है कि उन्हें देवता से आशीर्वाद स्वरूप बहुत सी शक्तियां प्राप्त थी और वो उनके पास आने वाले दीन दुखियों को सिर्फ देख कर ही उनकी बीमारी और परेशानी को बता देते थे और उसका निवारण भी करते थे। देव सेवा के साथ-साथ आत्मा राम राजनीति में भी लगातार सक्रिय रहे। वे पूर्व मुख्यमंत्री वीभद्र सिंह के करीबी माने जाते थे और 2008 में जब मनाली विधानसभा अस्तित्व में आया, तो उन्हें कांग्रेस पार्टी ने सर्वसम्मति से संगठन मंत्री नियुक्त किया था। उन्होंने पंचायत स्तर पर 1986, 2001 और 2006 में चुनाव लड़े और लगातार संगठन को मजबूत करते रहे।

वर्ष 2020 से उनका स्वास्थ्य कमजोर होने लगा, लेकिन उन्होंने अपनी देव सेवा और सामाजिक कार्य कभी नहीं छोड़े। अंतत: 2 अक्तूबर को उन्होंने इस संसार को अलविदा कह दिया। उनके निधन से रायसन सहित पूरे कुल्लू क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। देवता कुंम्बर दान नाग के अनुयायियों, स्थानीय जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आत्मा राम ने देव परंपरा, सेवा भावना और राजनीतिक निष्ठा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।



**रायसन, सारी व मंडलगढ़ कोठी में देव कार्यों का करते थे संचालन**

# इश्क हुआ आपसे प्यार हुआ... गाने पर झूमा पंडाल

## दशहरा उत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में स्टार कलाकार अजय चौहान ने मचाया धमाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की दूसरी सांस्कृतिक में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मनोरंजन किया। इस सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली लोक गायक अजय चौहान ने बतौर स्टार कलाकार प्रस्तुति देकर दर्शकों को खूब नचाया। लोक गायक धर्मेंद्र शर्मा ने परंपरागत नाटियों के माध्यम से दर्शकों को झुमाया। वहीं, लोक गायिका ट्विंकल और राजीव नेगी ने भी एक से बढ़कर एक पहाड़ी और फिल्मी गीत पेश कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दर्शक भी खूब नाचे।

इस मौके पर स्टार कलाकार अजय चौहान ने इश्क हुआ आपसे प्यार हुआ आपसे, झूठे तेरे वादे झूठी कसमा झुमका झुमका, नाटी रा चस्का बुरा, सहित अनेक गाने पेश कर दर्शकों को नचाया। धर्मेंद्र शर्मा ने शुने जोते रे चिडुआ कुल्लू देशे री कहानी, हिंउआ रे लागे पूणे, तेरे नखरे हो झुरी पागले, झुरी रा कैरना की पीपली खाईए लागी शी शी आदि पहाड़ी गीत पेश कर मनोरंजन किया।ट्विंकल ने कुल्लू मनाली लगा मेला इंद्रा ऐहिंदी कैही न, पातो पानो रा, पानी री टंकी भाई रामा, कुल्लू री ए पौटू आलिए गीत पेश किए। इस मौके पर विपिन कुमार, डॉनी राणा, मनोज कुमार, अमायरा, राधिका लाल, नानक चंद, तमन्ना ठाकुर ने गीत पेश कर कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

इसके अलावा नारायण ठाकुर, राम हिमाचली, अनुज शर्मा, रागिनी, प्रियंका, जीवन ठाकुर, मीनाक्षी चौधरी, ऋषिका कपूर ने अपने गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनोरंजन किया। इसके अलावा तारा शर्मा, ट्विंकल शर्मा एंड ग्रुप, ठाकुर समीर मलाणी ने नृत्य कर दर्शकों को झुमाया। चमन ठाकुर ने बांसुरी वादन के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन किया।





### विधायक सुंदर सिंह ठाकुर की पहल सराहनीय: अनुराधा

**अनुराधा** राणा ने कहा कि दशहरा उत्सव समिति कि यह पहल बहुत शानदार है कि इस बार के उत्सव को आपदा प्रभावित लोगों की मदद के अभियान के लिए समर्पित किया गया है। उन्होंने कहा कि विधायक सुंदर सिंह ठाकुर की यह पहल बहुत ही सराहनीय है तथा समाज के लिए हमारी मदद की तत्परता को दर्शाती है। इस अवसर पर एसपी कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन सहित विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कुल्लवी नाटी से संध्या शुरू

**इस** संध्या का विधिवत आगाज कुल्लवी नाटी के साथ किया गया। इसके माध्यम से सांस्कृतिक दल ने कुल्लवी ठेठ संस्कृति का प्रदर्शन कर उत्सव में आए दर्शकों को यहां की संस्कृति से रूबरू करवाया। दूसरी सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा, महिला आयोग की अध्यक्षता विद्या नेगी शामिल हुईं। उनके साथ दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष सुंदर ठाकुर की धर्मपत्नी इंदिरा ठाकुर, जिला परिषद सदस्य आशा ठाकुर, दीपिका तथा अरुणा भी उपस्थित थे। उत्सव कमेटी की ओर से उनका स्वागत किया गया। उन्होंने इस मौके पर दशहरा उत्सव की बधाई दी।

# गुगरा के पास शुपधारठी मोड़ पर पेश आया सड़क हादसा, एक की मौत व दो घायल

अनंत ज्ञान, आनी

जिला कुल्लू के आनी में शुक्रवार को आनी से लगभग सात किलोमीटर आगे गुगरा के पास शुपधारठी मोड़ पर एक दर्दनाक सड़क हादसा घटित हुआ। आनी से डीम जा रही स्विफ्ट कार अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खड्ड में जा गिरी। हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। कार को विजेंद्र चला रहा था, जिसके साथ उसके दो बेटे भी सवार थे। अचानक मोड़ पर वाहन का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी गहरी खाई में जा गिरी।

इस हादसे में विजेंद्र और उसका छोटा बेटा नैतिक (13) गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बड़ा बेटा आदित्य (15) की मौके पर ही मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकाला। नैतिक को आनी से शिमला रेफर किया गया , वहीं गंभीर चोटों के कारण विजेंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद रामपुर रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि मृतक और घायल दोनों बच्चे हिमालयन मॉडल स्कूल आनी में पढ़ाई कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। बताया गया कि विजेंद्र हरियाणा का रहने वाला है, जिसने आनी के डीम गांव में शादी की थी। वर्तमान में परिवार आनी में किराए के मकान में रह रहा था, जबकि डीम में इन्होंने जमीन खरीदी हुई है। शुक्रवार को डीम जाते समय यह हादसा घटित हुआ। पूर्व पंचायत समिति उपाध्यक्ष यज्ञ दत्त ने कहा कि हादसे के बाद 108 एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी आपात स्थिति में यदि एंबुलेंस सेवा समय पर न मिले तो इसका क्या लाभ है। डीएसपी आनी चंद्र शेखर कायथ ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। क्षेत्र में इस दर्दनाक घटना से शोक की लहर है।

**कार्यक्रम** तीर्थन घाटी में प्राकृतिक आपदा के बीच सादगी से मनाया वन्य प्राणी सप्ताह

# स्वयं सहायता समूहों व स्कूली छात्रों ने दिखाया उत्साह

अनंत ज्ञान बंजार

ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क प्रबंधन द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी तीर्थन रेंज शाईरोपा में वन्य प्राणी सप्ताह और महिला मेले का आयोजन किया गया। इस बार हाल ही में घाटी में आई प्राकृतिक आपदा के कारण कार्यक्रम को सीमित और सादगीपूर्ण ढंग से आयोजित किया गया। इस एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यता पार्क पर आधारित महिलाओं की भाषण प्रतियोगिता, ग्रुप के अनुभव साझा करना, सोलो डांस जैसी गतिविधियां करवाई गई।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल मनोरंजन भर नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और वन्य जीवों के संरक्षण जैसे संदेशों को समाज तक पहुंचाना रहा।ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क की तीर्थन रेंज शाईरोपा में आयोजित इस महिला मेले में घाटी के कुछ चुनिंदा ही स्वयं सहायता समूहों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। महिलाओं की भाषण प्रतियोगिता में पांच बीर स्वयं सहायता समूह बरनागी की रंजना देवी को प्रथम, नारी शक्ति स्वयं सहायता समूह जावल की विद्या देवी को द्वितीय और नाग स्वयं सहायता समूह परवाडी की नारा देवी को तीसरा स्थान मिला। इस कार्यक्रम के दौरान कान्हा डांस अकेडमी बंजार के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करके लोगों का खूब मनोरंजन किया और दर्शकों की तालियां बटोरी।



तीर्थन घाटी में वन्य प्राणी सप्ताह के दौरान महिलाओं को सम्मानित करते हुए

इस अवसर पर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के वन मंडल अधिकारी सचिन शर्मा बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को सम्मानित किया और कहा कि वन्य जीव संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के लिए स्थानीय समुदाय की भागीदारी बेहद अहम है। साथ ही उन्होंने महिलाओं और बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सराहना भी की है। सचिन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 से 8 अक्तूबर तक हर वर्ष वन्य प्राणी सप्ताह एवं महिला मेले का आयोजन किया जाता है, लेकिन इस बार कुल्लू दशहरा और घाटी में आई प्राकृतिक आपदा के कारण कार्यक्रम को सूक्ष्म और सादगी के साथ मनाया जा रहा है।

ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क प्रबंधन का यह आयोजन अब तीर्थन घाटी की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है, जो महिलाओं और बच्चों को मंच देने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण, प्राकृतिक धरोहर की सुरक्षा और वन्य जीवों के संरक्षण का संदेश भी लगातार देता आ रहा है। इन्होंने कहा कि 9 अक्तूबर को सैंज रोपा में इस वन्य प्राणी सप्ताह कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

# तहसीलदार के परिवार ने की न्याय की मांग बेटी ने कहा-षड्यंत्र के तहत बनाया निशाना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के पहले दिन तहसीलदार कुल्लू को दशहरा में देवताओं के अस्थायी शिविर तक देवलुओं की ओर से घसीटने के बाद परिवार गहरे सदमे में है।

तहसीलदार कुल्लू के परिजनों ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। परिजनों के मुताबिक षड्यंत्र के तहत उन्हें तीन साल से निशाना बनाया जा रहा है। पुलिस और सेक्टर ऑफिसर ड्यूटी पर थे, इसके बावजूद यह घटना कैसे हुई। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। तहसीलदार पिता से मारपीट की घटना ने पूरे परिवार को झकझोर दिया है। वह तो देवता के अस्थायी शिविर में सरकारी काम करने ही गए थे। पुलिस कहां थी। एक मजिस्ट्रेट के साथ ऐसा हो सकता है तो आम आदमी को मार ही देंगे। पूरे समाज में हमारी बदनामी हुई है। हम भी देवी-देवताओं को मानते हैं। पूरी जिंदगी में ऐसा दिन नहीं देखा। पिछले तीन दिन से षड्यंत्र रचा जा रहा था। उन्हें निशाना बनाया जा रहा था। ये आरोप तहसीलदार कुल्लू की बेटी ने लगाए।उन्होंने पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि तहसीलदार हरि सिंह यादव को दशहरा के दौरान देवता के अस्थायी शिविर तक देवलुओं की ओर से घसीटने के बाद परिवार गहरे सदमे में है। देवलुओं का यह व्यवहार निंदनीय है।वह 40 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं। देवता के कुछ लोगों ने उन्हें घसीटा और पीटा है। अब तक प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने कहा कि जहां भी आपदा आती है तो उन्हें बुलाया जाता था। दशहरा का मेला चल रहा है लेकिन पुलिस कहां है। एक सेक्टर में कितने पुलिस के जवान होते हैं। पुलिस के रहते कैसे इतनी बड़ी घटना हुई। एसपी कुल्लू व डीसी कुल्लू की ओर से इस मामले को लेकर एक भी बयान अभी तक नहीं आया है। जो लोग उन्हें घसीटकर ले गए, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। तहसीलदार की पत्नी रुकमणि ने कहा कि वीडियो का सबूत सबके सामने है। पुलिस और प्रशासन जल्द दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे।

## न्यूज ब्रीफ

### शौर्य दत्ता राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार में प्रथम



**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुरके कक्षा दसवीं के छात्र शौर्य दत्ता ने 'क्वांटम युग की शुरुआत: संभावनाएं और चुनौतियां' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से कुल 31 प्रतिभागियों ने भाग लिया। शौर्य अब इस उपलब्धि के साथ हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व आगामीराष्ट्रीय विज्ञान सेमिनार 2025 में करेंगे, जो इस माह के अंत में विश्वेश्वरैया औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी संग्रहालय, बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। शौर्य की इस अनूठी उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों तथा सभी सहपाठियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### शूलिनी विवि के छात्रों ने किया शैक्षिणक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारत सरकार द्वारा समर्थित एएनआरएफ-वित्त पोषित परियोजना के अंतर्गत वैज्ञानिक सामाजिक उत्तरदायित्व (एसएसआर) गतिविधि के एक भाग के रूप में, शूलिनी विश्वविद्यालय ने परिसर में छात्रों के लिए भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का आयोजन और पर्यवेक्षण डॉ. हेमलता कौरव, एसोसिएट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज, शूलिनी यूनिवर्सिटी ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट साइंसेज, सोलन द्वारा किया गया। चिन्मय विद्यालय, नौनी, सोलन के कक्षा 12 के 25 छात्रों के एक समूह ने इस इंटरैक्टिव सत्र में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा मस्तिष्कों को प्रेरित करना, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्नत अनुसंधान सुविधाओं से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान, छात्रों ने फार्मास्युटिकल साइंसेज रिसर्च लैबोरेटरीज, एनिमल हाउस फैसिलिटी, योगानंद लाइब्रेरी और ओसवाल सेंटर ऑफ नैनोटेक्नोलॉजी का भ्रमण किया। उन्होंने अत्याधुनिक तकनीकों का लाइव प्रदर्शन भी देखा और संकाय सदस्यों और शोधार्थियों के साथ इंटरैक्टिव चर्चाओं में भाग लिया।

### जिला स्तरीय ताइक्वांडो में पबियाना के छात्रों का दबदबा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** पबियाना के खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो और बॉक्सिंग में कुल 4 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक जीता है। इसके साथ ही उन्होंने जिला स्तर की ओवरऑल ट्रॉफी अपने विद्यालय के नाम की। प्रतियोगिता के बाद जब टीम विद्यालय लौटी, तो प्रधानाचार्या इंदिरा देवी, शिक्षक कमलेश ठाकुर, अरुण शर्मा और पूरे विद्यालय ने खिलाड़ियों का मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। प्रधानाचार्या ने टीम को इस ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी और अन्य विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने को कहा। कमलेश ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी अब राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना दम दिखाएंगे। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर ने भी इस उपलब्धि पर खिलाड़ीयों और अध्यापकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय पढ़ाई के साथ-साथ खेल और अन्य गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।

### 7 अक्तूबर को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 7 अक्तूबर को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 7 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक कथेड़ न्यू कथेड़, कथेड़ बाई पास, नया बस अड्डा, खंड विकास अधिकारी कार्यालय, पुराना पॉवर हाउस मार्ग, चामुंडा कॉलोनी, आईटीआई के समीप एवं आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि मौसम एवं किन्ही अपरिहार्य कारणों से उपरोक्त तिथि व समय में परिवर्तन किया जा सकता है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्त ाओं से सहयोग की अपील की है।

### हाब्बन में मनाया विश्व पशु कल्याण दिवस

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हिप्र पशुपालन विभाग राजगढ़ के सौजन्य से शनिवार को हाब्बन में विश्व पशु कल्याण दिवस का अयोजन किया गया । जिसमें हाब्बन व आसपास के महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं सहित अन्य लोगों ने भाग लिया । जिसकी अध्यक्षता एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने की । उन्होंने इस मौके पर पशु में लगने वाले मुख एवं खुर रोग टीकाकरण अभियान का शुभारंभ भी किया और किसानों को पशु आहार और दवाइयों की कीटें भी विभाग की ओर से निशुल्क बांटी । एसडीएम ने कहा कि ग्रामीण आर्थिकी को सुदृढ़ करने में पशुधन की अहम भूमिका है । पशुधन के बिना कृषि कार्य अधूरा माना जाता है । उन्होंने महिला मंडलों से आग्रह किया कि अच्छी नस्ल के दूधारु पशुओं को पालें, ताकि दुग्ध उत्पादन किसानों के लिए अतिरिक्त आय का साधन बन सके ।पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण वर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए पशु में लगने वाले विभिन्न रोगों के लक्षण और बचाव बारे विस्तार से जानकारी दी । उन्होंने पशुओं में बरसात के दिनों में फैलने वाले मुंह और खुर रोग से संबंधित जानकारी दी । डॉ. प्रवीण वर्मा ने स्थानीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में बच्चों को रेबिज बारे जानकारी दी गई । उन्होने बताया कि घरों में रखे गए पालतु कुत्तों को समय-समय पर ऐंटी रेबिज टीके लगवाए जाएं ताकि कुत्ते के काटने पर रेबिज फैलने की संभावना उत्पन्न न हो ।

### राज्य स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप 8 से

**अनंत ज्ञान, नाहन।** अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल में 8 व 9 अक्तूबर को राज्य स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। इस टूर्नामेंट में राज्य भर के 30 से 40 विद्यालयों के करीब 200 खिलाड़ी शिरकत करेंगे। स्कूल की निदेशक - प्रिंसिपल देविंदर साहनी व स्कूल प्रबंधन समिति के महासचिव सचिन जैन ने पत्रकार सम्मेलन में बताया कि राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में युवा प्रतिभाएं शतरंज बोर्ड पर अपनी रणनीति, धैर्य और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। सचिन जैन ने बताया कि विद्यालय को टैलेटक्स के एलन परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया गया है । परीक्षा का आयोजन 5 अक्तूबर को होगा। परीक्षा में उत्तर भारत के लगभग 300 विद्यार्थी भाग ले रहें हैं। जैन ने कहा कि यह एक राष्ट्रव्यापी मंच है, जो छात्रों को प्रतिस्पर्धी स्तर पर अपने ज्ञान, कौशल और शैक्षणिक उत्कृष्टता का परीक्षण करने का अवसर प्रदान करता है। यह आयोजन प्रतिभाओं को पोषित करने और हमारे छात्रों को न केवल शैक्षणिक रूप से, बल्कि सह-पाठ्यचर्या क्षेत्रों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के अवसर प्रदान करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि हो सकता है भविष्य में विद्यालय प्रसिद्ध प्रशिक्षण संस्थान एलन के साथ सहभागिता सुनिश्चित करें जिससे विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के लिए चंडीगढ़ व देहरादून जाने की आवश्यकता नही होगी। प्रिंसिपल देविंदर साहनी ने कहा कि विद्यालय गुणात्मक शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षा के लिए उचित मंच प्रदान करता है जो 21वीं सदी के वैश्विक नागरिक तैयार करने के लिए विद्यालय की दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता हैं।

# सीएम सुक्खू ने अर्की को दी 68.42 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

## कई भवनों, सड़कों और जल योजनाओं का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, सोलन**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अर्की में करोड़ों रुपए के शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को जिला सोलन के अर्की विधानसभा क्षेत्र में 68.42 करोड़ रुपए लागत की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए।

मुख्यमंत्री ने 23.01 लाख रुपए की लागत से निर्मित वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मझयाट के परीक्षा हॉल, 3.72 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बथालंग के भवन के दूसरे चरण, 45.90 लाख रुपए की लागत से कृषि विस्तार कार्यालय, 2.23 करोड़ रुपए से निर्मित उप-कोषागार भवन दाड़लाघाट और 4.89 करोड़ रुपए की लागत से नव-निर्मित पुलिस स्टेशन भवन दाड़लाघाट का लोकार्पण किया।

उन्होंने नाबार्ड के अन्तर्गत 7.78 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित मझयाट-पट्टी देवरा-पपलऊ सड़क, 1.35 करोड़ रुपए की लागत से जल शक्ति उपमंडल अर्की के अंतर्गत विभिन्न पेयजल योजनाओं के सुधार व पुनर्गठन कार्य तथा 24.48 करोड़ रुपए की लागत से गंभर खड्ड से अर्की क्षेत्र की आंशिक रूप से कवर बस्तियों तक उठाऊ पेयजल योजना के कार्य का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने 58.95 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले डुमैहर पशु चिकित्सालय भवन, अर्की नगर के लिए 18.50 करोड़ रुपए के पेयजल योजना सुधार कार्य, अर्की तहसील की ग्राम पंचायत सरैयांज और मटेरनी के लिए 2.32 करोड़ रुपए की लागत से जल वितरण प्रणाली के सुधारीकरण कार्य और दाड़लाघाट में 1.88 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले उपमंडल पुलिस अधिकारी कार्यालय व सह-आवासीय भवन की आधारशिला रखी।

मुख्यमंत्री ने लोगों को बधाई देते हुए कहा कि यह परियोजनाएं क्षेत्र के समग्र विकास और स्थानीय लोगों को घर-द्वार के निकट सुविधा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने क्षेत्र के लिए इन विकास परियोजना को समर्पित करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अर्की विधानसभा क्षेत्र की विकासात्मक आवश्यकताओं के प्रति हमेशा से संवेदनशील रहे हैं और निरंतर सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# अब कालका-शिमला स्टेशनों पर मिलेगी पार्किंग सुविधा

**आर मोहन चौहान, सोलन**



शहरों में बढ़ती पार्किंग की मांग और विश्व धरोहर कालका-शिमला रेलवे ट्रैक पर स्टेशनों के साथ बने पार्किंग स्थलों में अवैध पार्किंग का रेलवे बोर्ड ने कारगर समाधान निकाला है। रेलवे बोर्ड अब स्टेशनों के पार्किंग स्थलों को ठेके पर देगा। इसके लिए सभी स्टेशनों के अधिकारियों से स्टेटस रिपोर्ट मांगी गई है। स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार पार्किंग के टेंडर किए जा रहे हैं। पहले चरण में सोलन रेलवे स्टेशन की पार्किंग के टेंडर किए हैं। कंपनी की ओर से आगामी दिनों में यहां पर वाहनों की पार्किंग करवाई जाएगी। दूसरे चरण में धर्मपुर, समरहिल और अन्य रेलवे स्टेशनों की प्रक्रिया चली हुई है।

जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों में धर्मपुर रेलवे स्टेशन पर भी पार्किंग की सुविधा मिल जाएगी। बोर्ड की ओर से आगामी दिनों में टेंडर लगाए जाएंगे। इससे पहले रेल यात्रियों को ये सुविधा निशुल्क होती थी। अब शुल्क अदा कर कोई भी इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। शुल्क तय कर दिया गया है। स्थानीय लोगों को फायदा होगा और आसानी से पार्किंग सुविधा भी मिल सकेगी। सोलन रेलवे स्टेशन पर 25 छोटे-बडे वाहनों को पार्क किया जा सकेगा। इससे शहर में पार्किंग की समस्या से जूझने वाले लोगों को राहत भी मिलेगी। शहर के बीचोंबीच रेलवे स्टेशन होने से बाजार आने वालों को फायदा मिलेगा। शहर में पार्किंग समस्या को कम करने के लिए ये मील का पत्थर साबित होगा।

**ये रहेंगे पार्किंग के रेट**

| समय | दो पहिया वाहन | कार/जीप/टैक्सी | हेलमेट |
|---|---|---|---|
| दो घंटे के लिए | 10 | 30 | 05 |
| 2-6 घंटे के लिए | 15 | 60 | 05 |
| 6-12 घंटे के लिए | 20 | 115 | 05 |
| 12-24 घंटे के लिए | 25 | 180 | 05 |
| 24 घंटे से अधिक (दैनिक आधार पर) | 30 | 200 | 10 |
| मासिक पास | 300 | 1200 | 100 |

> अभी तक केवल कालका रेलवे स्टेशन पर पार्किंग ठेकेदार के द्वारा चलाई जा रही है। अब सोलन में भी इस प्रकार की सुविधा दी गई है। इससे सोलन रेलवे स्टेशन की पार्किंग को ठेकेदार की ओर से संचलित किया जाएगा। आगामी दिनों में धर्मपुर व अन्य रेलवे स्टेशनों की पार्किंग को भी कॉमर्शियल करने का कार्य किया जा रहा है।
> **-नवीन कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेल मंडल अंबाला**

# मतदाता सूचियों की तैयारी और प्रकाशन संबंधी अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने पंचायतीराज संस्थाओं एवं शहरी निकायों के सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मतदाता सूचियों की तैयारी एवं प्रकाशन के संबंध में अधिसूचना जारी की है।

अधिसूचना के अनुसार मतदाताओं की पात्रता निर्धारित करने की योग्यता तिथि प्रथम अक्तूबर, 2025 तय की गई है। उन्होंने कहा कि प्रारूप निर्वाचक नामावली (प्रारूप मतदाता सूची) 06 अक्तूबर, 2025 को प्रकाशित की जाएगी। संशोधन प्राधिकारी के समक्ष दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अवधि 8 अक्तूबर से 17 तक है। संशोधन प्राधिकारी द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि से 10 दिन की अवधि के भीतर दावों एवं आपत्तियों का निपटारा किया जाएगा। यह तिथि 27 अक्तूबर निर्धारित की गई है।

उन्होंने कहा कि अपील प्राधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने की अवधि 7 दिन निर्धारित की गई है। अर्थात 3 नवंबर तक अपील प्रस्तुत की जा सकेगी। अपील प्राधिकारी द्वारा अपील दायर करने की तिथि 10 नवंबर तक है। 13 नवंबर तक या इससे पूर्व निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि एक अक्तूबर को जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिला के समस्त खंड विकास अधिकारी अपने-अपने खण्डों के मतदाताओं के दावों व आपत्तियों पर निर्णय लेने के लिए पुनरीक्षण प्राधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि प्रारूप निर्वाचक नामावली को ध्यान से देखें और निर्धारित कार्यक्रम अनुसार अपना नाम सूची में दर्ज करवाएं अथवा दावा एवं आपत्तियां प्रस्तुत करें।

# द लॉरेंस स्कूल में परंपरा, प्रेरणा और प्रतिभा का संगम

**अनंत ज्ञान, सोलन**



एथलेटिक्स में अव्वल रहे खिलाड़ियों को किया सम्मानित।

द लॉरेंस स्कूल सनावर में 178वें फाउंडर्स डे समारोह का आगाज़ उत्साह और गरिमा के साथ किया। खेल, परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर से सजे इस समारोह में देश-विदेश से आए ओल्ड सनवारियन्स (ओएस) ने भाग लिया और अपने प्रिय विद्यालय की यादों को ताज़ा किया। दिन की शुरुआत ऐतिहासिक बार्नेे फील्ड पर वार्षिक एथलेटिक्स मीट से हुई, जहां वर्तमान छात्रों और ओल्ड सनवारियन्स के बीच रोमांचक एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं देखने को मिलीं। इस अवसर पर स्कूल के 1965 बैच के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र जफर उल्लाह खान मुख्यातिथि रहे । उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवा खिलाड़ियों के करियर की नींव रखते हैं और सनावर की पहचान अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प में ही निहित है।

एथलेटिक्स मीट में स्कूल के चार हाउस नीलगिरी, विन्ध्य, शिवालिक और हिमालय के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। विजेताओं को मुख्यातिथि ने सम्मानित किया।

मृणालिनी गोपालन (सिवालिक हाउस) ने अंडर-12 गर्ल्स हाई जंप में नया रिकॉर्ड बनाया, जबकि आश्वर्य कुमार (सिवालिक हाउस) ने अंडर-13 ब्वॉयज वर्ग में लंबी कूद, 400 मीटर और 1500 मीटर में तीन नए रिकॉर्ड कायम किए। दमिरा मलिक (विंध्य हाउस) ने अंडर-14 गर्ल्स हाई जंप में नया रिकॉर्ड बनाया और सैफ-उर-रहमान (सिवालिक हाउस) ने ब्वॉयज अंडर-16 लंबी कूद का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ा।मार्च पास्ट ट्रॉफी हिमालय हाउस को मिली।

# यमुना शरद महोत्सव पर निकाली नशा विरोधी रैली

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

यमुना शरद महोत्सव के अंतर्गत नशा मुक्त समाज की दिशा में शनिवार को एक विशेष रैली एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय गुरुद्वारा मैदान से प्रारंभ हुई यह रैली गुरु नानक मिशन स्कूल तक पहुंची, जिसमें विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

विद्यार्थियों ने हाथों में पोस्टर लेकर नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो और स्वस्थ समाज-खुशहाल भविष्य जैसे प्रभावशाली नारे लगाए। रैली के उपरांत गुरु नानक मिशन स्कूल प्रांगण में नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। खालसा ऐड के द्वारां नशे के दुष्प्रभाव पर पंजाबी नाटक भी प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में मुख्यातिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा पहुंचे।

इस अवसर पर एसडीएम गुंजीत सिंह चीमा ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और समाज को इसके खिलाफ एकजुट करने का आह्वान किया। इस अवसर पर में डीएसपी मानविंदर सिंह, तहसीलदार ऋषभ शर्मा व अनेक अधिकारी, शिक्षक एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे।




नशा विरोधी रैली एवं जागरूकता कार्यक्रम में सम्मानित किए गए प्रतिभागी।

# प्राचीन थान देवता मेला दंगल में रोहित पहलवान बने विजेता



**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** प्राचीन थान देवता मेला इस वर्ष श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। हलोनीपुल में आयोजित इस पारंपरिक मेले का मुख्य आकर्षण रहा शानदार दंगल, जिसमें हिमाचल सहित बाहरी राज्यों के नामी पहलवानों ने भाग लिया। दंगल का शुभारंभ समाजसेवी दीपक धीर ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। मेला कमेटी ने उन्हें व अन्य गणमान्य व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। दीपक धीर ने क्षेत्रवासियों को बधाई दी और मेले को सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने आयोजन समिति को 25,000 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की।

दंगल का समापन पच्छाद की विधायक रीना कश्यप ने मुख्यातिथि के रूप में किया। कमेटी ने उन्हें शाल, तलवार और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मेले हमारी लोक संस्कृति और आपसी भाईचारे की पहचान हैं। साथ ही उन्होंने मेला समिति को 2,00,000 रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की। फाइनल मुकाबला 51,000 रुपए की माली के लिए दिल्ली के रोहित पहलवान और राहुल गुज्जर के बीच हुआ, जिसमें रोहित विजयी रहे। मुख्य रेफरी की भूमिका रामलाल शर्मा और सुरेश शर्मा ने निभाई। मेला कमेटी अध्यक्ष सोम ठाकुर ने सभी अतिथियों और ग्रामीणों का आभार जताया और आयोजन की सफलता का श्रेय जनता और समिति को दिया।

# विरोध के बावजूद हरिपुर मोहल्ला मस्जिद कमेटी का चुनाव आज

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन शहर के हरिपुर मोहल्ला की मस्जिद के सदस्यों के विरोध के बावजूद अंजुमन इस्लामिया ने 5 अक्तूबर को हरिपुर मस्जिद इंतजामिया कमेटी के मोहतमिम के चुनाव कराने का ऐलान कर दिया है। यही नहीं चुनाव लड़ने के लिए दो उम्मीदवारो जाकी अन्सारी व मोहम्मद रफी ने आवेदन भी कर दिया है। ऐसे अब अंजुमन इस्लामिया हरिपुर मस्जिद में चुनाव कराने में कामयाब होगा या फिर चुनाव के नाम पर बवाल खड़ा होगा यह 5 अक्तूबर को ही तय होगा।

इसमें मामले में अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष गुल मुन्नवर अहमद बॉबी ने जारी एक लिखित बयान में कहा कि हरिपुर मस्जिद के मोहतमिम का चुनाव करवाया जा रह है यह ओपन इलेक्शन होगा जिसमें मोहल्ले का सुन्नी मुस्लिम जो मस्जिद का चंदा देता हो और अंजुमन इस्लामिया के अनुसार काम करना चाहता हो, अंजुमन के संविधान को मानता हो ऐसा व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है। अहमद ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया गत एक महीने से चल रही है। अभी तक चुनाव लड़ने वाले दो उम्मीदवारो जकी अंसारी व मोहम्मद रफी के नाम सामने आए है।

उन्होंने ने बताया कि चुनाव अंजुमन ऑफिस हॉल में सुबह 11 बजे से 2 बजे तक होगा। अगर कोई व्यक्ति इनमें से वहां उपस्थित नहीं होता या इलेक्शन लड़ने से मना कर देता है तो उसकी हार मानी जाएगी। बॉबी ने बताया कि अगर दोनों व्यक्ति किसी वजह से चुनाव न लड़ना चाहे तो उस दिन हरिपुर मोहल्ले के किसी भी काबिल व्यक्ति वोटर को नॉमिनेट मोहतमिम घोषित कर सकती है, जो कि सबको मान्य होगा।

गौरतलब है कि वर्तमान में काम कर रही मस्जिद हरिपुर मोहल्ला की इंतजामिया कमेटी चुनाव को लेकर अंजुमन का कोई दखल नहीं चाहती। मस्जिद कमेटी का कहना है कि वो अपने चुनाव कराने में स्वतंत्र है।

# राजस्व मंत्री बोले- केंद्र ने बाढ़ राहत के नाम पर एक रुपए की नहीं दी मदद

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**



हिमाचल प्रदेश के राजस्व मंत्री जगत नेगी ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इस बार मानसून ने राज्य में भारी तबाही मचाई, जान-माल दोनों का नुकसान हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद हिमाचल आए और 1500 करोड़ की घोषणा की, लेकिन आज तक राज्य को एक रुपए की मदद तक नहीं मिली।

नेगी ने कहा कि केंद्र की तरफ से कोई सहयोग न मिलने के बावजूद राज्य सरकार ने अपने स्तर पर सभी सड़कें बहाल कीं। इसी कारण सेब उत्पादक अपनी फसल को मंडियों तक पहुंचाने में सफल हुए। उन्होंने दावा किया कि अब तक 2 करोड़ 60 लाख पेटियां सेब मंडियों में पहुंच चुकी हैं और मार्केट इंटरवेंशन स्कीम के तहत 82 हजार मीट्रिक टन सेब खरीदा जा चुका है।

नेगी ने भाजपा पर सीधे-सीधे बड़े आढ़तियों और अडानी-अंबानी जैसे उद्योगपतियों का पक्ष लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सल कार्टन का मुद्दा लंबे समय से लंबित था, जिसे कांग्रेस सरकार ने लागू किया। लेकिन भाजपा नेता आढ़तियों के दबाव में इस व्यवस्था को खत्म करने की बातें कर रहे हैं।

**भाजपा कर रही भ्रामक प्रचार**

**मंत्री** ने स्पष्ट कहा कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार अपने संसाधनों और विशेष पैकेज से आपदा प्रभावितों को राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भाजपा नेताओं पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार बागवानों और आम जनता के हितों से समझौता नहीं करेगी।

**समारोह** — स्पेशल ओलंपिक्स और रोशनी संस्थान के कार्यक्रम में 27 दिव्यांगजन सम्मानित

# दिव्यांगजन सम्मान समारोह में गूंजा सक्षम भारत का संकल्प

**अनंत ज्ञान, सोलन**



सोलन में दिवंगजन कार्यक्रम एवं विशिष्ट व्यक्ति सम्मान समारोह की अध्यक्षता करती मल्लिका नड्डा।

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा द्वारा स्पेशल ओलंपिक्स भारत और रोशनी संस्थान के सहयोग से दिव्यांगजन एवं विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान समारोह नगर निगम हॉल, ठोड़ो ग्राउंड में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मल्लिका नड्डा, अध्यक्ष स्पेशल ओलंपिक्स भारत, तथा कार्यक्रम अध्यक्ष भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल एवं संयोजक प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल उपस्थित रहे।

डॉ. मल्लिका नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सक्षम भारत, समृद्ध भारत' की सोच को लेकर विकलांगता की परिभाषा पूरी तरह बदल दी है। अब दिव्यांगजन को दिव्य शक्ति से परिपूर्ण माना जाता है और उनकी सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की सोच को आगे बढ़ाते हुए एक समृद्ध भारत का स्वप्न देखा गया है, जिसमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समान अधिकार और अवसर मिलें।

उन्होंने कहा कि देश की 5 प्रतिशत आबादी दिव्यांगजन है, जिसमें भारत में 7 करोड़ और हिमाचल प्रदेश में करीब 3.50 लाख दिव्यांगजन शामिल हैं। दिव्यांगजनों की सेवा सिर्फ एक दिन या सप्ताह का कार्य नहीं, बल्कि निरंतर सतत सेवा का काम है। इसलिए हमें प्रतिदिन कम से कम एक घंटा सेवा कार्य करना चाहिए।

डॉ. नड्डा ने महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा से भी आग्रह किया कि वे समाज में जागरूकता बढ़ाने और दिव्यांगजनों के शोषण पर रोक लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

उन्होंने केंद्र सरकार का धन्यवाद करते हुए बताया कि वर्ष 2016 में लागू दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम ने दिव्यांगजनों को समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की है। इस अधिनियम के तहत 21 प्रकार की दिव्यांगताएं मान्य हैं, जिनमें दृष्टिहीनता, श्रवणबाधिता, मानसिक रोग, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर, प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, बौद्धिक अक्षमता, पार्किंसन रोग जैसे विकार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत किया गया है, सरकारी नौकरियों में 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत आरक्षण लागू है। 18 वर्ष तक निशुल्क शिक्षा का प्रावधान है, और 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को पेंशन दी जाती है। केंद्र सरकार द्वारा स्पेशल ओलंपिक्स के तहत बौद्धिक दिव्यांग एथलीटों को प्रथम स्थान के लिए 20 लाख, द्वितीय स्थान के लिए 14 लाख और तृतीय स्थान के लिए 8 लाख रुपए नकद पुरस्कार भी प्रदान किए जाते हैं।

इस अवसर पर 27 दिव्यांगजनों को डॉ. मल्लिका नड्डा एवं डॉ. राजीव बिंदल ने सम्मानित किया। बिलासपुर से दीपक (स्कीइंग गोल्ड), शिव और शालिनी, ऊना से अंचल, कुल्लू से गिरधन (सिंकिंग गोल्ड), सोलन से अभिशेष, रिया, अविनाश, भाविक, अमन रघुवंशी एवं प्रवण, कांगड़ा से आकृति, अरविंद, डिंपल, रोहित, अनु, निखिल तथा शिमला से हर्षिता एवं अक्षय नेगी को सम्मानित किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय अहिंसा सप्ताह का राजगढ़ कॉलेज में समापन



राजगढ़ कॉलेज में प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते शिक्षक।

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय अहिंसा सप्ताह का समापन आज राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस सप्ताह के दौरान अहिंसा, सत्य और शांति के आदर्शों को आत्मसात करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत 30 सितंबर 2025 को कविता वाचन प्रतियोगिता से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के जीवन, विचारों और अहिंसा के सिद्धांतों पर आधारित प्रेरणादायक कविताएं प्रस्तुत कीं। इसमें ईशा ने प्रथम, तेजस्वी ने द्वितीय और रीतिक तथा नम्रता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दीपक, रचित और अभिषेक की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया।

एक अक्तूबर को निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विषय था 'अहिंसा शांति की सार्वभौमिक कुंजी'। इस प्रतियोगिता में पायल सरोल्टा को प्रथम, नेहा मेहता को द्वितीय और संचिता शर्मा को तृतीय स्थान मिला। 4 अक्तूबर को नारा लेखन प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें नेहा मेहता ने प्रथम, नूतन ठाकुर ने द्वितीय और मीनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र वर्मा ने कहा कि अहिंसा केवल एक नैतिक सिद्धांत नहीं, बल्कि जीवन का मूल दर्शन है।

## न्यूज ब्रीफ

### 400 बच्चों ने ड्राइंग व पेंटिंग कॉम्पीटिशन में लिया हिस्सा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** संत निरंकारी मिशन की ओर से चंडीगढ़ के संत निरंकारी सत्संग भवन, सैक्टर 30 में ड्राईंग व पेंटिंग कॉम्पीटिशन का आयोजन हुआ जिसमें चंडीगढ़ की सभी स्थानीय ब्रांचों के लगभग 400 बच्चों ने हिस्सा लिया जिनकी आयु 5 साल से 16 साल तक थी। इस कॉम्पीटिशन की शुरुआत चंडीगढ़ ज़ोन के ज़ोनल इंचार्ज श्री ओपी निरंकारी जी ने निरंकार प्रभु का सिमरण करके किया। इस अवसर पर उनके साथ चंडीगढ़ के संयोजक नवनीत पाठक जी और सभी एरिया के मुखी भी मौजूद थे। ओपी निरंकारी जी ने बच्चों को आर्शीवाद देते हुए कहा कि आप सभी बच्चे बहुत भाग्यशाली हो जो इतने उत्साह से इस ड्राईंग व पेंटिंग कॉम्पीटिशन में हिसा ले रहे हो। चंडीगढ़ के संयोजक श्री नवनीत पाठक जी ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ आध्यात्मिक व मानवता की सेवा के गुणों को बच्चों के जीवन में उतारने के लिए इस ड्राइंग व पेंटिंग कॉम्पीटिशन का आयोजन किया गया है।

### एमसीएम में उभरते आईटी रुझान पर करवाई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन्स विभाग ने चंडीगढ़ प्रशासन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा नवीकरणीय ऊर्जा विभाग (डीएसटी एवं आरई) के सहयोग से 'इमर्जिंग ट्रेंड्स इन आईटी: चैलेंजिज़ एंड ऑपोर्ट्यूनिटी' विषय पर 30 घंटे की कार्यशाला का आयोजन किया। पाँच दिवसीय इस कार्यशाला का संचालन टीसीआईएल-आईटी चंडीगढ़ के विशेषज्ञ प्रशिक्षक मनोज और अनुप राणा ने किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को डाटा साइंस, प्रोग्रामिंग तथा मशीन लर्निंग जैसी अत्याधुनिक दक्षताओं से सुसज्जित करना था। प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हुए उन्हें विश्लेषणात्मक एवं विज़ुअलाइज़ेशन टूल्स के माध्यम से वास्तविक जीवन की चुनौतियों का समाधान करना सिखाया गया। समापन अवसर पर अपने संबोधन में कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने विभाग द्वारा आयोजित इस व्यवसायोन्मुख और कौशल-वर्धक पहल की सराहना की।

### एसबीआई ने राहत कोष में दिया योगदान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को आज भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष में 1.55 करोड़ रुपये का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पवार भी उपस्थित रहे । यह राशि एसबीआई के कर्मचारियों द्वारा राज्य में चल रहे बाढ़ राहत कार्यों में सहयोग हेतु एक दिन के वेतन को एकत्र कर प्रदान की गई। एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक श्री कृष्ण शर्मा, महाप्रबंधक (हरियाणा) श्री नीरज भारती और उप महाप्रबंधक श्री काजल भौमिक द्वारा मुख्यमंत्री को राशि का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने देश के सबसे बड़े बैंक, एसबीआई, द्वारा हरियाणा प्रदेश के नागरिकों के प्रति उदार योगदान और निरंतर सहयोग की सराहना की।

### मंडियों से 720025.68 मीट्रिक टन धान की हुई खरीद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में खरीफ खरीद सीजन 2025 - 26 के दौरान किसानों के खातों में अब तक 543.66 करोड़ की अदायगी उनके बैंक खातों में सीधे स्थानांतरित की जा चुकी है। इस तरह सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान सुनिश्चित किया है। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से धान की खरीद की जा रही है। राज्य में अब तक मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत 63356 किसानों से धान की खरीद की गई है। हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने आज यहाँ जानकारी देते हुए कहा कि अब तक राज्य भर की मंडियों में कुल 892943.07 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। विभिन्न जिलों की मंडियों से अब तक 310821.24 मीट्रिक टन धान का उठान हो चुका है। अब तक मंडियों से 720025.68 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। प्रवक्ता ने बताया कि खरीफ खरीद सीजन 2025 के दौरान 22 सितंबर से अब तक धान की सबसे अधिक खरीद खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से की गई है। विभाग ने अब तक 425680.39 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। वहीं हैफेड ने अब तक 209796.67 मीट्रिक धान की खरीद की है।

# वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव के अवसर पर भगवान वाल्मीकि शोभायात्रा आयोजक कमेटी चंडीगढ़ प्रदेश की ओर से शनिवार को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा रामदरबार फेज 2 भगवान वाल्मीकि मंदिर से आरंभ होकर शहर के विभिन्न इलाकों से होती हुई एक विशाल सत्संग समारोह में संपन्न हुई।



कार्यक्रम का शुभारंभ कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन विकास कुमार चंडालिया, वाइस चेयरमैन कमलजीत सिंह सिद्धू, संयोजक समदर्श वेद (जोसेफ), सहसंयोजक ईश्वर आदिकाल, प्रधान महासचिव ओमपाल सिंह चावर और महासचिव जसबीर कुमार टांक की अगुवाई में हुआ।

इस अवसर पर कई राजनीतिक और सामाजिक हस्तियां भी मौजूद रहीं, जिनमें प्रमुख रूप से इंदौर से रोहिणी घावरी के पिता शिवघावरी मुख्य मेहमान, भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के युवा नेता विक्रम धवन, हिमाचल प्रदेश के सह प्रभारी संजय टंडन, पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन कुमार बंसल मनीष बंसल,पूर्व मेयर हरफूल कल्याण, राजेश कालिया, कुलदीप कुमार ढलोड, कांग्रेस पार्टी के सचिव केशो राम पारचा, पूर्व पार्षद भारत कुमार, सुभाष तमोली, यूनियन और सोसायटी डोर टू डोर ग्रार्बेज ड्राइवर यूनियन के प्रतिनिधि विनय बोहत, डोर टू डोर गार्बेज कलेक्टर चंडीगढ़ प्रधान धर्मवीर राणा , संजेव राही,भगवान वाल्मीकि मंदिर फेस 2 के प्रधान राजीव ऋषिपाल बत्रा और अध्यक्ष कृष्ण कुमार हिस्सा लिया।

### महिलाओं की कलश यात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

**शोभायात्रा** में महिलाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। ज्योति हंस, अनीता चड्ढा, सोनिया चढ़ा, ममता राणा, बबीता चंडालिया और अनीता लोहरे के नेतृत्व में निकली कलश यात्रा में करीब 704 महिलाओं ने हिस्सा लिया, जिसने पूरे माहौल को भक्ति और आस्था से सराबोर कर दिया।

### शोभायात्रा का मार्ग में जगह-जगह स्वागत

**शोभायात्रा** रामदरबार फेस 2 से शुरू होकर सेक्टर-31/32, सेक्टर-30/20 लाइट प्वाइंट, इनर मार्केट सेक्टर 21, 22, 23, 24 और सेक्टर 25 तक पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए लगभग 20 स्थानों पर पानी, प्रसाद के स्टॉल लगाए गए। चेयरमैन और वाइस चेयरमैन का जगह-जगह फूलों और नोटों की मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

# नगर भ्रमण पर निकले साईं बाबा, शिव तांडव से मचा धमाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सेक्टर 29 स्थित श्री साईं धाम द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी साईं बाबा की भव्य विशाल पालकी शोभा एवं रथ यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें राजू राजस्थानी, हिसार वालों ने अपनी टीम के साथ हैरतअंगेज करतबों से सजी शिव लीलाएं प्रस्तुत कीं, जो आज का सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र रहीं। मंदिर की कमेटी के अध्यक्ष रमेश कालिया ने बताया कि आज बाबा की मध्याह्न आरती के बाद दोपहर 1 बजे पालकी शोभा यात्रा मंदिर परिसर से शुरू हुई जो सेक्टर 30, 20, 21, 22, अरोमा लाइट पॉइंट से सेक्टर 35, 34, 33 व 32 के लाइट पॉइंट से होते हुए वापिस मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। मंदिर में पालकी शोभा एवं रथ यात्रा के विश्राम लेने के बाद अटूट भंडारा बरताया गया।



# शुभम चौधरी बने भारत पैरा पॉवर लिफ्टिंग के वाइस प्रेजिडेंट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ के शुभम चौधरी को पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया (पीसीआई) में वाइस प्रेजिडेंट-पैरा पावरलिफ्टिंग तथा ज्वॉइंट सेक्रेटरी वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 की ऑर्गेनाजिंग कमेटी के रूप में नियुक्त किया गया है। यह चैंपियनशिप आगामी वर्ष नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी।



पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया (पीसीआई) के प्रेसिडेंट देवेंद्र झाझरिया और इंडिया पैरा पावरलिफ्टिंग (पीसीआई) के चेयरमैन जेपी सिंह (आईआरएस) ने शुभम चौधरी को इस नई जिम्मेदारी के लिए सम्मानित किया। अपनी दूरदृष्टि और ऊर्जा के साथ, उनसे उम्मीद है कि वे भारत के पारा खेलों को मजबूत करने और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे। वहीं, वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के ज्वाइंट सेक्रेटरी के रूप में वे इस बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजन की रणनीति और संचालन से जुड़ी योजनाओं में अहम भूमिका निभाएंगे। यह प्रतियोगिता 100 से अधिक देशों के खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ आयोजित की जाएगी।

### संस्कृति का अनूठा संगम बना सूरजकुंड दिवाली मेला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सूरजकुंड दिवाली मेला केवल स्वदेशी उत्पादों और हस्तशिल्प तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत को भी जीवंत बना रहा है। मेला में लोक कलाकार पारंपरिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से आगंतुकों का मन मोह रहे हैं और उन्हें प्राचीन संस्कृति के गौरवशाली अतीत से भी जोड़ रहे हैं।

कार्यक्रमों में नगाड़ा पार्टी, बीन पार्टी आदि की हरियाणवी लोक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को परम्परागत और उत्साहपूर्ण बना दिया है। दर्शक भी तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। इन्हीं कलाकारों में से रोहतक से आया महिला लोक कलाकारों का आरती समूह प्राचीन लोक गीतों से लोगों का ध्यान अपनी और आकर्षित कर रहा है।

# विकास कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से समय पर करें पूरा : सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से तय समय सीमा में पूरा किया जाए। साथ ही, जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ धरातल पर हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए अधिकारी हर 15 दिन में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज यहां विकास एवं पंचायत विभाग और ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं को लेकर एडीसी, जिला परिषद के सीईओ, डीडीपीओ और पंचायती राज के कार्यकारी अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार भी उपस्थित रहे।

नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि 500 वर्ग गज तक की शामलात भूमि पर अनाधिकृत रूप से निर्मित मकानों का नियमितीकरण करने के कार्यो मे तेजी लाने के लिए ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की बैठकों का आयोजन किया जाए।

इसके अलावा, पात्र लोगों को जागरूक करने के लिए ग्राम पंचायतों में मुनियादी करवाई जाए। अगले तीन सप्ताह के अंदर ग्राम सभा की बैठकों का आयोजन कर इसके तहत केसों का निपटान सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त, जिन जिलों के केस अप्रूव हो चुके है उनकी रजिस्ट्रीयां जल्द करवाई जाए।

### जीएसटी दरों में कमी का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं : सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज प्रदेश के व्यापारियों से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार द्वारा कम की गई जीएसटी दरों का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की जनता को जीएसटी दरों में सुधार के माध्यम से बहुत बड़ा फायदा मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारियों की जिम्मेदारी बनती है कि वे जीएसटी बचत उत्सव को आम जनमानस तक पहुंचाने में सहभागी बनें। करों में कटौती से न केवल व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि उपभोक्ता भी सस्ते दामों पर वस्तुओं व सेवाओं का लाभ उठा पाएंगे। सस्ते दाम, बढ़ता व्यापार और मजबूत अर्थव्यवस्था, यही जीएसटी उत्सव की मूल भावना है।

## देश-विदेश

# बिहार में भाजपा ने एक या दो चरणों में चुनाव कराने की मांग रखी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक, भाजपा ने एक या दो चरणों में चुनाव कराने की मांग रखी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आज शनिवार को चुनाव आयोग ने बिहार के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उनके साथ चर्चा की। इस दौरान सभी दलों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव और मांग को चुनाव आयोग के सामने रखा।




**चुनाव आयोग की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक**

भाजपा ने चुनाव आयोग के सामने 16 सूत्री मांग और सुझाव रखे हैं। बैठक के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि भाजपा ने एक या दो चरणों में चुनाव कराने की मांग की है। भाजपा ने इस दौरान मतदाता सूची की तैयारी पारदर्शी एवं बेहतर तरीके से करने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग को बधाई दी।

भाजपा ने चुनाव आयोग से कहा है कि बिहार के कई विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्र धार्मिक स्थलों में स्थित हैं। बार-बार आयोग को इस संबंध में निवेदन करने के बाद भी इन मतदान केंद्रों को नहीं बदला जा रहा है। ये सभी मतदान केंद्र आज से 30 वर्ष पूर्व से बने हुए हैं। पहले इन इलाकों में कोई भी सरकारी भवन एवं स्कूल-कॉलेज नहीं हुआ करते थे। अब सभी जगहों पर मतदाताओं के निकट स्कूल और कॉलेज हो गए हैं। चुनाव के पूर्व इन सभी मतदान केंद्रों की जांच कर नए सरकारी भवन में मतदान केंद्र बनाने की मांग रखी है। भाजपा ने मतदाताओं को चुनाव प्रारंभ होते ही वोटर स्लिप सही तरीके से बांटने की मांग की है ताकि मतदाता उसे लेकर मतदान केन्द्र पर पहुंच सकें। भाजपा ने चुनाव के एक दिन पूर्व विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय पैरामिलिट्री फोर्स का फ्लैग मार्च कराने की भी मांग रखी तथा चुनाव के दिन जिला और विधानसभा क्षेत्र का बोर्डर सील कराने की मांग की। भाजपा ने स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए मतदान केन्द्र पर किसी भी तरह के ढके हुए चेहरे वाले मतदाताओं के चेहरे का मिलान स्वीकृत पहचान पत्र से करने और पहचान सुनिश्चित करने के बाद ही उन्हें मतदान की अनुमति देने की बात की है।

### पाकिस्तान में 4.5 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पाकिस्तान में शनिवार तड़के 1:59 बजे रिक्टर स्केल पर 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंपीय केंद्र के अनुसार भूकंप के केंद्र की गहराई 10 किलोमीटर में रही।

इससे पहले 2 अक्तूबर को भी कराची में 3.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। इसका केंद्र मलिर के उत्तर-पश्चिम में 7 किलोमीटर दूर था। खबर लिखे जाने तक विस्तृत जानकारी नहीं मिली है। लगातार भूकंप के झटकों ने क्षेत्र में चिंता बढ़ा दी है। संबंधित एजेंसियां स्थिति की निगरानी कर रही हैं।

# कोलंबियाई सीनेट के अध्यक्ष से राहुल की मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस के विदेश प्रमुख सैम पित्रोदा ने बताया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कोलंबिया के सीनेट अध्यक्ष से मुलाकात की। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने पेरू के साथ एक संसदीय मैत्री समूह के शुभारंभ का भी उल्लेख किया, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच गहरे राजनीतिक, कूटनीतिक और वाणिज्यिक संबंधों को बढ़ावा देना है। उन्होंने लिखा राहुल गांधी के साथ कोलंबियाई सीनेट के अध्यक्ष लिडियोस गार्सिया से मुलाकात की। पेरू के साथ संसदीय मैत्री समूह की शुरुआत से हमारे देशों के बीच गहरे राजनीतिक, कूटनीतिक और वाणिज्यिक संबंध बनेंगे। राहुल गांधी के साथ पेरू पहुँचने के बाद, पित्रोदा ने देश में पारंपरिक स्वागत की एक तस्वीर साझा की। राहुल गांधी के साथ पेरू के लीमा पहुँचकर संगीत, नृत्य और संस्कृति से भरपूर हार्दिक पारंपरिक स्वागत हुआ।

यह दोस्ती का एक सचमुच भावुक कर देने वाला भाव है। कोलंबिया में रहते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय ऑटोमोबाइल ब्रांड बजाज, हीरो और टीवीएस के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ये कंपनियां भाई-भतीजावाद के बजाय नवाचार के माध्यम से कोलंबिया में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने ट्वीट किया बजाज, हीरो और टीवीएस को कोलंबिया में इतना अच्छा प्रदर्शन करते देखकर गर्व हुआ। यह दर्शाता है कि भारतीय कंपनियां भाई-भतीजावाद से नहीं, बल्कि नवाचार से जीत सकती हैं। बहुत बढ़िया काम। इस बीच, उनकी टिप्पणी की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीखी आलोचना की है।

# ट्रंप का आदेश : अमेरिका का झंडा जलाया तो होगी जेल

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को दो एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। पहले ऑर्डर में बिना पैसे जमा किए आरोपियों को रिहा करने (कैशलेस बेल) की व्यवस्था खत्म की गई। वहीं, दूसरे में अमेरिकी झंडा जलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का प्रावधान किया गया है। ट्रम्प के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के मुताबिक, अमेरिकी झंडा जलाने वालों को जेल में डालने और अगर वे इमिग्रेंट (विदेशी नागरिक) हैं, तो उन्हें देश से निकालने की बात कही गई है।

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 1989 में 5-4 के फैसले से कहा था कि झंडा जलाना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के तहत आता है, लेकिन ट्रम्प ने अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी से कहा है कि वे ऐसा मामला खोजें, जिससे इस फैसले को चुनौती दी जा सके। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक, 2 महीने पहले लॉस एंजिलिस में प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी झंडे जलाकर, मेक्सिकन झंडे लहराए थे, जिससे ट्रम्प नाराज हो गए थे।

लॉस एंजिलिस में प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने अमेरिकी झंडा जलाकर उस पर थूका था। लॉस एंजिलिस में प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने अमेरिकी झंडा जलाकर उस पर थूका था। एक प्रदर्शनकारी कार के ऊपर खड़ा होकर मेक्सिको का झंडा लहरा रहा था। एक प्रदर्शनकारी कार के ऊपर खड़ा होकर मेक्सिको का झंडा लहरा रहा था। ट्रम्प ने लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड्स तैनात कर दिए थे, जो प्रदर्शनकारियों को रोक रहे थे। ट्रम्प ने लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड्स तैनात कर दिए थे, जो प्रदर्शनकारियों को रोक रहे थे। अमेरिका में कैशलेस बेल के तहत, जज बिना पैसे जमा कराए आरोपियों को रिहा कर सकते हैं। ट्रम्प ने इस व्यवस्था को बहुत लचीला बताया और इसे खत्म करने का आदेश दिया। उन्होंने पाम बोंडी से उन राज्यों और शहरों की पहचान करने को कहा है, जहां कैशलेस बेल लागू है।

### इंफाल हवाई अड्डे पर 21.36 किलो नशीला पदार्थ बरामद, दिल्ली आ रहे दो यात्री हिरासत में

**एजेंसी, इंफाल ।** मणिपुर के इंफाल हवाई अड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने अपनी सतर्कता से बड़ी कामयाबी हासिल की है। शुक्रवार को घरेलू उड़ान से दिल्ली जाने वाले दो यात्रियों के सामान से 21.36 किलोग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया गया। दोनों यात्रियों को हिरासत में लेने के बाद स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया। सीआईएसएफ की टीम ने नियमित जांच के दौरान एक्स-रे बैगेज इंस्पेक्शन सिस्टम (एक्स-बीआईएस) के जरिए संदिग्ध सामान का पता लगाया। इंफाल के बीरेन सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तैनात कर्मियों ने दो यात्रियों के बैग में असामान्य वस्तु देखी। इसके बाद दोनों को सामान की गहन जांच के लिए अलग किया गया। जांच में उनके बैग से 21.36 किलो नशीला पदार्थ मिला। सीआईएसएफ ने तुरंत कार्रवाई करते हुए यात्रियों और उनके सामान को जब्त कर लिया। दोनों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए इंफाल पुलिस को सौंप दिया गया। सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उनकी टीम हवाई अड्डों की सुरक्षा और नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान में पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### दशहरे पर लोगों का सोने से भंग हुआ मोह आसमान छूती कीमतों से गिरी डिमांड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, इस दशहरे पर सोने की मांग में भारी गिरावट देखी गई और पिछले साल इसी त्यौहार के दौरान 24 टन की तुलना में बिक्री 25% घटकर 18 टन रह गई। यानी कहा जा सकता है कि इस दशहरा पर लोगों का मोह सोने से भंग हो गया। दरअसल, मांग में आई गिरावट की मुख्य वजह सोने की आसमान छूती कीमतें भी रहीं। इतना ही नहीं दिवाली के मौके पर इसकी कीमतों में और भी इजाफा हो सकता है। मार्केट एक्सपर्ट का कहना है कि यह तेजी अभी खत्म नहीं हुई है, और दिवाली से पहले ही सोने की कीमत 1.22 लाख रुपये तक पहुंच सकती है।

### अमेरिका में 27 वर्षीय भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या, मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रहा था मृतक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमेरिका के डलास में एक 27 वर्षीय भारतीय छात्र की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई है। हैदराबाद निवासी चंद्रशेखर पोल कल रात एक गैस स्टेशन पर पार्ट-टाइम काम कर रहे थे, तभी एक अज्ञात बंदूकधारी ने उनकी हत्या कर दी। चंद्रशेखर टेक्सास में डेंटल सर्जरी में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रहे थे। हैदराबाद से डेंटल सर्जरी में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद, वह 2023 में उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका चले गए थे। बीआरएस विधायक सुधीर रेड्डी और पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने हैदराबाद में छात्र के घर जाकर उसके परिवार से मुलाकात की। उन्होंने इसे एक दुखद घटना बताते हुए सरकार से पोल के शव को अमेरिका से वापस लाने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया।

# यूक्रेन पर रूसी हमला, ट्रेन पर भीषण बमबारी, 30 घायल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से चल रहे संघर्ष में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। वहीं लाखों लोगों को बेघर होना पड़ा। दूसरी ओर ज्यादा ध्यान देने वाली बात ये भी है कि इस संघर्ष के जल्द खत्म होने के अभी दूर-दूर तक कोई आसार भी नहीं दिख रहे है। ऐसे में एक बार फिर रूस ने यूक्रेन पर जोरदार हमला किया। रूसी ड्रोन हमले में यूक्रेन के सुमी क्षेत्र के एक रेलवे स्टेशन पर कम से कम 30 लोग घायल हो गए हैं। इस बात की जानकारी यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की ने दी। उन्होंने इस हमले को क्रूर बताते हुए कहा कि संघर्ष की शुरूआत से ही रूस ने बार-बार यूक्रेन की रेलवे लाइन को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि अब तक कम से कम 30 लोग घायल हुए हैं, जिनमें यात्री और रेलवे कर्मचारी शामिल हैं।

रूस के इस भीषण हमले में चेरनिहिव के पास ऊर्जा केंद्रों को नुकसान पहुंचा, जो रूस की सीमा के करीब उत्तर में एक शहर है। इस वजह से लगभग 50,000 घरों में बिजली गुल हो गई, जैसा कि क्षेत्रीय बिजली ऑपरेटर चेरनिहिवोब्लेनेरगो ने बताया। रात के समय हमले से कई आग लग गई, लेकिन उन्होंने तुरंत यह नहीं बताया कि क्या नुकसान हुआ है।

## राजनीतिक बदलाव

### सत्तारूढ़ एलडीपी ने साने ताकाइची को चुना नया नेता

# जापान को मिलने जा रही पहली महिला प्रधानमंत्री

**एजेंसी, टोक्यो**

जापान को पहली बार महिला प्रधानमंत्री मिलने जा रही हैं। जापान की सत्तारूढ़ लिब्रल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) ने साने ताकाइची को अपना नया नेता चुना है।



अगर ताकाइची प्रधानमंत्री बनती हैं, तो उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, जिनमें जापान की बूढ़ी होती आबादी और बढ़ते आप्रवासन को लेकर असंतोष शामिल हैं। अलजजीरा की खबर के अनुसार सानेताका इची को जापान की सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) का नेतृत्व करने के लिए चुना गया है। वे जापान के इतिहास में देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनने की संभावना रखती हैं। ताकाइची ने शनिवार को हुए रन-ऑफ वोट में पूर्व प्रधानमंत्री जुनिचिरो कोइजुमी के बेटे शिंजिरो कोइजुमी को हराया। पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार को बहुमत नहीं मिला था। 44 वर्षीय कोइजुमी अगर जीत जाते तो वे एक सदी से अधिक समय में सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री होते।

### 1955 से लगातार सत्ता में है एलडीपी

**ताकाइची** अगर प्रधानमंत्री बनती हैं तो सबसे पहले उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि 1955 से लगभग लगातार सत्ता में रही एलडीपी फिर से मतदाताओं को एकजुट कर सके। जापान की एक अन्य उभरती हुई पार्टी सानसेतो है, जो अन्य लोकलुभावन आंदोलनों की तरह आप्रवासन को चुपचाप आक्रमण कहती है और आने वाले नए आप्रवासियों को कई समस्याओं का दोषी मानती है। ऐसे में ताकाइची और कोइजुमी एलडीपी के अभियान में उन मतदाताओं को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे थे।

### ताकाइची के सामने चुनौतियां

**ताकाइची** के सामने कई चुनौतियां हैं। उन्होंने पहले अर्थव्यवस्था के मामले में क्रामक मौद्रिक ढील और बड़े वित्तीय व्यय का समर्थन किया है, जो उनके मेंटर पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की नीतियों के समान है। लेकिन चुनाव अभियान के दौरान उन्होंने अपनी स्थिति में कुछ नरमी दिखाई और यासुकुनी युद्ध मंदिर की नियमित आगंतुक होने के बावजूद चीन के प्रति अधिक मध्यम रुख अपनाया है। एलडीपी के पारंपरिक पंख से आने वाली ताका इची के नेतृत्व में जापान में महिला नेतृत्व की खुशी जल्द निराशा में बदल सकती है।

### सूडान में 77 लाख लोग भुखमरी की चपेट में

**एजेंसी, जुबा ।** दक्षिण सूडान में भारी बारिश के कारण आई व्यापक बाढ़ से 19 लोगों की मौत हो गई और छह राज्यों के 26 काउंटी में 639,225 लोग प्रभावित हुए हैं. संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय ने शुक्रवार को कहा कि 16 काउंटी में लगभग 1,75,000 लोगों ने बाढ़ से बचने के लिए ऊंचे स्थानों पर शरण ले रहे हैं. रिपोर्ट में कहा गया, 'मलेरिया, श्वसन संक्रमण और दस्त के बढ़ते मामलों के साथ स्वास्थ्य जोखिम बढ़ रहे हैं.' न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, 11 काउंटी में सांपों के काटने के 144 और 3,391 कुपोषण के मामले सामने आए हैं। कम से कम 121 स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हुई हैं।

वैश्विक चैरिटी संस्था सेव द चिल्ड्रन की ओर से कहा गया कि दक्षिण सूडान में अनुमानित 14 लाख लोग इस साल बाढ़ के खतरे का सामना कर रहे हैं। अक्तूबर और नवंबर में औसत से ज्यादा बारिश का अनुमान है। इसके ठीक एक दिन बाद बाढ़ के प्रकोप को लेकर रिपोर्ट जारी की। सेव द चिल्ड्रन ने जलजनित बीमारियों और सांप के काटने के मामलों में वृद्धि की सूचना दी है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### बीबीएल में अश्विन, सिडनी थंडर करेगी निजी सुरक्षा का इंतजाम

**एजेंसी, सिडनी।** रविचंद्रन अश्विन को बिग बैश लीग टीम सिडनी थंडर निजी सुरक्षा प्रदान करेगी चूंकि ओलंपिक एरेना मैदान पर टीम के अभ्यास सत्र के दौरान भारतवंशी क्रिकेट प्रेमियों के उमड़ने की संभावना है। समझा जाता है कि अश्विन अपने साथ निजी टीम भी लेकर आयेंगे जो उनके यूट्यूब चैनल के लिये सिडनी थंडर के साथ उनके बीबीएल के सफर को कैमरे में कैद करेंगे। पिछले साल बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान एडीलेड ओवल पर भारतीय टीम के अभ्यास सत्र को देखने के लिये करीब 5000 भारतीय प्रशंसक पहुंच गए थे जिससे सुरक्षा का मसला खड़ा हो गया था। बीबीएल टीम इससे बचना चाहती है। 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' के अनुसार,'' भारत के अनुभवी स्पिनर के अभ्यास करने और खेलने के दौरान सुरक्षा का मसला हो सकता है। न्यू साउथ वेल्स में सिडनी ओलंपिक पार्क खुला मैदान है जहां भारतीय प्रशंसक अभ्यास के दौरान अश्विन को घेर सकते हैं।'' इसमें कहा गया,'' सिडनी थंडर ने क्रिकेट आस्ट्रेलिया से बात की है कि भारत के इस बेहद लोकप्रिय क्रिकेटर की सुरक्षा के क्या उपाय होने चाहिये। अश्विन को आस्ट्रेलिया में निजी सुरक्षा दी जा सकती है।'' अश्विन जनवरी में तीन से पांच मैच खेलेंगे और अगर सिडनी थंडर क्वालीफाई करती है तो फाइनल भी खेलेंगे। क्रिस गेल को सिडनी थंडर के साथ खेलने के दौरान रहने के लिये आलीशान पेंटहाउस दिया गया था। यह पूछने पर कि क्या अश्विन को भी दिया जायेगा, टीम के महाप्रबंधक ट्रेंट कोपलैंड ने कहा,'' हम सुनिश्चित करते हैं कि उन्हें और सभी विदेशी खिलाड़ियों को यहां बिताए गए अपने समय का पूरा आनंद आएगा।''




### दिल्ली के वरिष्ठ फुटबॉल प्रशासक एनके भाटिया का हुआ निधन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के वरिष्ठ फुटबॉल प्रशासक एनके भाटिया का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को यहां निधन हो गया। भाटिया उम्र से जुड़ी परेशानियों से जूझ रहे थे और उन्हें शहर के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। फुटबॉल दिल्ली के उपाध्यक्ष रहे भाटिया ने दिल्ली में खेल की बेहतरी के लिए अथक काम किया। वह दिल्ली फुटबॉल संघ के सचिव भी थे। वह अखिल भारतीय फुटबॉल महसंघ की स्थायी समितियों में विभिन्न पदों पर रहे। सत्तर के दशक से खेल प्रशासन में सक्रिय भाटिया दिल्ली फुटबॉल संघ के सचिव और कोषाध्यक्ष रहे। उनके पद पर रहते दिल्ली में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट हुए। भाटिया यह सुनिश्चित करते थे कि खेल पत्रकारों को समय पर मैच का ब्योरा मिल जाए। इसके साथ ही अक्सर प्रिंट मीडिया के दफ्तर में विज्ञप्ति देने खुद पहुंच जाते थे। पत्रकारों के साथ अपने निजी और दोस्ताना संबंधों के कारण उनका अलग ही सम्मान था। एआईएफएफ के पूर्व महासचिव शाजी प्रभाकरन ने कहा,'' फुटबॉल दिल्ली के अध्यक्ष के रूप में मेरे कार्यकाल में वह सहयोग के स्तंभ थे और उन्होंने हमेशा सही मार्गदर्शन दिया। वह काफी दरियादिल थे और अक्सर दोस्तों और फुटबॉल समुदाय को अपने घर या स्टेडियम में दावत दिया करते थे। उनका जाना दिल्ली फुटबॉल के लिए अपूरणीय क्षति है।''

### एलिस कैप्सी का बेहतरीन स्टाइल

**इंग्लैंड।** एलिस कैप्सी क्रिकेट जगत की उभरती हुई स्टार हैं जो अपनी युवा आकर्षण और प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं। उनकी प्राकृतिक सुंदरता और ऊर्जावान उपस्थिति उन्हें देखने लायक सबसे खूबसूरत महिला क्रिकेटरों में से एक बनाती है।




### भारत के खिलाफ पाकिस्तान बहुत पीछे : पूर्व विकेटकीपर सबा करीम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व विकेटकीपर सबा करीम का मानना है कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान बहुत पीछे है। विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में दोनों टीमों का सामना कल यानी 5 अक्टूबर को कोलंबो में होना है। इस मुकाबले से पहले शुक्रवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर और जियोस्टार एक्सपर्ट सबा करीम ने मीडिया-डे के दौरान दैनिक भास्कर के सवाल पर कहा, दोनों टीमों के प्रदर्शन में काफी अंतर है। इसलिए मुझे लगता है कि भारत की ताकत इसी से पता चलती है। उन्होंने आगे कहा, हमारे पास एक बहुत ही मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप है। हमारा टॉप ऑर्डर बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इसके साथ ही मैं मिडिल ऑर्डर से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करता हूं। हरमन का फॉर्म अच्छा है, लेकिन रन उतने नहीं बन रहे जितने बनने चाहिए। हमारी बॉलिंग यूनिट, खासकर हमारे स्पिनर बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके अलावा हमने 15 मेंबर्स स्कॉड में कई अच्छे ऑलराउंडर चुने हैं। तो ये तीन-चार फैक्टर हैं जो मैच का रिजल्ट तय करेंगे। सबा करीम ने कहा, ऐसे हाई-वोल्टेज मुकाबले में खिलाड़ी दबाव महसूस करते हैं। लेकिन अगर हम अपने पास मौजूद सभी रिसोर्सेस की तुलना पाकिस्तान से करें तो पाकिस्तान भारत से बहुत पीछे है। सबा करीम ने कहा, भारत की टीम परिस्थितियों और विरोधी टीम के हिसाब से अपने प्लेइंग इलेवन में बदलाव करने के लिए तैयार रहती है। रेणुका सिंह को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया जा सकता है, लेकिन टीम मैनेजमेंट अंतिम फैसला विरोधी टीम और मैदान की स्थिति को देखकर लेगा। भारत ने टूर्नामेंट में अपने पहले मैच में श्रीलंका को 59 रन से हराया था और फिलहाल पॉइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर है।पाकिस्तान के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड भी शानदार रहा है।

## टेस्ट सीरीज — भारत ने आठवीं बार पारी के अंतर से हराया

# वेस्टइंडीज को 140 रनों से दी मात

**एजेंसी, अहमदाबाद**

एजेंसी, अहमदाबाद
भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट में अपना दबदबा कायम रखा और पहले मैच में पारी और 140 रनों के अंतर से जीत दर्ज की। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने तीसरे दिन ही जीत हासिल कर ली।

भारत ने दिन के खेल की शुरुआत से पहले अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 448 रन पर घोषित की थी और 286 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी। वेस्टइंडीज की टीम शनिवार को पूरे दो सत्र भी बल्लेबाजी नहीं कर सकी और उसकी दूसरी पारी 146 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत ने इस तरह दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है।




### भारत की पहली पारी

**भारत** ने केएल राहुल, ध्रुव जुरेल और जडेजा के शतकों से पहली पारी में विशाल स्कोर खड़ा किया था और बढ़त लेने में सफल रही थी। गिल और राहुल ने दूसरे दिन बल्लेबाजी की शुरुआत की थी। शुभमन गिल ने जहां अर्धशतक लगाया, वहीं राहुल ने पहले सत्र में शतक पूरा किया था। राहुल 197 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 100 रन बनाकर आउट हुए। राहुल और गिल के पवेलियन लौटने के बाद जुरेल और जडेजा ने भारतीय पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को जमकर परेशान किया। इस दौरान जुरेल के बल्ले से करियर का पहला टेस्ट शतक निकला। जुरेल 210 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 125 रन बनाकर आउट हुए। जुरेल के आउट होने के बाद जडेजा ने भी गियर बदला और तेजी से खेलते हुए अपने टेस्ट करियर का छठा शतक पूरा किया। जडेजा अंत तक क्रीज पर टिके रहे और दूसरे दिन नाबाद रहकर पवेलियन लौटे थे। जडेजा ने 176 गेंदों पर छह चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 104 रन बनाए।

### जडेजा का ऑलराउंड प्रदर्शन

**भारत** के लिए अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने इस मैच में बल्ले के बाद गेंद से भी दम दिखाया। जडेजा ने पहली पारी में नाबाद शतक लगाया था और दूसरी पारी में उन्होंने चार विकेट लिए। जडेजा का साथ सिराज ने निभाया और वह तीन विकेट अपने नाम करने में सफल हुए। वहीं, कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने दो और वाशिंगटन सुंदर को एक विकेट मिला। जसप्रीत बुमराह दूसरी पारी में एक भी सफलता हासिल नहीं कर सके।
भारत और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा और अंतिम मुकाबला 10 अक्तूबर से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा।

### दो सत्र में ही निपटी वेस्टइंडीज की पारी

**इस** मैच में वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी दोनों पारी में खराब रही और तीनों दिन भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा रहा। वेस्टइंडीज के लिए दूसरी पारी में एलिका अथानाजे ने सबसे ज्यादा 38 रन बनाए, जबकि जस्टिन ग्रीव्स ने 25, जेडन सील्स ने 22, जोहान लेन ने 14, जॉन कैंबेल ने 14, तेगनारायण चंद्रपॉल ने 8, ब्रेंडन किंग ने 5, रोस्टन चेज ने 1 और शाई होप ने 1 रन बनाए। वहीं, खैरी पियरे 13 रन बनाकर नाबाद लौटे। वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी दूसरी पारी में इतनी खराब रही कि टीम सिर्फ चार घंटे ही भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक सकी।

## पाक के खिलाफ दबदबा बरकार रखने उतरेगी भारतीय महिला टीम




**एजेंसी, कोलंबो**

हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय महिला टीम का सामना रविवार को महिला वनडे विश्व कप के अपने दूसरे मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। दोनों देशों के बीच रिश्ते पिछले कुछ महीनों से काफी तनावपूर्ण चल रहे हैं, ऐसे में इसका प्रभाव मैदान पर भी दिख सकता है।

हाल ही में पुरुष एशिया कप के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच तीन बार मुकाबला हुआ और तीनों ही मैचों में विवाद देखने मिला। भारतीय महिला टीम भी पुरुष टीम की तरह नो हैंडशेक नीति अपनाएगी और मैच के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाएगी।

### रेणुका सिंह को मिल सकता है मौका

**हरमनप्रीत** कौर की टीम पूरे आत्मविश्वास के साथ इस मुकाबले में उतरेगी। भारत की ताकत उसकी बल्लेबाजी है लेकिन मजबूत टीमों के खिलाफ बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। बांग्लादेश और पाकिस्तान के मैच में कोलंबो की पिच से काफी सीम मिल रही थी लिहाजा भारत तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को उतार सकता है जो पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीड के जरिये चोट के बाद लौटी हैं। वह हालांकि अभ्यास सत्र में लय में नहीं दिखीं। पाकिस्तान को सारे मैच एक ही मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा लेकिन भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ उसे जीत के लिए चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा।

### मुक्केबाज हुसामुद्दीन, भावना और पार्थवी ने जीते मुकाबले

**एजेंसी, चेन्नई।** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सेना के मोहम्मद हुसामुद्दीन ने बीएफआई कप एलीट पुरुष मुक्केबाजी टूर्नामेंट के पहले दौर में हर्ष को 5-0 से हराया। महिला वर्ग में अंडर 22 एशियाई कांस्य पदक विजेता भावना शर्मा (रेलवे) ने सिमरन को 48 से 51 किलोवर्ग में 3-2 से मात दी। वहीं, राजस्थान की पार्थवी ग्रेवाल ने रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने पर जीत दर्ज की। इस तरह हुसामुद्दीन, भावना और पार्थवी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। इस टूर्नामेंट से स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को एलीट राष्ट्रीय शिविर में जगह मिलेगी।

### कियारा ने लंबी कूद टी-47 स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इक्वाडोर की कियारा रोड्रिग्ज ने इंडियनऑयल नई दिल्ली पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2025 में लगातार चौथी बार महिलाओं की लंबी कूद टी-47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

कियारा ने 6.29 मीटर की छलांग लगाई, जबकि हंगरी की पेट्रा लुटेरन (5.98 मीटर) ने रजत और डेनमार्क की ब्योर्कर नोएरेमाकर (5.84 मीटर) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारत की निमिषा सुरेश चक्कुंगलपरम्बिल ने 5.74 मीटर की छलांग के साथ एशियाई रिकॉर्ड बनाया, लेकिन बेहतर प्रदर्शन न कर पाने के कारण पोडियम से चूक गई और चौथे स्थान पर रहीं।

कियारा इससे पहले 100 मीटर टी-47 में भी स्वर्ण जीत चुकी हैं और तिहरा पदक हासिल करने की कोशिश में हैं। इस बीच, अमेरिका के माइकल ब्रैनिगन ने पुरुषों की 1500 मीटर टी-20 और ईरान के अली बाजियारशूरिजेह ने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। पदक तालिका में ब्राज़ील (12 स्वर्ण) शीर्ष पर कायम है।

### पेगुला सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी अमेरिकी

**एजेंसी, बीजिंग**

जेसिका पेगुला चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अमेरिका की तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं।

पेगुला ने एम्मा नवारो को हराया और अंतिम चार में जगह बनाई। पांचवीं वरीयता प्राप्त पेगुला ने शुरुआत में छह सेट प्वाइंट गंवाए, लेकिन अगले दो सेट में उन्होंने दबदबा बनाया और 6-7 (2), 6-2, 6-1 से जीत हासिल की। पेगुला का सामना अब लिंडा नोसकोवा से होगा जिन्होंने ब्रिटेन की सेनाय कार्टल को 6-3, 6-4 से हराया। पेगुला ने कहा, मैंने खुद से कहा कि ज्यादा निराश मत हो और सिर्फ शांत बनी रहो। मैंने रिलेक्स होने की कोशिश की और गेम प्लान पर आगे बढ़ने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। इससे मुझे खुलकर खेलने का मौका मिला।



**नवारो को हराया अब नोसकोवा से सामना**

20 साल की नोसकोवा डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले चेक गणराज्य की युवा खिलाड़ी हैं। एक अन्य सेमीफाइनल में गत चैंपियन कोको गॉफ का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त अमांडा एनिसिमोवा से होगा।

### रजत पाटीदार को मिली मप्र रणजी टीम की कमान

**अनंत ज्ञान, इंदौर**

मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) ने आगामी रणजी सीजन के लिए अनुभवी बल्लेबाज रजत पाटीदार को टीम का कप्तान नियुक्त किया है।

इंदौर के इस होनहार क्रिकेटर ने अपने प्रदर्शन से न केवल घरेलू क्रिकेट में बल्कि आईपीएल में भी अलग पहचान बनाई है। अब वे पहली बार रणजी ट्रॉफी में एमपी टीम की कमान संभालते नजर आएंगे।



#### 15 से होगा मुकाबला

**रणजी** सीजन का पहला मुकाबला 15 अक्तूबर से इंदौर के एमरल्ड हाइट्स स्कूल मैदान में खेला जाएगा। इस मैच में मध्यप्रदेश और पंजाब की टीमें आमने-सामने होंगी। क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह मैच खास रहेगा, क्योंकि अपने ही शहर के मैदान पर कप्तान के रूप में रजत पाटीदार की यह पहली बड़ी जिम्मेदारी होगी।

#### एमपी क्रिकेट के लिए नई उम्मीद

**रजत** पाटीदार की कप्तानी में एमपी टीम से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। एमपीसीए के अधिकारियों और प्रशंसकों का मानना है कि उनके नेतृत्व में टीम एक बार फिर रणजी खिताब की दौड़ में मजबूती से वापसी करेगी। टीम के युवा खिलाड़ियों को भी रजत के अनुभव से प्रेरणा और मार्गदर्शन मिलेगा।

#### इंदौर से आईपीएल तक का सफर

**रजत** पाटीदार का क्रिकेट सफर इंदौर से शुरू हुआ था। उन्होंने अपनी मेहनत और प्रदर्शन के दम पर आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से शानदार खेल दिखाया और टीम को कई अहम मुकाबलों में जीत दिलाई। उनकी जिम्मेदार बल्लेबाजी और स्थिरता ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई।

### प्रज्ञानानंद चौथे स्थान पर, कारुआना बने चैंपियन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद 2025 ग्रैंड शतरंज टूर फाइनल्स में अपना अभियान चौथे स्थान पर खत्म किया और 40,000 डॉलर की राशि अर्जित की।

20 वर्षीय इस खिलाड़ी को तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में अनुभवी ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, जहां अर्मेनियाई स्टार ने लगातार तीन जीत के बाद तीन गेम शेष रहते जीत हासिल की।

हार के बावजूद, प्रज्ञानानंद का एलीट चार-खिलाड़ियों के फ़ाइनल में पहुंचना उनके बेहतरीन प्रदर्शन को दर्शाता है, क्योंकि वे विश्व स्तरीय ग्रैंडमास्टर फेबियानो कारूआना, ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वचियर-लाग्रेव और अरोनियन जैसे दिग्गजों के साथ खड़े हुए। शीर्ष तीन में जगह बनाकर, इन तीनों ने 2026 ग्रैंड शतरंज टूर में अपनी जगह पक्की कर ली।



खिताब कारुआना के नाम रहा, जिन्होंने वाचियर-लाग्रेव से पहला गेम हारने के बाद शानदार वापसी की। अमेरिकी खिलाड़ी ने लगातार तीन जीत हासिल कर मैच पर कब्ज़ा जमा लिया।

आखिरी गेम में वाचियर-लाग्रेव ने लगभग प्लेऑफ में जगह बना ली थी, लेकिन दबाव में एक बड़ी चूक ने कारुआना को खिताब और 150,000 डॉलर का शीर्ष पुरस्कार जीतने में मदद की। लाग्रेव को 100,000 डॉलर मिले, जबकि अरोनियन को 60,000 डॉलर मिले।

### कोको चाइना ओपन सेमीफाइनल में हारीं

**एजेंसी, बीजिंग।** अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ की चाइना ओपन में खिताब बचाने की उम्मीदें शनिवार को समाप्त हो गई। सेमीफाइनल में उनकी हमवतन और तीसरी वरीय अमांडा एनिसिमोवा ने उन्हें 58 मिनट के भीतर सीधे सेटों में 6-1, 6-2 से मात दी।

गॉफ, जिन्होंने पिछले साल चाइना ओपन का खिताब जीता था, इस बार अपनी लय में नजर नहीं आई और एनिसिमोवा ने आक्रामक खेल दिखाते हुए उन्हें कोई मौका नहीं दिया। अमांडा ने शानदार सर्विस और बेसलाइन से ताकतवर शॉट्स खेलकर मुकाबले पर पूरी तरह से नियंत्रण बनाए रखा।

इस जीत के साथ अमांडा एनिसिमोवा ने फाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना पांचवीं वरीय जेसिका पेगुला और लिंडा नोसकोवा के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। गॉफ की इस हार से टूर्नामेंट का खिताबी समीकरण और भी दिलचस्प हो गया है क्योंकि एनिसिमोवा इस समय बेहतरीन फॉर्म में दिखाई दे रही हैं और फाइनल में उनके खेल पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी।

### महिला विश्व कप से बाहर हुईं फ्लोरा डेवोनशायर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर चोट के कारण महिला विश्व कप 2025 से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हन्ना रोवे को टीम में शामिल किया गया है।

डेवोनशायर को ट्रेनिंग के दौरान फील्डिंग करते समय बाएं हाथ में चोट लगी थी। इस चोट को ठीक होने में करीब 2 से 3 हफ्ते लग सकते हैं। स्पिन ऑलराउंडर डेवोनशायर पहली बार विश्व कप खेल रही थीं, जबकि उनकी जगह शामिल की गईं हन्ना रोवे दो वनडे विश्व कप में खेल चुकी हैं और अब तक न्यूजीलैंड की ओर से 60 वनडे मैचों में हिस्सा ले चुकी हैं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने एक बयान में कहा, हम सभी फ्लोरा के लिए दुखी हैं। उन्होंने कड़ी मेहनत कर इस टीम में जगह बनाई थी और अफसोस है कि उनका सफर इतनी जल्दी खत्म हो रहा है। हालांकि हमें खुशी है कि हन्ना जैसी अनुभवी खिलाड़ी टीम से जुड़ रही हैं। भले ही वह फ्लोरा जैसी ऑलराउंडर नहीं हैं, लेकिन उनका अनुभव और कौशल टीम के लिए अहम साबित होगा।

हन्ना रोवे 7 अक्टूबर को इंदौर में टीम से जुड़ेंगी और गुवाहाटी के लिए यात्रा करेंगी।

## वनडे / टी20 टीम — श्रेयस अय्यर होंगे उपकप्तान, कोहली टीम में शामिल

# रोहित की जगह गिल बने वनडे कप्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे और टी20 टीम का ऐलान कर दिया है। रोहित शर्मा की जगह शुभमन गिल को भारतीय वनडे टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि श्रेयस अय्यर वनडे में टीम के उपकप्तान होंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 19 अक्तूबर से वनडे सीरीज खेली जाएगी। अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति ने शनिवार को टीम की कप्तानी पर बड़ा निर्णय लिया है। रोहित शर्मा अब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सिर्फ पूर्णकालिक बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे। वहीं, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को भी इस दौरे के लिए टीम में चुना गया है। भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा 19 अक्तूबर से पहले वनडे के साथ शुरू होगा। सीरीज के अगले दो मुकाबले 23 और 25 अक्तूबर को खेला जाएंगे। इसके बाद 29 अक्तूबर से आठ नवंबर तक पांच मौचों की टी20 सीरीज होगी।




रोहित और कोहली ने भारत के लिए आखिरी मुकाबला चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में खेला था। ये दोनों खिलाड़ी टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे में ही खेलते हैं। हालांकि, टीम अब रोहित के बजाए गिल की कप्तानी में खेलने उतरेगी। मालूम हो कि रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद गिल को ही लाल गेंद के प्रारूप की कप्तानी सौंपी गई थी।

### विराट की वापसी, श्रेयस का प्रमोशन

**ऑस्ट्रेलिया** दौरे के लिए जो टीम चुनी गई है उसमें कोहली को भी शामिल किया गया है। कोहली मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद पहली बार भारत के लिए खेलते दिखेंगे। रोहित और कोहली के फैंस उन्हें एक बार फिर भारतीय जर्सी में देखने के लिए उत्साहित होंगे। वहीं, श्रेयस अय्यर का प्रमोशन हुआ है और उन्हें वनडे टीम का उपकप्तान बनाया गया है। श्रेयस वनडे टीम के अहम खिलाड़ी हैं और अब वह लीडरशीप की भूमिका में भी नजर आएंगे।

### हार्दिक-पंत और बुमराह को जगह नहीं

**ऑस्ट्रेलिया** के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए हार्दिक पांड्या, ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह को टीम में जगह नहीं मिली है। हार्दिक एशिया कप फाइनल से पहले चोटिल हो गए थे जिस कारण उन्हें वनडे और टी20 दोनों टीम में शामिल नहीं किया गया है। हार्दिक की फिटनेस पर अगरकर ने अपडेट देते हुए बताया कि हार्दिक पूरी तरह फिट नहीं हैं जिस कारण उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में नहीं चुना गया है। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान चोटिल हुए ऋषभ पंत भी फिटनेस के कारण इस दौरे के लिए जगह नहीं बना पाए हैं। दूसरी तरफ, वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में खेल रहे जसप्रीत बुमराह को वनडे सीरीज के लिए आराम दिया गया है, जबकि टी20 सीरीज के लिए टीम में उन्हें चुना गया है।

### मैच जीतने पर टॉस में हारने का नहीं पड़ता फर्क : गिल

**एजेंसी, अहमदाबाद**

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में पारी और 140 रन से जीत दर्ज करने के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने टॉस में अपनी लगातार खराब किस्मत को नजरअंदाज करते हुए कहा कि उन्हें अपनी टीम से हर विभाग में इस तरह की शानदार प्रदर्शन से ज्यादा कुछ नहीं चाहिए।

दो मैचों की इस शृंखला के लिए टीम में उपकप्तान की भूमिका निभा रहे रविंद्र जडेजा ने नाबाद शतक जड़ने के बाद चार विकेट झटके जिससे भारत ने तीन दिन के अंदर ही मैच अपने नाम कर लिया। गिल ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा,'' मैं लगातार छह बार टॉस हारा हूं लेकिन जब तक हम मैच जीत रहे हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। ईमानदारी से कहूं तो यह हमारे लिए एक 'परफेक्ट' मैच था। तीन शतक लगे, हम क्षेत्ररक्षण में शानदार थे तो मुझे इससे कोई शिकायत नहीं है।'' गिल ने बल्लेबाजी के लिए बेहतरीन बताया और शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सराहना की।

उन्होंने कहा, ''जब भी आप अच्छी शुरुआत करते हैं, तो इस पिच पर रन बनाना आसान था। मैं अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सका लेकिन मैं शतक लगाने वालों के लिए बहुत खुश हूं।'' गिल टीम स्पिन विभाग में कई विकल्प होने को अच्छी परेशानी मानते हैं। उन्होंने कहा, ''जब आपके पास इतने बेहतरीन स्पिनर हो तो कई बार सबका पूरा इस्तेमाल करना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा, ''इस टीम में अच्छी बात यह है कि कोई ना कोई खिलाड़ी अपने योगदान से मैच में बड़ा अंदर लाने के लिए तैयार रहता है। उन्होंने कहा, ''बल्लेबाजी ही हमारी मुख्य समस्या है।